आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 98, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारतीय महिला टीम ने जीती श्रृंखला 15
अमिताभ ने अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी 16

खुद को हिंदू कहने वाले करते हैं हिंसा की बात

धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर लोकसभा में हुआ भारी हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जोरदार हमले किए। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलने उठे राहुल गांधी की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी तीखी नोकझोंक हुई। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत हाथ में संविधान की कॉपी लेकर की, लेकिन बीच भाषण में ही उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर दिखाते हुए जो टिप्पणी की, उस पर सदन में हंगामा हो गया। राहुल ने कहा, खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा की बात करते हैं। राहुल गांधी ने जब भाजपा पर यह आरोप लगाया तो प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ने पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहा है।

दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को फिर से लोकसभा और राज्यसभा का सत्र शुरू हुआ तो केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर संगठित हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अग्निवीर सैनिक 'यूज एंड थ्रो' मजदूर बन गए हैं। राहुल ने भाजपा पर युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों में डर पैदा करने का आरोप लगाया।

नीट-यूजी में अनियमितता का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने एक पेशेवर परीक्षा को व्यावसायिक परीक्षा में तब्दील कर दिया है। अब छात्रों को नीट की परीक्षा पर विश्वास नहीं रहा। राहुल गांधी ने भाषण के दौरान भगवान शंकर की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि मोदीजी ने अपने भाषण में एक दिन कहा था कि हिंदुस्तान ने कभी किसी पर हमला नहीं किया। इसका कारण है। हिंदुस्तान अहिंसा का देश है, यह डरता नहीं है। शिवजी कहते हैं- डरो मत, डराओ मत और त्रिशूल को जमीन में गाड़ देते हैं। दूसरी तरफ जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वे 24 घंटे हिंसा-हिंसा..नफरत-नफरत करते हैं। आप हिंदू हो ही नहीं। राहुल गांधी के बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना ठीक नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'नेता विपक्ष ने कहा है कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं, वो हिंसा करते हैं। इनको मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग अपने आप को गर्व से हिंदू कहते हैं, क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं। उन्हें (राहुल) माफी मांगनी चाहिए।

भगवान शिव की तस्वीर दिखाने पर अध्यक्ष ने रोका

राहुल ने अपने भाषण के दौरान भगवान शिव की तस्वीर दिखाई। स्पीकर ओम बिरला ने रोका और एक मिनट रुकने के लिए कहा। बिरला ने कहा कि आपने सवाल उठाया। आपके माननीय सदस्यगण 352 का नियम बता रहे थे। आपने कहा कि नियम प्रक्रिया से सदन चलना चाहिए। नियम में कोई भी प्लेकार्ड या तस्वीर नहीं दिखाया जा सकता। राहुल ने सवाल किया, ''क्या इस सदन में शिवजी की फोटो दिखाना मना है? अगर मैं कह रहा हूं कि मुझे इनसे प्रोटेक्शन मिली, लेकिन आप मुझे रोक रहे हैं। मैं इस तस्वीर को क्यों लाया, क्योंकि इस तस्वीर में आइडिया टू डिफेंड है। शिवजी के गले में सांप हैं, इसके पीछे का मकसद है किसी से डरना नहीं चाहिए।

प्रधानमंत्री-गृहमंत्री ने कहा-पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना आपत्तिजनक

रक्षा मंत्री राजनाथ बोले- अग्निवीर पर सदन को गुमराह कर रहे नेता प्रतिपक्ष

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना पर भी तीखे हमले किए। कहा कि एक बारूदी सुरंग से एक अग्निवीर शहीद हुआ। मैं उसे शहीद कह रहा हूं, लेकिन भारत सरकार और नरेंद्र मोदी उसे शहीद नहीं कहते, उसे अग्निवीर कहते हैं, उसे पेंशन नहीं मिलेगी। उस घर को मुआवजा नहीं मिलेगा। शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। राहुल गांधी के भाषण के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल सदन को गुमराह कर रहे हैं। युद्ध के दौरान या सीमा सुरक्षा के दौरान मौत होने पर अग्निवीर के परिजन को एक करोड़ रुपये दिए जाते हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी को झूठ न बोलने की नसीहत दी। अगर अपने बयान का सत्यापन नहीं करते हैं तो उन्हें सदन, देश और अग्निवीरों से माफी मांगनी चाहिए।

दुनियाभर में फैले करोड़ों हिन्दुओं से माफी मांगें राहुल गांधी : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिन्दुओं को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राहुल गांधी ने अपने निंदनीय बयान से भारत माता की आत्मा को लहुलुहान करने का कार्य किया है, इसके लिए उन्हें दुनियाभर में फैले करोड़ों हिन्दुओं से माफी मांगनी चाहिए। सोमवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग ये मानते थे कि हो सकता है कि नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी परिपक्व होंगे, मगर खेद होता है कि उनका बयान अभी बचकाने से उबर नहीं पाया है। एक अपरिपक्व बुद्धि का व्यक्ति ही इस प्रकार का बयान देगा। हिन्दू भारत का मूल समाज है, भारत की आत्मा है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान

जुलाई में सामान्य से अधिक होगी बारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश में जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल तरीके से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरे देश में जुलाई की औसत बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है जो लंबी अवधि के औसत (एलपीए) 28.04 सेमी से 106 प्रतिशत अधिक रह सकती है।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि पश्चिमी तट को छोड़कर उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। मध्य भारत, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और पश्चिमी तट पर सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है जबकि उत्तर-पश्चिम के कुछ हिस्सों और मध्य भारत के आस-पास के इलाकों और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने का अनुमान है।

बादल फटने का नतीजा नहीं थी दिल्ली में बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पिछले हफ्ते दिल्ली में हुई भारी बारिश बादल फटने का नतीजा नहीं थी। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने 28 जून को सुबह 5 से 6 बजे के बीच 91 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की। इसी तरह, लोधी रोड मौसम केंद्र ने सुबह 5 बजे से 6 बजे तक 64 मिमी और सुबह 6 बजे से 7 बजे तक 89 मिमी बारिश दर्ज की। इन घटनाओं को बादल फटने की घटना नहीं कहा जा सकता।

एक नजर

सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के परिणाम सोमवार को घोषित कर दिए गए। यह परीक्षा 16 जून को आयोजित की गई थी। यूपीएससी ने कहा कि अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा के अंक, कटऑफ अंक व उत्तर कुंजी सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

प्राइज फॉर फिक्शन की सूची में दो भारतीय

नई दिल्ली। दो भारतीय लेखकों और एक भारतीय मूल के लेखक की पुस्तकें 'एशियन प्राइज फॉर फिक्शन' की चयन सूची में शामिल हुई हैं। यह पुरस्कार वैश्विक साहित्यिक परिदृश्य को आकार देने वाली विविध आवाजों का सम्मान करता है। अरेफा तहसीन की 'विच इन द पीपल ट्री', मृणालिनी हरचंदराय की 'रेस्क्यूइंग अ रिवर ब्रिज' और नेपाली-भारतीय लेखिका स्मृति रवींद्र की 'वूमन हू क्लाइंब्ड ट्रीज' शामिल हैं।

सीबीआई की गिरफ्तारी को कोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली। आबकारी घोटाला मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी और विशेष अदालत के केंद्रीय जांच एजेंसी को उन्हें हिरासत में देने के आदेश के साथ ही गिरफ्तारी को उचित बताने की टिप्पणी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल बंद केजरीवाल को 26 जून को औपचारिक तौर पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

मेधा पाटकर को पांच माह की जेल, 10 लाख जुर्माना

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को 23 साल पुराने मानहानि के मामले में सोमवार को पांच महीने जेल की सजा सुनाई। यह मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दायर किया था जब वह गुजरात के अहमदाबाद में एनजीओ (काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज) के प्रमुख थे। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर पर 10 लाख का जुर्माना भी लगाया।

एनआईए ने दी रशीद को शपथ लेने की सहमति

नई दिल्ली। एनआईए ने 2019 से तिहाड़ जेल में बंद कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद को 5 जुलाई को सांसद के तौर पर शपथ लेने के लिए सोमवार को विशेष अदालत के समक्ष सहमति दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह इस पर मंगलवार को आदेश पारित करेंगे।

नीट-यूजी पुनः परीक्षा के घोषित किए गए परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए ने संशोधित रैंक की सूची भी जारी की
- 1563 अभ्यर्थियों के लिए कराई गई थी परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित किए और संशोधित रैंक सूची जारी की। एनटीए ने पांच मई को आयोजित की गई परीक्षा में छह केंद्रों पर देरी से परीक्षा शुरू होने के कारण समय के नुकसान की भरपाई के लिए 1,563 परीक्षार्थियों को कृपांक दिए थे। इन्हीं परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद यह संशोधित परिणाम जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 23 जून को सात केंद्रों पर आयोजित की गई पुनः परीक्षा में 1,563 परीक्षार्थियों में से 48 प्रतिशत उपस्थित नहीं हुए थे। एनटीए के अधिकारियों ने बताया कि 1,563 परीक्षार्थियों में से 813 ने दोबारा परीक्षा दी जबकि अन्य ने कृपांक छोड़ने का विकल्प चुना। चंडीगढ़ केंद्र में सिर्फ दो अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी वहां एक भी परीक्षार्थी उपस्थित नहीं हुआ।

प्राथमिकी दर्ज होने पर अब तीन साल के भीतर न्याय

नई दिल्ली, एजेंसी

नए आपराधिक कानून लागू



- गृहमंत्री शाह ने कहा-अब दंड की जगह न्याय प्रदान करने को मिलेगी प्राथमिकता

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गए। इन तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 'इंडियन एविडेंस एक्ट' की जगह ली है। इसके साथ ही न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव की शुरूआत हो गई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर सभी मामलों में सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय मिलेगा। शाह ने उम्मीद जताई कि भविष्य में अपराधों में कमी आएगी और नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होने की संभावना है।

गृहमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिल सकता है। तीनों आपराधिक कानूनों के लागू होने से भारत में दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। उन्होंने कहा कि नए कानून, आधुनिक न्याय प्रणाली को स्थापित करते हैं जिनमें 'जीरो एफआईआर', शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे तरीकों से समन और अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी शामिल हैं। शाह ने बताया कि नए कानून के तहत पहला मामला ग्वालियर में रविवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया।

नए कानून के तहत अमरोहा में दर्ज हुई पहली एफआईआर

- डीजीपी ने कहा पुलिस ने कर रखी थीं पहले से तैयारियां

लखनऊ/अमरोहा। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि बिना किसी दिक्कत के प्रदेश के सभी थानों में नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज की जा रहीं हैं। पहली रिपोर्ट अमरोहा, दूसरी आगरा और तीसरी रिपोर्ट बरेली में दर्ज की गईं। शाम आठ बजे तक 255 एफआईआर और 28 एनसीआर पंजीकृत की गईं। डीजीपी ने बताया कि तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पहले से ही पुलिस ने व्यापक तैयारियां कर रखी थीं। अमरोहा संवाददाता के अनुसार जिले के रहरा थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत सुबह 9 :51 बजे एफआईआर दर्ज की गई है। सोमवार सुबह गांव ढकिया खादर निवासी संजय सिंह के पिता जगपाल उर्फ मंगला धान की पौध लगाने गए थे। उनके पड़ोसी राजवीर ने खेत के चारों ओर बिजली के तार लगा रखे हैं। करंट लगने से जगपाल की मौत हो गई। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मामले में मृतक जगपाल उर्फ मंगला के बेटे संजय सिंह की तहरीर पर राजवीर उर्फ रज्जु और भूप सिंह उर्फ भोलू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

24 जिले अतिसंवेदनशील, सुरक्षा को सतर्क रहें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने की बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा
- जलशक्ति मंत्री व दोनों राज्यमंत्री फील्ड में करें व्यवस्था का निरीक्षण

अमृत विचार : बाढ़ की नजर से 24 अति संवेदनशील और 16 संवेदनशील जिलों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनधन की सुरक्षा के इंतजाम समय रहते कर लेने की हिदायत अफसरों को दी है।

मौसम विभाग के अनुमानों का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने सतर्क किया कि इस साल पर्याप्त वर्षा होगी। नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे जिलों में सतर्कता बनाए रखें। उन्होंने कहा, आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के बेहतर प्रबंधन के लिए बाढ़ बुलेटिन और मौसम का पूर्वानुमान नियमित रूप से जारी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर हुई एक बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के मद्देनजर जारी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की नजर से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। इस साल भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

बाढ़ की नजर से संवेदनशील जिले

बाढ़ की नजर से 24 जिले अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। जिसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील हैं।

पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्र कर लें

मुख्यमंत्री ने कहा है कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्र कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध हो। जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री द्वारा अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें।

टीएमयू में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा

- हरियाणा की अदिति ने तीन सप्ताह पहले किया था ज्वाइन
- गले पर मिले चोट के निशान, शव के पास बरामद हुआ चाकू

अमृत विचार : टीएमयू में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इससे कॉलेज प्रबंधन समेत स्टाफ में हड़कंप मच गया। महिला के गले पर चोट के निशान मिले हैं। मौके से एक चाकू भी मिला है। सूचना पाकर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या मान रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं है, बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

हरियाणा के रेवाड़ी जिले के माडल टॉउन की रहने वाली अदिति मल्होत्रा (31) टीएमयू में पैथोलॉजी डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर थीं। मौत की सूचना पर पहुंचे पिता डॉक्टर नवनीत कुमार ने बताया है कि अदिति ने तीन हफ्ते पहले ही तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में ज्वाइन किया था। वह घर से टीएमयू के लिए रवाना हुई थीं। रविवार शाम अदिति से फोन पर बात हुई थी। वहीं कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि सोमवार सुबह अदिति के परिजनों ने उनको फोन किया, जब फोन नहीं उठा तो उन्होंने कॉलेज स्टाफ के पास फोन कर अदिति से बात कराने को कहा। स्टाफ जब गेस्ट हाउस पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद मिला। खिड़की से झांका तो अदिति लहूलुहान बेड से नीचे पड़ी थी। पुलिस दरवाजा तोड़कर अदिति के कमरे में गई तो शव के पास फर्श पर पड़ा चाकू बरामद हुआ है। गले में चोट के निशान मिले हैं। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि टीएमयू में असिस्टेंट प्रोफेसर अदिति मल्होत्रा की संदिग्ध हालत में मौत हुई है।

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ 30 रुपये सस्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- विमान ईंधन की कीमतों में 1.2% की हुई बढ़ोत्तरी

अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतों के अनुरूप विमान ईंधन की दर में सोमवार को 1.2% की वृद्धि हुई। हालांकि, वाणिज्यिक एलपीजी (19 किग्रा) सिलेंडर की कीमत में 30 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है।

दिल्ली में विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,179.37 रुपये प्रति किलोलीटर या 1.2% बढ़कर 96,148.38 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। एक जून को एटीएफ की दर में 6.5% (6,673.87 रुपये प्रति किलोलीटर) की कटौती हुई थी। मुंबई में एटीएफ की कीमत 88,834.27 रुपये से बढ़ाकर 89,908.30 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत 30 रुपये कमकर 1,646 रुपये प्रति सिलेंडर की है। कीमतों में लगातार चौथी बार कटौती की गई है। इससे पहले एक जून को 69 रुपये कम किए गए थे। एक मई को 19 और एक अप्रैल को 30.5 रुपये प्रति सिलेंडर कम किए गए थे।

पहली बार सूर्य के बेहद करीब पहुंचने की कवायद, नासा का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को देगा अंजाम

इंसान अंतरिक्ष में एक और इतिहास रचने को तैयार

बबलू चंद्रा, नैनीताल



अमृत विचार : इंसान सूर्य के बेहद करीब पहुंचने का इतिहास रचने जा रहा है। अमेरिका के नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को अंजाम देने जा रहा है। पार्कर व सूर्य के बीच दूरी 5.3 मिलियन मील रह जाएगी।

यह पहली बार होने जा रहा है, जब कोई मानव निर्मित उपग्रह सूर्य के इतने करीब पहुंचेगा। पृथ्वी व सूर्य के बीच दूरी 15 करोड़ किलोमीटर है और हम जैसे-जैसे सूर्य के करीब पहुचेंगे, पिघला देने वाला तापमान बढ़ता चला जाएगा। जिस कारण सूर्य के करीब पहुंचना बड़ी चुनौती है। जिसे पार करना दुस्साहस भरा कदम है और पार्कर इस चुनौती को फतह करने जा रहा है। पार्कर का सफर यहीं थमने वाला नहीं है, वह दिसंबर में सूर्य के नजदीक पहुंचने का एक और कीर्तिमान बनाएगा। तब वह सूर्य के इतने करीब पहुंच चुका होगा कि वह लगभग सूर्य को स्पर्श कर चुका होगा और इनके बीच की दूरी सिर्फ 4 मिलियन मील रह जाएगी। यह दूरी इस प्रोब को बुरी तरह झुलसा देने वाली होगी। नासा का कहना है कि अंतिम पेरिहेलियन पर पार्कर सोलर प्रोब सूर्य को स्पर्श करेगा। सूर्य की परिक्रमा करते समय पेरिहेलियन निकटतम दृष्टिकोण का बिंदु है। पार्कर ने अपने पेरिहेलियन के समीप पहुंचने के दौरान करीब और करीब आने के मिशन के दौरान वृद्धिशील कदम उठाए हैं। इसमें 26 नियोजित पेरिहेलियन हैं। पार्कर 800,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से यात्रा कर रहा है। इस अंतरिक्ष यान ने लंबे समय से सूर्य के सबसे करीब पहुंचने और सबसे तेज़ मानव निर्मित वस्तु के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस मिशन का सपना पहली बार 1958 में देखा गया था, जब यूजीन पार्कर ने सौर हवा के अस्तित्व की भविष्यवाणी की थी। 60 साल बाद अगस्त 2018 में यह सपना आखिरकार साकार हुआ। इस मिशन का अंतिम लक्ष्य मात्र छह महीने दूर रह गया है।

छह वर्ष में कई रहस्य किए उजागर

अंतरिक्ष मिशन पार्कर छह वर्षों में सूर्य के अनेक रहस्य उजागर करने में कामयाब रहा है। मिशन के डेटा ने सूर्य के बारे में हमारी समझ, सौर मंडल, अंतरिक्ष मौसम और ब्रह्मांड के अन्य सितारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई है, जो नासा ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी वैज्ञानिकों व खगोल विज्ञानजगत के लिए बेहद उपयोगी हैं।

शहर में आज

☞ चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ सुबह 6:30 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 1:30 बजे।

एक नजर

कई मोहल्लों में ट्रिपिंग से लोग परेशान

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को उमस के बीच सुबह से कई मोहल्लों में बिजली ट्रिपिंग की दिक्कत रही। इससे लोग परेशान हो गए। दोपहर में शाहबाद गेट, ज्वालानगर, पहाड़ी गेट और जेल रोड में तीन घंटे बिजली गुल रही। मोहल्ला पहाड़ी गेट निवासी शहाब खां ने बताया कि सुबह करीब सात बजे शाहबाद गेट, पहाड़ी गेट क्षेत्र में ट्रिपिंग हुई। नौ बजे दोबारा बिजली सुचारु हो सकी। इसके बाद दोपहर करीब दो बजे सप्लाई बाधित हुई जो तीन घंटे बाद आई। इसके अलावा ज्वालानगर और डूंगरपुर क्षेत्र में भी दो बजे से बिजली गुल रही। जो तीन घंटे बाद आई।

मौसम में उतार-चढ़ाव से बढ़े बुखार के मरीज

रामपुर, अमृत विचार : बदलते मौसम के बीच जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को एक हजार से ज्यादा मरीज पहुंचे। पर्चा-दवा काउंटर पर धक्का मुक्की के बीच मरीजों ने दवाई ली। चिकित्सकों के अनुसार सबसे अधिक मरीज वायरल बुखार के आए। बीपी और शुगर के मरीज भी पहुंचे। तापमान गिरने के बाद संचारी रोगों का प्रकोप बढ़ गया है। सोमवार को ओपीडी एक हजार पार हो गई। इनमें करीब 150 मरीज वायरल के थे। डा. दशरथ सिंह ने बताया कि मौसम बदल रहा है ऐसे में सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है।

पुलिस अधीक्षक का किया स्वागत

रामपुर, अमृत विचार : भाकियू एकता शक्ति के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र से वार्ता की। इसके बाद उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष डा. उवैस खां ने जनपद में कानून व्यवस्था के बारे में चर्चा की। अप्रिय घटनाओं पर लगाम और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। इस अवसर पर मोहम्मद जुनैद, डा. बिलाल उन नबी, अकमल, बिलाल खां आदि मौजूद रहे।

छोटी-छोटी बातों पर पति-पत्नी के बीच आ रहीं दरार, परिवार परामर्श केंद्र ने एक वर्ष में 296 दंपति का फिर बसाया घर

21वीं सदी में कमजोर होते जा रहे हैं पति-पत्नी के बीच रिश्ते

दीपक सोलंकी, रामपुर

अमृत विचार : 21वीं सदी में पति-पत्नी के बीच रिश्ते कमजोर होते जा रहे हैं। छोटी-छोटी बातों पर दंपति के बीच दरार आ रही है। जिन्दगी भर सात जन्मों तक साथ रहने का वायदा करने वाले पति-पत्नी सात माह तक अपने रिश्तों को निभा पाने में असमर्थ हो रहे हैं। जरा-जरा सी बातों पर मारपीट पर उतारु हो जाते हैं। लेकिन परिवार परामर्श केंद्र समिति इन नाजुक रिश्तों को फिर से जोड़ रही है। ताकि घर बसा रहे।

जून 2023 से जून 2024 तक समिति ने समझौता कराते हुए टूटने की कगार पर पहुंचे 296 घर दोबारा बसाए हैं। जबकि काफी कोशिशों के बाद नहीं मानने पर समिति ने 150 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जरा-जरा सी बातों पर पत्नी का पति पर शक करना या पति का पत्नी पर शक करना तलाक का कारण बन रहा है। मन-मुटाव के साथ हालात मारपीट तक आ जाते हैं। इसके बाद दंपति एक-दूसरे की शक्ल तक देखना पंसद नहीं करते हैं। ऐसे केस कम होने के बजाए बढ़ते जा रहे हैं।

स्थिति यह आ जाती है कि मामला थाने तक पहुंच जाता है। इन केसों में समझौते कराने के लिए महिला थाने में परिवार परामर्श केंद्र बनाया गया है। इसमें शनिवार को दंपति और उनके परिजनों को बुलाकर काउंसलिंग कराई जाती है।

थाने में टीम के साथ मौजूद दंपति। ● फाइल फोटो

जून 2023 से जून 2024 तक परिवार परामर्श केंद्र में 296 मामलों में समझौता कराकर दंपति का दोबार घर बसाया गया है। शिकायत के आधार पर दोनों के परिजनों को बुलाकर उनकी बात सुनने के बाद समझौता कराया जाता है।
–नीशू सिरोही, प्रभारी, परिवार परामर्श केंद्र

तीन तलाक के करीब 45 मामलों में कराया समझौता

नया कानून बनने बाद तीन तलाक के मामले भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसकी शिकायतें लगातार महिला थाने में पहुंच जाती हैं। कुछ शौहर ऐसे होते हैं कि वह अपनी बीवी को तलाक देकर भगा देते हैं। इसकी शिकायतें महिला थाने में की जाती हैं। इसके दंपति को बुलाकर टीम द्वारा समझौता कराया जाता है। एक साल में 45 ऐसे केस आए जिनमें टीम ने दंपति की बातों को सुना और उनके घर बसाए।

100 लव मैरिज के केस भी सामने आए

पहले युवक और युवतियां प्यारी-प्यारी बातें करके एक-दूसरे के साथ जीने-मरने की कसमें खाकर शादी कर लेते हैं। लेकिन चार दिन में ही एक-दूसरे के जानी दुश्मन हो जाते हैं और नौबत मारपीट तक पहुंच जाती है। इतना ही नहीं थाने में एक-दूसरे की शिकायत करते हैं। परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी नीशू सिरोही बताती हैं कि 100 मामले लव मैरिज के भी उनके पास आए। इनमें मामूली बातों को लेकर दंपति झगड़ा कर लेते हैं। उन्हें बैठाकर समझौता कराया जाता है। ताकि उनका घर बसा रहे।

दंपती के बीच होने वाले झगड़ों में परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से समझौता कराया जाता है। दोनों परिवारों के लोगों को बुलाकर काउंसलिग कराई जाती है। ताकि, उनका घर बसा रहे। – अवतार सिंह, काउन्सलर

शराब की लत बन रही मुख्य कारण

मध्यम वर्ग के परिवारों में परिवार टूटने के केस लगातार बढ़ रहे हैं। पहले लड़के पक्ष के लोग युवती पक्ष के लोगों को अच्छी बातों में फंसाकर शादी कर लेते हैं। इसके बाद पैसे की कमी या शराब की लत परिवारों में दरार पैदा कर रही है। मोबाइल को लेकर पति द्वारा पत्नी से मना करने का विवाद भी बढ़ रहा है। मायके पक्ष के ज्यादा हस्तक्षेप के कारण भी दंपति के रिश्ते दरक रहे हैं।

कक्षा आठ से 12 तक के स्कूल खुले

रामपुर, अमृत विचार : गर्मी के अवकाश के बाद माध्यमिक और सीबीएसई के कक्षा आठ से 12 तक के स्कूल सोमवार को खुल गए। बच्चों ने अपने दोस्तों के साथ हाय हैलो के साथ समय बिताया। इस दौरान कुछ पढ़ाई भी की।

गर्मी अवकाश के चलते 30 मई से सीबीएसई और माध्यमिक स्कूलों के अवकाश कर दिए गए थे। इसके बाद बच्चे माता-पिता के साथ छुट्टियों का आनंद ले रहे थे। बहुत से बच्चे नाना-नानी के यहां अवकाश बिताकर आए। इसके बाद स्कूल से दिया गया होमवर्क पूरा किया। कक्षा आठ से लेकर 12 तक के छात्र-छात्राएं बसों और अपने वाहनों के स्कूल पहुंचे। प्रार्थना के बाद बच्चों ने दोस्तों के साथ हाय हैलो करके पूरा दिन बिताया, हालांकि कुछ बच्चों ने क्लास भी अटेंड की। कक्षा एक से लेकर सात तक की कक्षाएं मंगलवार से लगेंगी। इसे लेकर बच्चों ने अपना स्कूल बैग तैयार कर लिया है।

जीना इनायत खां के 30 घरों में पांच दिन से पानी नहीं

भीषण गर्मी में पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे मोहल्लेवासी, पालिका के दावे हवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की अनदेखी के चलते शहर के मोहल्ला जीना इनायत खां के 30 घरों में पांच दिन से पेयजल आपूर्ति ठप है। पालिका के अधिकारियों की ओर से शहरवासियों को निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति दिलाने के दावे हवा हो गए हैं। शहर के जीना इनायत खां मोहल्ले के बाशिंदे पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। पांच दिन से लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचने पर होने वाले हालातों का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। पानी नहीं मिलने से भीषण गर्मी में लोगों का हाल-बेहाल है।

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 38 जीना इनायत खां कसाइयों वाली गली के 30 घरों में 26 जून से पानी की एक बूंद नहीं आई है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि पेयजल आपूर्ति दिलाने के लिए कई बार पालिका के अधिकारियों को भी बताया। मगर विभाग के अधिकारी रटा रटाया जवाब दे रहे हैं कि ओवरहैड टैंक से पेयजल आपूर्ति सुचारु है। क्षेत्र में कोई समस्या नहीं है।

सोमवार को मोहल्ले की कुछ महिलाएं एकत्र होकर पालिका पहुंचीं और पालिकाध्यक्ष से पानी नहीं आने की शिकायत की। महिलाओं ने कहा कि पानी की समस्या तो कई दिन से है, लेकिन 26 जून से तो पानी बिल्कुल भी नहीं आ रहा है। भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति नहीं होने से मोहल्लेवासियों का हाल-बेहाल है। गली-मोहल्ले के लोगों के घरों में लगे हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर हैं। उन्होंने पालिका के अधिकारियों पेयजल आपूर्ति देने के हवा-हवाई दावे करने का आरोप लगाया। शिकायत करने वालों में सायमा, अनम, नादरा, आमना, इलमा, इकरा, अमरीन, नगमा, परवीन, तबस्सुम, गुलशन, मोबीना, सौफिया, नुसरत आदि शामिल रहीं।

शिकायती पत्र लेकर नगर पालिका जातीं मोहल्ला जीना इनायत खां की महिलाएं।

वार्ड नंबर 38 जीना इनायत खां में पेयजल आपूर्ति में आई खराबी को सही कराने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया है। मोहल्लेवासियों की समस्या का जल्द ही समाधान कराया जाएगा। –दुर्गेश्वर त्रिपाठी
ईओ, नगर पालिका परिषद

जीना इनायत खां में पांच दिन से पानी नहीं आने से लोगों हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर हैं। कई बार शिकायत की गई, लेकिन स्थिति जस की तस है। – रशीदा

पालिका के अधिकारी पेयजल आपूर्ति दिलाने के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर रहे है। मोहल्ले में पानी नहीं आने की समस्या कई दिन से है। भीषण गर्मी में बिना पानी के परेशान हैं। – नुसरत

पानी नहीं आने की समस्या तो कई दिन से है। लेकिन पांच दिन से बिल्कुल भी पानी नहीं आ रहा है। भीषण गर्मी में लोगों का हाल-बेहाल है। – सलीम

मोहल्ले में आए दिन की पानी नहीं आने की दिक्कत रहती है। ओवरहेड टैंक की कभी मोटर फुंक जाती है तो कभी वॉल्व में खराबी आ जाती है। क्षेत्रवासी परेशान हैं। – समी

सार संक्षेप

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सपाइयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

रामपुर, अमृत विचार : सांसद मोहिब्बुल्लाह के कैंप कार्यालय प्रानपुर रोड पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर केक भी काटा गया। एक-दूसरे को केक खिलाकर बधाई दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के बेहतर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर नाजिम हुसैन, मकतूब अहमद, महबूब पाशा, बदन सिंह यादव, अनीता यादव, चरन सिंह यादव, दिनेश प्रधान, सल्लन प्रधान, जोगेंद्र सिंह, गुड्डू मियां, मोहम्मद सगीर, तसलीम पहलवान, अरशद पाशा, कल्बे अली, हाफिज नूरी, उस्मान, नासिर अली आदि मौजूद रहे।

अखिलेश यादव के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

बिलासपुर, अमृत विचार : नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सपा के राष्ट्रीय अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान सपाइयों ने पौधरोपण भी किया। सपा के वरिष्ठ नेता तजेंद्र सिंह विर्क ने सपाइयों के साथ नवीन मंडी में पौधरोपण किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया। उधर, सपा नेता मोहम्मद अनस खां के नेतृत्व में केक काट कर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर हाफिज अब्दुल सलाम, अनिता यादव, संजीव यादव, हरिशंकर यादव, आसिफ खां, अमीर अहमद, फुरकान अली, नईम मियां, संजीव वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

बच्चों का रोली लगाकर किया स्वागत

रामपुर, अमृत विचार : स्कूल चलो अभियान के तहत सोमवार को प्राथमिक विद्यालय मड़ैयान पीपला में बच्चों को रोली का टीका लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ चमरौआ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शिव कुमार ने विद्यालय में आने वाले बच्चों का स्वागत स्टाफ सहित रोली तिलक लगाकर व पुष्प भेंट करके किया। इसके बाद फलों का वितरण किया। प्रधानमंत्री के आह्वान पर मां के नाम एक वृक्ष अभियान के तहत विद्यालय की वरिष्ठ रसोइया किशनिया से पौधरोपण भी कराया। विद्यालय में बच्चों के खाने में आलू, पूड़ी, छोले बनवाए गए। इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक चरन सिंह, वर्षा चौधरी, परमेश्वरी प्रसाद, राममूर्ति, सरोज देवी आदि उपस्थित रहे।

स्कूल में पौधरोपण करते शिक्षक।

सामाजिक सरोकार का भी निर्वाह करता है एसबीआई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भारतीय स्टेट बैंक के 69वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। बैंक अधिकारियों ने रक्तदान करने के अलावा पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक चंद्रा ने कहा कि पर्यावरण को संवारने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आह्वान किया है कि अपनी मां के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाएं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी की जिंदगी के बुझते हुए दीए को बचाया जा सकता है।

स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में सोमवार को सर्वप्रथम पौधरोपण का कार्यक्रम क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय परिसर में हुआ। रामपुर एवं संभल जिले की समस्त शाखाओं द्वारा लगभग 500 पौधे रोपित किए गए। कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां हुईं। क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक चंद्रा, मुख्य प्रबन्धक रामपुर देवेश मित्रा, मुख्य प्रबन्धक परिचालन प्रशांत अग्रवाल, मुख्य प्रबंधक ऋ्ा रीतेश श्रीवास्तव एवं समस्त बैंक स्टॉफ ने पौधरोपण किया। जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में बैंक कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक चंद्रा ने स्टाफ को ग्राहक सेवा पर विशेष ध्यान देने के लिए जोर दिया। बैंक के विभिन्न नवीन उत्पादों के बारे में जानकारी दी। कहा कि बैंक नवीन योजनाओं से तरक्की की सीढ़ियां चढ़ रहा है। इसके अलावा बैंक सामाजिक सरोकार का भी निर्वाह करता है। कहा कि पर्यावरण को संवारने के लिए पौधरोपण करना होगा। पॉलीथिन और प्लास्टिक से बचना होगा।

स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में पौधरोपण के दौरान मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

केक काटकर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया और एक दूसरे को केक खिलाकर बधाई दी। सपा नेताओं ने कहा कि आजम खां आज भी लोगों के दिलों पर राज करते हैं।

सोमवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पार्टी कार्यालय दारुल आवाम के बाहर एक हुए और केक काटा। एक-दूसरे को केक खिलाकर खुशियां मनाईं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु और राजनीतिक सफलताओं की कामना की। इस अवसर पर विशेष रूप से पार्टी के महासचिव एवं संस्थापक तथा वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान के अच्छे स्वास्थ्य तथा लंबी आयु के लिए दुआ की गई। नेताओं ने कहा कि मोहम्मद आजम खां पार्टी के संस्थापक सदस्य हैं। वह आज भी लोगों के दिलों पर राज करते हैं। हमें आशा है कि वह शीघ्र हमारे बीच होंगे।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय सागर, पूर्व विधायक विजय सिंह, ओमेंद्र चौहान, वीरेंद्र गोयल, सरदार अमरजीत सिंह, अनुराधा चौहान, मोहम्मद हसन, पूर्व पालिकाध्यक्ष फात्मा जबीं, आसिम राजा, अम्बरीश पटेल, अमित शर्मा, हरज्ञान सिंह यादव, आसिम खान, प्रमोद गंगवार, शानी खान, डॉ. नूर मोहम्मद, आरिफ खान, जफर खान आदि पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दारुल आवाम के बाहर केक काटते सपाई। ● अमृत विचार

अभियान जिलाधिकारी ने तिलक लगाकर किया बच्चों का स्वागत, फूल भी बरसाए

मम्मी-पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सोमवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने रैली निकाली। इसका शुभारंभ जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली ग्राम हजरतपुर में विभिन्न मार्गों पर घूमी और विद्यालय आकर संपन्न हुई। इससे पहले जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ पंक्ति में बैठकर हलवा खाया।

रैली में शामिल बच्चे स्कूल चलो अभियान से संबंधित विभिन्न नारों की तख्तियां एवं पोस्टर-बैनर हाथों में लिए हुए थे और नारे लगा रहे थे। मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ। आधी रोटी खाएंगे, बच्चों को पढ़ाएंगे। स्कूल चलो अभियान रैली के शुभारंभ से पहले जिलाधिकारी ने कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में नए प्रवेश पाए बच्चों पर पुष्प वर्षा की एवं रोली-चावल से तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान रैली के शुभारंभ से पूर्व अशोक का पौधा लगाकर बच्चों को पर्यावरण का महत्व समझाया।

कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में मिड डे मील में बने विशेष व्यंजन हलवा को भी उन्होंने बच्चों के साथ पंक्ति में बैठकर चखा। स्कूल चलो अभियान रैली के बाद उन्होंने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, सैदनगर के खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना, स्टेनो मनमोहन यादव, पन्नालाल, सरफराज अहमद, सबीना मंसूरी, भारत सिंह, अभिनव गुप्ता, डा. मदनपाल, मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, मलखान सिंह, सीमा गौहर, रजिया बेगम, नसरीन बी, रजनी गुप्ता, संगीता यादव, नेहा कश्यप, शहनाज बी, शाजिया बी आदि उपस्थित रहे।

रैली से पूर्व बच्चों पर पुष्प वर्षा करते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

स्पीड ब्रेकर नहीं होने से बच्चों की जान को खतरा

स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर ने होने से बच्चों की जान को खतरा है। विद्यालय के स्टॉफ ने जिलाधिकारी को बताया कि विद्यालय के सामने से गुजर रही सड़क पर कोई स्पीड ब्रेकर नहीं है। वाहन तेजी से निकलते हैं। छुट्टी के समय बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए अगर स्पीड ब्रेकर बन जाएं तो काफी सुविधा होगी। स्टाफ ने कहा कि एक कक्षा कक्ष की भी कमी है। जिलाधिकारी ने शीघ्र ही समस्या के समाधान का अश्वासन दिया है।

शहीद अब्दुल हमीद और अब्दुल कय्यूम को किया नमन

रामपुर, अमृत विचार : ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के कार्यालय पर परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद और अब्दुल कय्यूम अंसारी को पदाधिकारियों ने याद किया।

सोमवार को ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद इदरीसी और अब्दुल कय्यूम को जयंती पर याद किया गया। दोनों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्रदेशाध्यक्ष शाहीन अंसारी ने कहा कि अब्दुल कय्यूम अंसारी और अब्दुल हमीद इदरीसी से प्रेरणा लेकर संगठन समाज के हितों के लिए लड़ाई लड़ रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव मारूफ अंसारी, अफजल अंसारी, अब्दुल कलाम, इलियास सलमानी, अजहर आलम आदि लोग मौजूद रहे।

डीएम ने किया सीएचसी का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टांडा का निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सालय में साफ-सफाई की व्यवस्था सन्तोषजनक मिली। डीएम के निरीक्षण से सीएचसी में हड़कंप मचा रहा।

जिलाधिकारी ने सीएचसी में भर्ती मरीजों एवं तीमारदारों से मिलने वाली सुविधाओं एवं स्टाफ के व्यवहार के सम्बन्ध में जानकारी की। मरीजों और तीमारदारों ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं देखभाल की जा रही है। डीएम ने उप जिलाधिकारी टांडा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को आशाओं की संयुक्त रूप से बैठक कर एएनसी के रजिस्ट्रेशन बढ़ाने की बात कहीं। महिला चिकित्साधिकारियों से परामर्श कर उनकी जांच आदि कराकर उन्हें सुलभ चिकित्सा का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने उप जिलाधिकारी टांडा एवं सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र प्रभारी को चिकित्सालय भवन के सामने अवैध अतिक्रमण हटवाकर वहां पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। चिकित्सालय में निष्प्रोज्य आवासीय भवन एवं वाहनों की नियमानुसार नीलामी आदि की कार्रवाई समय से पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए। निष्प्रोज्य भवन के स्थान पर नवीन आवासीय भवन का प्रस्ताव तैयार कराकर शासन को भिजवाने के लिए कहा। इस दौरान उप जिलाधिकारी टांडा भी मौजूद रहे।

सीएचसी में मरीज से जानकारी लेते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

● वाहनों की नीलामी की कार्रवाई समय से पूर्ण कराने के दिए निर्देश

Resonance®
Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
AIR 6 KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
AIR 7 BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
AIR 8 DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
NEET (UG) Top Rankers
AIR 13 VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
AIR 27 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
AIR 60 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023
upto 100% Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

आज का मौसम

वर्षा होने का अनुमान। आसमान में बादल छाए रहेंगे।

34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:20 | सूर्यास्त 07:16

एक नजर

जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : जानलेवा हमले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया। पटवाई थाना क्षेत्र के गांव लालपुर पट्टी निवासी यादराम और उसके भाई रघुवीर के खिलाफ घर में घुसकर लोगों पर जानलेवा हमला करने का मामला 24 जून को दर्ज हुआ था। इसके बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे। तभी से पुलिस उन्हें तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सोमवार को दोनों आरोपियों को नया गांव मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से दरांती और दांव भी बरामद किया है।

दवा लेने गई किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

किशोरी को अगवा कर गन्ने में खेत में ले गए थे बाइक सवार आरोपी

संवाददाता, दढ़ियाल

अमृत विचार : रविवार की रात दवा लेने जा रही 13 वर्षीया किशोरी का दो युवक जबरन अपहरण करके ले गए। इसके बाद किशोरी को गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। रोती-बिलखती पीड़िता किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

दढ़ियाल चौकी क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि उसकी 13 साल की बेटी रविवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे दवाई लेने के लिए मोहल्ले के ही एक चिकित्सक की क्लीनिक पर गई थी। इस दौरान रास्ते से बाइक सवार दो युवकों ने किशोरी का अपहरण कर लिया। बाइक सवार युवक उसे गन्ने के खेत में ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने किशोरी से घटन के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद दोनों आरोपी वहां से भाग गए। बदहवास हालत में पीड़िता किसी तरह घर पहुंची। उसकी हालत देख परिजनों के होश उड़ गए। किशोरी की आपबीती सुनकर उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। परिजनों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पीड़िता तथा उसके परिजनों से घटना की बाबत पूछताछ की। इसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई। पुलिस ने नगर के मोहल्ला हबीब नगर निवासी जावेद पुत्र शमसुद्दीन और मुस्तफा पुत्र बशरुद्दीन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार ने बताया कि दोनों युवकों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

किशोरी के घर पर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने धार्मिक स्थलों से कराया था एलान

नगर के एक मोहल्ले की 13 वर्षीया किशोरी देर रात साढ़े आठ बजे घर से दवाई लेने के लिए क्लीनिक पर गई थी। जब नौ बजे तक भी वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने किशोरी को कई जगह तलाश किया किया मगर उसका कहीं पता नहीं चला। तब परिजनों ने धार्मिक स्थलों से किशोरी के गुम होने का ऐलान कराया। इसके कुछ देर बाद किशोरी अपने घर पहुंच गई। उसकी हालत देखकर परिजनों के पैरों तले से जमीन खिसक गई।

पुलिस की कार्रवाई की हर तरफ हो रही प्रशंसा

नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली किशोरी का रविवार रात नगर के ही दो युवकों ने अपहरण कर लिया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया था। सूचना पर पहुंची पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई। आरोपियों की तलाश में कई जगह दबिश दी गई। पुलिस ने 12 घंटे में ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार की इस कार्रवाई की हर तरफ प्रशंसा हो रही है।

- टांडा पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट, आरोपी दबोचे

किशोरी का अपहरण करके उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने दोनों को जेल भेज दिया है। किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। –कीर्ति आनंद, सीओ, टांडा

सीओ ने नए फौजदारी कानून की दी जानकारी

टांडा, अमृत विचार : 30 जून की रात 12 बजे पुराना फौजदारी कानून खत्म हो गया। उसकी जगह अब तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गए हैं।

नए कानूनों की जानकारी वकीलों एवं जनता को उपलब्ध कराने के लिए थाने में बैठक हुई। सीओ कीर्तिनिधि आनन्द ने कि नया कानून लागू हो गया है। अब इसी के तहत मामले दर्ज होंगे। किसी को कोई समस्या हो तो वह थाने आकर जानकारी ले सकता है। सोमवार को वकीलों ने भी थाने पहुंचकर नए कानून के बारे में पुलिस से चर्चा की। इस अवसर पर राजकुमार चौहान, अनिल भारद्वाज, दिनेश कुमार चौहान, अब्दुल माजिद और तारिक हुसैन, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी शकील जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुशर्रफ अली, अब्दुल समद, अब्दुल रशीद, सलीम कसगर, नबाब तय्यब, इम्तियाज पहलवान, सभासद तसलीम पहलवान, पालिका अध्यक्ष के पति सरफराज आलम, कस्बा इंचार्ज बलराम सिंह आदि मौजूद रहे।

महिला पर फायर झोंकने में पति समेत चार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मारपीट करने के दौरान तीन माह के गर्भ नष्ट होने का भी आरोप
- ससुरालियों ने महिला की ढाई लाख की एफडी भी हड़पी

अमृत विचार : दहेज में पांच लाख रुपये और कार नहीं मिलने पर पति ने पत्नी पर जान से मारने की नियत से फायर किया। हालांकि महिला बाल-बाल बच गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने अपने पति पर कम उम्र में जबरन संबंध बनाने का आरोप भी लगाया है।

गंज थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि उसके पिता की 32 साल पहले मौत हो चुकी है। मां भी उसे छोड़कर मायके चली गई थी। तब वह करीब डेढ़ वर्ष की थी। वह 10 वर्ष तक अपने दादा के घर रही। बुआ ताहिर बेगम का घर आना-जाना था। बुआ का बेटा फय्याज भी घर आता-जाता था। आरोप है फय्याज 12 वर्ष की उम्र में ही डराकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। विरोध पर निकाह की बात कहता रहा। बुआ उसे जबरन फय्याज के पास भेज देती थी। इस दौरान आरोपियों ने उसकी डेढ़ लाख रुपये की एफडी भी हड़प ली।

पीड़िता के अनुसार चार मार्च 2023 को बुआ ने अपने बेटे फय्याज से उसका निकाह करा दिया था। कुछ समय बाद ससुराल वालों ने उससे दहेज की मांग कर दी थी। मांग पूरी न होने पर उसके साथ आए दिन मारपीट करते थे। छह माह पूर्व पति ने उसके साथ मारपीट की थी। इसमें उसका तीन माह का गर्भ नष्ट हो गया था।

आरोप है कि दो फरवरी को पति ने जान से मारने की नियत से उसके ऊपर फायर किया था, लेकिन वह बाल-बाल बच गई थी। उसने गंज थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने पति फय्याज, सास ताहिरा बेगम, ननद हुमा और शुऐब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्षय रोग विभाग में बैठे रोगी। ● अमृत विचार

क्षय रोग विभाग में डा. विनोद करेंगे तीन दिन ओपीडी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला अस्पताल स्थित क्षय रोग विभाग में डा. विनोद कुमार तीन दिन तक रोगियों की ओपीडी करेंगे। उन्हें दोमहला रोड स्थित नगरीय स्वास्थ्य केंद्र से संबंद्ध किया गया है। ताकि रोगियों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सतवीर सिंह का तबादला सप्ताह भर पूर्व टांडा सीएचसी हो गया है। वह यहां प्रतिदिन 30-40 रोगियों की ओपीडी करते थे। उनका अचानक तबादला होने पर विभागीय अधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी सिंह के निर्देश पर दोमहला रोड स्थित नगरीय स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डा. विनोद कुमार को क्षय रोग विभाग से संबंद्ध कर दिया गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सत्यप्रकाश ने बताया कि मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को वह ओपीडी करेंगे। अन्य दिनों के लिए डा. शरद चंद्र शर्मा रोगियों को देखेंगे।

दहेज उत्पीड़न में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मसवासी, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के मोहल्ला भूबरा निवासी महिला की शादी चार वर्ष पहले उत्तराखंड के काशीपुर स्थित आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी ओंमकार के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। महिला को एक लाख रुपये, डबल बेड, फ्रिज आदि के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर उन्होंने महिला के साथ मारपीट की और बेटे के साथ घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति ओमकार, सास सावित्री, देवर अंकुश, ननद अंशिका और गांव परचई थाना अजीमनगर निवासी रजनी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सभी आरोपी घर से फरार बताए जा रहे हैं।

वेल्डिंग मिस्त्री का एक हत्यारोपी गिरफ्तार

संवाददाता, स्वार

- अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है पुलिस
- पठानों वाला मझरा निवासी समद की कर दी थी पीटकर हत्या

अमृत विचार : रंजिश के चलते दबंगों ने वेल्डिंग मिस्त्री की पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने किशोर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

कोतवाली के गांव पठानों वाला मझरा निवासी 17 वर्षीय समद दो वर्ष पूर्व नगर के मोहल्ला रसूलपुर में किराए पर रह कर वेल्डिंग की दुकान पर काम करता था। समद और मोहल्ले का ही हारून उर्फ छोटे दोस्त थे। तीन दिन पूर्व फोन पर वीडियो देखते उनके बीच कहासुनी हो गई थी। इस पर छोटे रंजिश रखने लगा था। शनिवार की रात लगभग नौ बजे मोहल्ले की दुकान पर समद अपने चाचा तस्लीम के साथ चाय पी रहा था। वहां दोनों में कहासुनी हो गई थी। बाद में उसके भाई आ गए थे। सभी ने समद को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। परिजन उसे उपचार के लिए उत्तराखंड के काशीपुर ले जा रहे थे कि रास्ते में ही समद ने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने हारून उर्फ छोटे, नवाबुल, भूरा, नामे अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

सोमवार को कोतवाल संदीप त्यागी को सूचना मिली कि इस मामले का एक आरोपी भागने की फिराक में रविवार की साप्ताहिक बाजार में किसी वाहन के इंतजार में खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ कर कोर्ट में पेश किया। अदालत ने नाबालिग होने के कारण आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

बरसात में बढ़ा संचारी रोग फैलने का खतरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

रैली को हरी झंडी दिखाते डीसीबी के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी। ● अमृत विचार

- घर में कहीं भी जमा न होने दें बारिश का पानी

अमृत विचार : बरसात में संचारी रोग के फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसलिए सभी अपने आसपास साफ-सफाई रखे और हाथों को बार-बार धोते रहें। पानी को एक जगह एकत्र न होने दें। इसमें मच्छर पनपते हैं। बारिश के साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। इससे सावधानी न बरतने पर मलेरिया भी हो सकता है।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान की रैली को चेयरमैन जिला सहकारी बैंक मोहन लाल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई। अध्यक्ष ने कहा कि अपने गांव-मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखें। आसपास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित है तो उसे तुरन्त इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाएं।

सीएमओ डा. एसपी सिंह ने कहा कि अभियान के तहत ग्रामों, मोहल्लों में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, कचरे का निस्तारण, झाड़ियों की कटाई, कीटनाशक का छिड़काव कराया जाएगा। संचारी रोगों से ग्रसित व्यक्तियों की पहचान कर उनके उपचार की व्यवस्था की जाएगी। दस्तक अभियान में आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बुखार के रोगियों, आईएलआई रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुष्ठ रोग तथा फाइलेरिया रोगियों की सूची बनाई जाए।

इस अवसर पर एसीएमओ डा. संतोष कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्र, सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार रॉय, मलेरिया निरीक्षक रिंकू वर्मा, राइना कौसर, शालिनी गुप्ता, ललित कुमार, अखिलेश कुमार, फाइलेरिया निरीक्षक देवराज सिंह, राजकुमार डैम, जसप्रीत सिंह जस्सी आदि शामिल रहे।

अनदेखी गली-मोहल्लों में दौड़ रहे गैस किट लगे वाहन, किट लगे वाहनों से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

2788 वाहनों का सीएनजी में हुआ पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले में सीएनजी और एलपीजी लगे वाहन धड़ल्ले से गली-मोहल्लों और हाईवे पर दौड़ रहे हैं। जबकि एआरटीओ आफिस में मात्र 2788 वाहनों का सीएनजी में पंजीकरण हुआ है। इससे साफ है कि लोग अपनी जिंदगी के साथ दूसरों की जिंदगी के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

जिले में नियमों को ताक पर रखकर लोग धड़ल्ले से सीएनजी और एलपीजी किट लगे वाहनों को दौड़ा रहे हैं। गैस खत्म होने पर गली मोहल्लों में खुली दुकानों पर जाकर अवैध रूप से सिलिंडर से गैस भरवाकर चल देते हैं। इससे हादसे होने का खतरा बना रहता है। लेकिन वाहन चालक सुधरने को तैयार नहीं हैं। अपने साथ दूसरों की जान के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। बहुत से चालक पैसा बचाने के चक्कर में एलपीजी वाहनों से यात्रियों को दूर तक का सफर करा रहे हैं। एआरटीओ आफिस से मिले आंकड़ों के अनुसार केवल 2788 वाहनों का सीएनजी में पंजीकरण हुआ।

तहसील में खड़े वाहन। ● अमृत विचार

अवैध रूप से गैस से वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कई वाहन सीज भी किए गए हैं। पुराने वाहनों को काफी सख्ती के साथ चेक कराया जा रहा है। –राजेश श्रीवास्तव, एआरटीओ

गैस भरते समय मिलक में हो चुका है हादसा

कुछ माह पहले मिलक में कार चालक परिवार को घुमाने के लिए ले जा रहा था। मिलक में गैस खत्म होने पर वह दुकान पर सिलिंडर से गैस भरवा रहा था कि अचानक आग लग जाने के कारण काफी लोग जल गए थे। जबकि, आरोपी फरार हो गया था। इस प्रकरण में एक महिला की मौत भी हो गई थी। इसके बाद भी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। चोरी-छिपे घरों में सिलिंडर रखकर गैस भर रहे हैं। किसी भी दिन मोहल्ले में बड़ा हादसा हो सकता है। इसमें लोगों की जान भी जा सकती है।

जबकि हाईवे से लेकर गली-मोहल्ले तक में गैस किट लगे वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। इतना ही नहीं कई स्कूलों में भी गैस किट लगे वाहन दौड़ रहे हैं।

कार्यवाहक सेवादार ने बताया जान को खतरा

बिलासपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव पसियापुरा स्थित धार्मिक स्थल को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। रोजाना कोई न कोई नया विवाद पुलिस प्रशासन के सामने आ जाता है। कार्यवाहक सेवादार की वजह से मामला और भी चर्चित बना हुआ है। वाद न्यायालय में विचाराधीन होने की वजह से प्रशासन भी शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील कर रहा है।

इसी बीच सोमवार को कार्यवाहक सेवादार देवेंद्र सिंह फौजी ने उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को शिकायती पत्र भी सौंपा। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग उसकी हत्या करने को षडयंत्र रच रहे हैं। उसकी जान की रक्षा की जाए। दोनों पक्षों के बीच पनप रहा विवाद किसी भी करवट बैठ सकता है। उप जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

जयाप्रदा के आचार संहिता उल्लंघन मामले में बहस पूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पूर्व सांसद जयाप्रदा के केमरी के आचार संहिता उल्लंघन मामले में सोमवार को बहस पूरी हो गई। इस मामले में 11 जुलाई को फैसला आ सकता है। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है।

पूर्व सांसद के खिलाफ 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान पिपलिया मिश्र गांव में हुई जनसभा में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था। इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में विवेचना के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। सोमवार को दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि निर्णय की तारीख 11 जुलाई लगाई गई है।

अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में गवाह से हुई जिरह

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम खां के दो पैन कार्ड मामले में सोमवार को बरेली से गवाह ऋषिपाल कोर्ट पहुंचे। अब्दुल्ला आजम खां के अधिवक्ता ने जिरह की, जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में नौ जुलाई की तारीख लगाई गई है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में 2019 में पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पैन कार्ड रखने का मामला दर्ज कराया था। इसमें सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। सोमवार को गवाह ऋषिपाल कोर्ट पहुंचे। अब्दुल्ला आजम के वकील ने उनसे जिरह की, जो पूरी नहीं हो सकी। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि दो पैन कार्ड मामले में अब सात जुलाई को सुनवाई होनी है।

छुट्टा पशुओं को पकड़ कर गोशाला भिजवाएं

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने छुट्टा पशुओं की पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग जिलाधिकारी से की है। उन्होंने एक ज्ञापन भी प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

आंबेडकर पार्क में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत हुई। इसके बाद वह जूलुस की शक्ल में मंडल उपाध्यक्ष खलील अहमद के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने मांग की कि पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाए। फसलों के लिए अच्छे उन्नति बीज और खाद का इंतजाम किया जाए। इससे किसानों की आय को बढ़ावा मिलेगा। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद शाहजमान खां, रेहाना, बाबू, राजपाल, जेबा और रानी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

पेट्रोल पंप पर सुविधाएं न होने की शिकायत

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को जिला पूर्ति कार्यालय पहुंचे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य शाहरुन खां ने जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इसमें बिलासपुर गेट के नजदीक स्थित पेट्रोल पंप पर नियमानुसार सुविधा न होने की शिकायत की गई है। बताया गया कि यहां धूप और बारिश से बचने के लिए तेल डालने वाले स्थान पर कोई शेड नहीं है। भीषण गर्मी में पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं है। जिला पूर्ति अधिकारी को बताया कि उपभोक्ताओं को पेट्रोल पंप पर डीजल-पेट्रोल में मिलावट होने का संदेह है।

लखनऊ में हुआ व्यापारियों का अधिवेशन

बिलासपुर, अमृत विचार : उत्तर-प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का 21वां प्रांतीय अधिवेशन लखनऊ में हुआ। इसमें व्यापारी नेता कपिल आर्य व धन्नूमल बंसल को लगातार दूसरी बार तीन वर्ष के लिए क्रमशः प्रांतीय महामंत्री एवं उपाध्यक्ष चुन लिया गया। त्रिवार्षिक चुनाव के माध्यम से व्यापार मंडल की सशक्त कार्यकारिणी गठित की गई। अधिवेशन में नगर से जाने वाले व्यापारी नेताओं में सुदर्शन मदान, राजीव अग्रवाल, जोगपाल सिंह, अनिल अग्रवाल, अब्दुल समद, विपुल गुप्ता आदि शामिल रहे।

नए कानून से पीड़ितों को मिलेगा सस्ता न्याय

सिविल लाइंस कोतवाली में आयोजित जागरूकता गोष्ठी में बोले शहर विधायक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि देश में तीन नए कानून प्रभावी हो गए हैं। ब्रिटिश काल के कानूनों के स्थान पर इन कानूनों को लागू किया गया है। अब पीड़ितों को सस्ता, सुलभ और समयबद्धता के साथ न्याय मिलेगा।

सिविल लाइंस कोतवाली में सोमवार को आयोजित जागरूकता गोष्ठी में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि एक जुलाई से देश में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू किया गया है। इन कानूनों में धाराओं में बदलाव और अपराध घटित होने पर अपराधी के खिलाफ कड़े दंड प्रावधान किए गए हैं। पुलिस के लिए भी टाइमलाइन तय कर दी गई है। थानों में पुलिस पीड़ितों को टरका नहीं सकती। जनता को समय सीमा के भीतर न्याय मिलेगा।

सिविल लाइन थाने में नए कानून के बारे में जानकारी देते विधायक आकाश सक्सेना।

दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इससे कानून व्यवस्था में बड़े बदलाव नजर आएंगे। अपराधियों में अपराध करने से पूर्व पुलिस का खौफ नजर आएगा।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि नए कानूनों से देश व प्रदेश की कानून व्यवस्था दुरुस्त होगी। प्रशासन की भी यह जिम्मेदारी है कि किसी के साथ कुछ गलत न हो। पीड़ितों को जल्द न्याय मिले और दोषियों को सजा मिलना चाहिए। इन कानूनों में इसका शत-प्रतिशत ध्यान दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने कहा कि शॉप लिफ्टिंग, मॉब लिंचिंग, स्नैचर और चैन स्नैचिंग गैंग, साइबर क्राइम, संगठित अपराध आदि अपराधों में सजा के कठोर प्रावधान किए गए हैं। अब पीड़ित किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज करा सकता है। इस मौके पर सीओ सिटी जितेंद्र सरगम, सिविल लाइंस थानाध्यक्ष अजय मिश्रा सहित कोतवाली क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

एक जुलाई से लागू तीनों अधिनियम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (सीआरपीसी) भारतीय न्याय सहिंता 2023 (आइपीसी) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के अंतर्गत जो परिवर्तन हुए हैं उनसे जनता को काफी लाभ मिलने की संभावना है। परिवर्तन में अपराध की परिभाषा नहीं बदली है। इसलिए पुराने अधिवक्ता को मात्र तुलनात्मक अध्ययन ही करना होगा। इसके विपरीत नए अधिवक्ता को सिर्फ नए कानून पर ही ध्यान केंद्रित करना होगा। पुलिस विभाग को थोड़ा सा समझने में वर्कशॉप की आवश्यकता पड़ेगी।

- सुनील शर्मा, अधिवक्ता

सरकार ने अधिवक्ताओं को अजीब परेशानी में डाल दिया है। पुराने मामलों में 302 का मतलब कुछ और होगा जबकि अब 302 का मतलब कुछ होगा। क्या अमेंडमेंट से काम नहीं चल सकता था। मगर इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर वकीलों की किसी यूनियन ने कोई विरोध तक दर्ज नहीं कराया। अब जब क्लाइंट पूछेगा कि इस धारा में बाहर से बेल मिल सकती है या नहीं तो हम जवाब देंगे कि अभी धारा का अर्थ पढ़कर बताता हूं तो क्या इंप्रेशन जाएगा। कम से कम अधिवक्ता समाज को कुछ तो करना चाहिए था।

- सतनाम सिंह मट्टू, अधिवक्ता

कानून में बदलाव हुए हैं, उसे सीखने में अभी समय लगेगा। धीरे-धीरे यह कानून परिवर्तन विधिवेत्ताओं को आसान लगने लगेगा। जनता को लाभ की और अग्रसर करेगा। हालांकि अभी कानून कठिन लग रहे हैं। लेकिन जैसे-जैसे दिनचर्या में आएंगे वैसे-वैसे धाराएं याद हो जाएंगी। नए कानून परिवर्तन का बारीकी से ध्यान रखना होगा। नया कानून लोगों को राहत पहुंचाने वाला है। अब किसी भी थाने में घर बैठे रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकती है।

- चेतराम सैनी, अधिवक्ता

पीपली वन में पौधरोपण करते वन अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

पर्यावरण को संतान की तरह करें संरक्षित : मुजाहिद

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : पीपली वन में वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जगह-जगह पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। वन रेंजर ने बरगद, पीपल, पाखड़ के वृक्ष लगाकर लोगों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया।

सोमवार को पीपली वन में वन महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। एसडीओ व वन रेंजर ने पीपली वन में जगह-जगह पौधरोपण करते हुए पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों से भारी संख्या में पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वन रेंजर मुजाहिद हुसैन ने कहा कि पर्यावरण ही जनजीवन दे सकता है। हमें पर्यावरण को अपनी संतान की तरह संरक्षित करने के प्रति आगे आना चाहिए।

रेंजर ने लोगों से कहा कि वन महोत्सव पर हर मनुष्य को पेड़ लगाना चाहिए जिससे कि पर्यावरण को बचाया जा सके। बरगद, पीपल, बांस, नीम, तुलसी के पेड़ अधिक मात्रा में आक्सीजन देते हैं। इस अवसर पर डिप्टी रेंजर कुंदन सिंह भंडारी, वन दरोगा शील कुमार, सोमपाल, संतोष कुमार, हरिपाल, कपिल कुमार, जगवती, प्रधान गुरचरन सिंह समेत शिक्षक व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

ई-रिपोर्टिंग से दर्ज करा सकेंगे एफआईआर

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : शाहबाद कोतवाली में गोष्ठी का आयोजन कर एक जुलाई से लागू हुए नए कानूनों की जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी संगम कुमार ने कहा कि महिला अपराध से लेकर संगठित अपराधों की धाराओं में बदलाव करते हुए अब उन्हें और सख्त किया गया है। संगठित अपराध सिद्ध होने पर आरोपी को नए कानून में मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है।

कोतवाली में सोमवार को आयोजित गोष्ठी में बताया कि अब एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाने आने की जरूरत नहीं है। घर बैठे ही पीड़ित व्यक्ति ई-रिपोर्टिंग के माध्यम से केस दर्ज करा सकता है। केस दर्ज होने के तीन दिन के भीतर उसे सभी औपचारिकता पूरी करनी होंगी। किसी की गिरफ्तारी

नए कानून की जानकारी देते क्षेत्राधिकारी संगम कुमार। ● अमृत विचार

● **नया कानून लागू होने से जल्द मिलेगा न्याय**

को लेकर ऑडियो और वीडियो की रिकार्डिंग जरूरी है। बिना इसके आगे की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

इस मौके पर तहसीलदार शिवकुमार शर्मा, कोतवाल प्रिंस शर्मा, एसआई आदेश कुमार, एमएलसी के प्रतिनिधि महेश कुमार गुप्ता, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, मंजूलता शर्मा, रेनू श्रीवास्तव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामौतार यादव, यूथ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, लव कुमार, मयंक अग्रवाल, ग्राम प्रधान के पुत्र रामजीमल एवं सल्लन शाह आदि मौजूद रहे।

महिलाओं के प्रति अपराध पर अब नहीं होगा समझौता

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : नए भारत का नया कानून के तहत हुए कार्यक्रम में एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के प्रति अपराध पर अब कोई समझौता नहीं होगा।

सोमवार को कोतवाली परिसर में नए भारत का नया कानून के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी अमन देओल व क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडेय ने कहा कि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून का नये भारत में अब अंत हुआ है। कानूनी प्रक्रिया तेज होने के साथ नियमों में भी सुधार हुआ है। अपराध की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर विचार किए बिना जीरो एफआईआर दर्ज करनी होगी। महिलाओं के प्रति अपराध पर अब कोई समझौता नहीं होगा।

कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया

स्वार कोतवाली में कानून की जानकारी देते उप जिलाधिकारी अमन देओल। ● अमृत विचार

लोगों को नए कानून की जानकारी देतीं प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह। ● अमृत विचार

कि संगठित अपराध से संबंधित नई दांडिक धारा जोड़ी गई है। भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ कृत्यों के लिए नए प्रावधानों को जोड़ा गया है। संचालन सीनियर बार अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू ने किया। इस दौरान नायब तहसीलदार लोकेश कुमार, बार वेलफेयर अध्यक्ष शकील अहमद, भाजपा के जिला मंत्री महेन्द्र सैनी, दिलीप अरोरा, पवन कुमार, देवेन्द्र दिवाकर, राजेश शर्मा, इस्लाम अंसारी, राजीव वर्मा, डा. प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।

प्रभारी निरीक्षक ने लोगों को नए कानूनों के प्रति किया जागरूक

भोट, अमृत विचार : पुलिस ने सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम के तहत गोष्ठी का आयोजन कर नए कानूनों के बारे में जानकारी दी। बताया कि लोगों को नये कानूनों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। सोमवार को थाना परिसर में आयोजित गोष्ठी में प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने कालेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व पुलिसकर्मियों को कानून में हुए बदलाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लागू हुए नए कानूनों के सही क्रियान्वयन के लिए उनकी बारीकियों को समझाते हुए कहा कि यह कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के पुराने कानूनों की जगह लेंगे। इन कानूनों का उद्देश्य न्याय व्यवस्था को बेहतर, पारदर्शी और पीड़ित केंद्रित बनाना है। इसके तहत कानून में कई बदलाव हुए हैं। फौजदारी कानूनों की व्याख्या, अपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार और अपराधिक न्याय प्रणाली को आधुनिक बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि अब जमाना तेज हो गया है। ऐसे में लोगों को जल्द एवं सही न्याय मिले इसके लिये सरकार काम कर रही है। उन्होंने नए कानूनों के तहत तलाशी और गिरफ्तारी के दौरान वीडियोग्राफी करने, वीडियो को डिजिटल लॉकर में सुरक्षित रखने, 90 दिन के भीतर शिकायतकर्ता को जांच रिपोर्ट सौंपने, गिरफ्तार व्यक्ति के बारे में जानकारी सार्वजनिक करने बारे में बताया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नए कानून के प्रति जागरूकता के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

लोगों को नए कानून की जानकारी देते थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

नए कानून के बारे में बताया

संवाददाता, केमरी

अमृत विचार : संशोधित कानून के संबंध में थाना प्रभारी हिमांशु चौहान ने बताया कि भारतीय कानून अंग्रेजों द्वारा हम पर थोपे गए थे। उन्हें संशोधित करके नागरिकों की सुविधा के अनुरूप बनाया गया है। बहुत ही गर्व का विषय है कि इसमें छोटे-छोटे अपराधों में दंड के स्थान पर सामुदायिक सेवा का प्रयोग किया गया है।

नए कानून को लेकर सोमवार को केमरी थाने में गोष्ठी हुई। इसमें थाना प्रभारी ने बताया कि महिलाओं और नाबालिगों पर होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए उन्हें और अधिक कठोर किया गया है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस तथा जीरो एफआईआर जोड़ने का प्रावधान भी किया गया है।

इस मौके पर जाकिर प्रधान, हाजी पुत्तन अली, अफसर अली, रामअवतार शर्मा, धर्मवीर लोधी, मोहनलाल लोधी, योगेश शर्मा, शकील अंसारी, अब्दुल हसन, रोहिताश मौर्य, राजेंद्र राठौर आदि मौजूद रहे।

अधिकारियों पर सांठगांठ से अवैध आरा मशीन चलवाने का लगाया आरोप

शाहबाद, अमृत विचार : शिकायतकर्ता ने अधिकारियों की मिलीभगत से क्षेत्र में अवैध आरा मशीन संचालित होने का आरोप लगाया है। उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर अवैध आरा मशीनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

जनपद संभल के चंदौसी थाना क्षेत्र के मोहल्ला सेमर टोला निवासी चंद्र विजय सिंह ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। इसमें उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से क्षेत्र में अवैध आरा मशीन संचालित होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। शिकायतकर्ता ने उपजिलाधिकारी से अवैध आरा मशीनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है।

दीक्षांत समारोह में सोमपाल को मिली पीएचडी की उपाधि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में सोमवार को चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। इसमें सोमपाल सिंह को वनस्पति विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

सोमपाल सिंह ने अपना शोध कार्य विषय टैक्सोनॉमिक एंड इकोलॉजिकल स्टडीज इन एंजियोस्पर्मिक डाइवर्सिटी ऑफ डिस्ट्रिक्ट रामपुर उत्तर प्रदेश इंडिया पर किया है। इन्होंने जनपद की सभी तहसीलों, पीपली वन, नदी किनारे, रेलवे ट्रैक के किनारे आदि के पेड़ पौधों का पर्यावरण पर प्रभाव का गहन अध्ययन किया। अपने सर्वे में पेड़ पौधों की 109 फैमिली, 398 जेनेरा एवं 526 स्पीशीज का अध्ययन किया। चयनित पेड़-

दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि लेते सोमपाल सिंह। ● अमृत विचार

● **मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में हुआ दीक्षांत समारोह**

पौधों की स्टैंडर्ड हरबेरियम तैयार की। इन्होंने अपने शोध कार्य में पांच अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित किए। चार अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया। इन्होंने अपना शोध कार्य सुपरवाइजर डॉ. गुलअफशा और को-सुपरवाइजर डॉ. फरहा रहमान के निर्देशन में पूरा किया।

नागरिकों को दी नए कानूनों की जानकारी

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : देश में लागू हुए तीन नए कानूनों को लेकर कोतवाली में गोष्ठी हुई। इसमें एसडीएम और सीओ ने पीड़ितों को न्याय मिलने और अपराधियों पर कड़ा शिकंजा कसने की बात कही।

सोमवार को कोतवाली में उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय व क्षेत्राधिकारी रवि खोखर की अध्यक्षता में गोष्टी का आयोजन किया गया। इसमें अधिवक्ता, पुलिस व व्यापारियों के साथ वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हुए। अधिकारियों ने कहा कि संपूर्ण देश में तीन नए कानून यानी भारतीय न्याय संहिता 2023 (भारतीय दंड संहिता) 1860 आईपीसी को प्रतिस्थापित करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 दंड प्रक्रिया संहिता 1973 सीआरपीसी को प्रतिस्थापित के लिए व भारतीय

लोगों को जागरूक करते उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय। ● अमृत विचार

साक्ष्य अधिनियम 2023 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 आईईए को प्रतिस्थापित करने के लिए लागू किए गए हैं। इसका उद्देश्य सभी के लिए अधिक सुलभ सहायक और प्रभावी न्याय प्रणाली सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि नया भारत नया कानून में महिलाओं के प्रति अपराध पर अब कोई समझौता नहीं होगा।

इस मौके पर नायब तहसीलदार राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, धन्नूमल बंसल, बलबीर सिंह चौहान एडवोकेट, सुदर्शन मदान, हाफिज ताहिर, राजीव अग्रवाल, मोहम्मद अनस खां, जियाउद्दीन खां, प्रवीण कुमार, मोहम्मद अनस खां आदि मौजूद रहे।

टीम ने किया मनरेगा कार्यों का सत्यापन

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : चमरौआ विकास खंड की भोट ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत हुए विकास कार्यों का सोशल आडिट टीम द्वारा सत्यापन किया गया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों व जाब कार्ड धारकों से सीधा संवाद कर विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों का सत्यापन भी हुआ।

सोमवार को पंचायत भवन परिसर में आयोजित सोशल आडिट मनरेगा से ब्लाक को-आर्डिनेटर हुकुम सिंह की अध्यक्षता में आडिट टीम के सदस्यों ने विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने किए गए कार्यों को पढ़कर सुनाया और उनका स्थलीय सत्यापन भी किया।

पीएम आवास व अन्य योजनाओं के लाभार्थियों के घर जाकर निरीक्षण किया। पंचायत भवन में खुली बैठक का आयोजन कर मनरेगा योजना के तहत काम करने वाले मजदूरों व जाब कार्ड धारकों से सीधा संवाद

मनरेगा के तहत बने चकरोड का सत्यापन करती टीम। ● अमृत विचार

● **खुली बैठक का आयोजन कर जाब कार्ड धारकों से किया सीधा संवाद**

किया गया। टीम ने विकास कार्यों के अभिलेखों की जांच भी की। सोशल आडिट टीम ने मनरेगा के तहत कराए गए मिट्टी कार्य, सड़क, खड़ंजा, पौधरोपण व शौचालय आदि कार्यो में खर्च किए गए धन का लेखा-जोखा देखा। रोकड़ बही, मजदूरी भुगतान पंजिका, जाब कार्ड रजिस्टर, कार्य का प्राक्कलन, परिसंपत्ति रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, मस्टररोल आदि दस्तावेजों का निरीक्षण किया।

इस दौरान बीआसी हुकुम सिंह, शेर सिंह, रानी, रामबहादुर, रामचंद्र, ग्राम प्रधान वाजिद अली, सुभान अली पाशा, उमेश चन्द्र, ममता भट्ट आदि मौजूद रहे।

विद्युत उपभोक्ता ने दी आत्महत्या की चेतावनी

मिलक, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम देवरी बुजर्ग गांव निवासी नत्थू सिंह गंगवार ने मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में लिखा है कि 1998 में उसने बिजली का घरेलू कनेक्शन कराया था। तभी से वह मीटर लगवाने के लिए बिजली घर के चक्कर लगा रहा है। एसडीओ व जेई ने उसके खिलाफ बिजली चोरी का झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया है। मई तक का बिल भी जमा है। चेतावनी दी कि यदि एक माह में उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आत्महत्या कर लेगा।

अवर अभियंता मोहम्मद हसनैन ने बताया कि आत्महत्या की धमकी देने वाले उपभोक्ता के पुराने घर पर बिजली का कनेक्शन है। शिकायतकर्ता ने एक अन्य मकान और एक दुकान निर्माण कराया है। दोनों जगह चोरी से बिजली जलाई जा रही है। बिजली चोरी के संबंध में नत्थू सिंह गंगवार के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज है।

दुश्वारी रोडवेज बस अड्डा बनाने की मिल चुकी है स्वीकृति, अधिकारियों को पसंद नहीं आ रही जमीन

रोडवेज बस अड्डे का इंतजार कर रहे शाहबाद के बाशिंदे

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : रोडवेज बस अड्डे के अभाव में लोग आजादी के बाद से परेशानी झेल रहे हैं। शासन ने कई वर्ष पहले यहां बस अड्डा स्वीकृत भी कर दिया। मगर फिर भी वर्षों से यहां जमीन को लेकर पेच फंसा है।

प्रशासन बस अड्डे के लिए जमीन की तलाश नहीं कर पा रहा है। एक-दो जमीनों का प्रस्ताव दिया गया था मगर विभाग ने नुक्स निकाल दिया। नगर में बस अड्डा बनने से लोगों के आर्थिक हालात और कारोबार में कुछ सुधार आएगा। यहां रोडवेज बस अड्डे की मांग वर्षों पुरानी है। हर बार चुनाव में वादे होते रहे। इसके बाद लोगों में उम्मीद जगी, लेकिन पूरी नहीं हो सकी। वर्षों पहले बस अड्डा पास भी हो गया, लेकिन प्रशासन अभी तक जमीन तलाशने कामयाब नहीं हो सका। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से प्रशासन को डिमांड लेटर जारी होने के बाद भी बस अड्डे के लिए जमीन नहीं मिल सकी। स्थानीय स्तर पर लोग जगह उपलब्ध कराने को लगातार आवाज उठा रहे हैं। इस बाबत वीर भगत सिंह युवा मोर्चा के अध्यक्ष रजत कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा। इसमें कहा गया कि नगर में तमाम सरकारी भूमि है, जिन पर लेखपालों की मिलीभगत से लोगों ने कब्जे कर रखे हैं। अगर बस अड्डे के लिए जमीन नहीं मिल रही है तो प्रशासन अवैध कब्जे हटवाकर बस अड्डे के लिए जमीन मुहैया कराए।

वर्षों से रोडवेज बस अड्डे की मांग की जा रही है। पता नहीं अधिकारी कब जमीन तलाश पाएंगे। नगर में ग्राम समाज की जमीन पर लेखपालों ने कब्जे करा दिए हैं। उन्हें बस अड्डे के लिए मुक्त कराया जाए। **- शाजमान आर्यन**

जब से होश संभाला है, यही सुना है कि रोडवेज बस अड्डा स्वीकृत है। लेकिन अभी तक बस अड्डा नहीं बना है। अधिकारियों को जमीन खोजकर देने में न जाने क्या हर्ज है। यह समझ नहीं आया। **- रमन वाजपेयी**

रोडवेज बस अड्डा पास न होने से कितनी परेशानी है, यह सिर्फ यहां की जनता जानती है। खस्ताहाल डग्गामार बसें चलती हैं, उनमें सफर करना मजबूरी है। वह ज्यादा किराया लेते हैं। व्यवहार भी ठीक नहीं है। बस अड्डा बने तो सहूलियत मिलेगी। **- बिट्टू अली**

बस अड्डे की यहां जितनी जरुरत है, अधिकारी इसे उतना ही नजर अंदाज कर रहे हैं। अगर रात में दिल्ली जाना हो तो डग्गामार बस ही एकमात्र सहारा है। बस अड्डा न होने से नगर वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। **- आकाश यादव**

मुकदमा होने के बाद भी नहीं बन सका बस अड्डा

बस अड्डे के लिए प्रदर्शन करने वालों पर मुकदमा भी हुआ, लेकिन बस अड्डा फिर भी नहीं बन सका। इस बीच कई सरकार भी बदल गईं लेकिन जनप्रतिनिधि और अधिकारी ढाई लाख मतदाताओं वाली तहसील में विकास के रंग भरने से कतरा रहे हैं।

एक नजर

भगवान के रूप में काम करते हैं डॉक्टर

रामपुर, अमृत विचार : डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में मदद एक आस फाउंडेशन ने डॉक्टरों को किया सम्मानित। मदद एक आस फाउंडेशन ने डॉक्टरों को सम्मान देते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा ने बताया कि चिकित्सक भगवान के रूप में कार्य करते हैं। हर डॉक्टर का सम्मान मरीजों को एवं जनता को करना चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संचित कपूर, शिवांगी चौरसिया आदि मौजूद रहे।

उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल

रामपुर, अमृत विचार : रात को करीब आठ बजे कुछ देर को हुई बारिश थमने के बाद उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिन में कभी बादल तो कभी तेज धूप से लोग पसीने से तरबतर हो गए। रात आठ बजे मौसम पलट गया। थोड़ी देर बाद बारिश शुरू हुई। इससे लोगों ने राहत ने महसूस की। सुबह 10 बजे आसमान में बादल छा गए। हालांकि तेज हवा ने बादल उड़ा दिए। इसके बाद हल्की धूप निकली। इससे उमस और बढ़ गई और लोग पसीने से तरबतर हो गए। दिनभर आसमान में बादल और सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा।

अपने दुःख-सुख को त्यागकर मरीजों के लिए जीते हैं डॉक्टर

डाक्टर्स डे पर लायंस क्लब ग्रेटर ने सीएमओ और सीएमएस को किया सम्मानित, जिला अस्पताल में हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : डाक्टर्स डे पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसपी सिंह, जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. एचके मित्रा को लायंस क्लब रामपुर ग्रेटर के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि गुरु का सम्मान करने से उन्नति होती है। उनके बताए मार्ग पर चलने से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कोरोना कॉल में चिकित्सकों ने बढ़-चढ़कर कार्य किया और लोगों की जान भी बचाई।

लायंस क्लब रामपुर ग्रेटर की ओर से सोमवार को जिला अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। लायंस क्लब ग्रेटर के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि इस दिन को मनाने का मकसद चिकित्सकों के कार्यों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। वह अपने सुख-दुःख को त्याग कर मरीजों के लिए जीते हैं। समाज को रोग मुक्त रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। कोरोना कॉल में बिना अपनी जान की परवाह किए घंटों तक ड्यूटी करते रहे। मरीजों की जान बचाते-बचाते कई चिकित्सकों ने अपनी जान भी गवां दी।

मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. एचके मित्रा को प्रशस्ति पत्र देते लायंस क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

जिला अस्पताल के फिजिशियन डा. मोहम्मद अशरफ कोरोना काल में मरीजों को बचाते-बचाते स्वयं कोरोना से पीड़ित हो गए और मरीजों की जान बचाने के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। चिकित्सकों के बलिदान को आज के दिन याद किया जाता है। सूरज सिनेमा रोड स्थित डा. मानस सिंहल और डा. सिराज अहमद को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सीएमओ डा. एसपी सिंह, एसीएमओ डा. संतोष कुमार, नोडल अधिकारी डा. ओपी आर्य और डा. सतेंद्र कुमार, डा. केके चहल को मिठाई और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सेक्रेट्री हरीश अरोड़ा, कोषाध्यक्ष अमित शर्मा, अश्वनी बाबा, प्रवीण अग्रवाल, राजू सरकड़े, रविंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अनुभव का उपयोग कर रोगियों को देते हैं नई जिंदगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कुमारतनय वैश्य यूथ क्लब के अध्यक्ष सुनीत गुप्ता ने कहा कि चिकित्सक का समाज में महत्वपूर्ण स्थान है। वह लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल करते हैं। बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं।

चिकित्सक अपने ज्ञान और अनुभव का उपयोग करके न केवल रोगों का निदान और उपचार करते हैं बल्कि वह स्वस्थ जीवन शैली के बारे में सलाह भी देते हैं। उनके समर्पण और सेवा के कारण ही हम स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी पाते हैं। इस दिन हम उन सभी चिकित्सकों को सम्मानित करते हैं। डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में कुमारतनय वैश्य यूथ क्लब की ओर से रविवार की रात बॉम्बे होटल बैठक में हुई। इसमें डॉ. विजेंद्र गुप्ता, डॉ. नूपुर गुप्ता, डॉ. पुनीत गुप्ता, डॉ. अर्पित गुप्ता को अध्यक्ष सुनीत गुप्ता ने सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि जो अपने अथक प्रयासों से समाज की सेवा कर रहे हैं, यह दिन हमें उनके योगदान की याद दिलाता है। हमें प्रेरित करता है कि हम उनके प्रति आभार व्यक्त करें। चिकित्सक दिवस पर हमें उन सभी चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए जो स्वास्थ्य की रक्षा के लिए समर्पित हैं। डॉक्टर नुपुर गुप्ता ने कहा कि हाल ही में एक वैक्सीन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचने के लिए बनाई गई है। यह फिलहाल नौ से 16 साल तक की लड़कियों के लिए बनाई गई है। इसकी तीन खुराक लेना अनिवार्य हैं। सचिव जितेंद्र गुप्ता और बोर्ड के सभी सदस्यों ने चिकित्सकों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अजय सर्राफ, आशु गुप्ता, शनील, दीपक, अमितोष, राहुल, राजेन्द्र सर्राफ आदि मौजूद रहे।

कुमारतनय वैश्य यूथ क्लब के कार्यक्रम में सम्मानित किए गए डॉक्टर।

- चिकित्सक का समाज में महत्वपूर्ण स्थान : सुनीत
- डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया गया सम्मानित

राघवेंद्र सिंह होंगे नए बेसिक शिक्षाधिकारी

रामपुर, अमृत विचार : देर रात शासन ने कई बेसिक शिक्षाधिकारियों के तबादले कर दिए गए। इनमें रामपुर के बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार भी शामिल हैं। उन्हें ओरैया का बीएसए बनाया गया है। जबकि मथुरा में डॉयट में प्रवक्ता राघवेंद्र सिंह को रामपुर का बीएसए बनाया गया है।

लोकसभा चुनाव निपटने के बाद शासन की ओर से लगातार अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं। पिछले दिनों कई एसपी इधर से उधर कर दिए गए थे। रविवार की रात कई बेसिक शिक्षाधिकारी इधर से उधर कर दिए गए हैं।

इनमें रामपुर के जिला बेसिक शिक्षाधिकारी संजीव कुमार का तबादला ओरैया कर दिया गया है। मथुरा में डॉयट में वरिष्ठ प्रवक्ता के पद पर कार्यरत राघवेंद्र सिंह को रामपुर का बेसिक शिक्षाधिकारी बनाया है। इसके अलावा रामपुर में तैनात वित्त एवं लेखाधिकारी अशोक कुमार को मेरठ का कोषाधिकारी बनाया गया। इनके स्थान पर बरेली की जिला पंचायत में वित्तीय परामर्श दाता विकास खंडेलवाल को रामपुर में वित्त एवं लेखाधिकारी बनाया गया है।

डाक्टरों को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सीए को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

वीर खालसा सेवा समिति ने डॉक्टरों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : डॉक्टर्स डे पर वीर खालसा सेवा समिति ने चिकित्सकों को सम्मानित किया। समिति के सदस्य सोमवार को डालमिया अस्पताल पहुंचे। वहां डॉ. किशोरी लाल, डॉ.विक्रम लाल व अन्य स्टाफ को शॉल ओढ़ाकर और गुलदस्ते देकर सम्मानित किया।

समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि डाक्टर हमेशा ही मरीज को सही करने में पूरी ताकत लगा देता है। डॉक्टर्स डे पर उन्हें सम्मानित करना गर्व की बात है। बहुत जल्द वीर खालसा सेवा समिति डॉक्टर सम्मान समारोह करेगी। इसमें जिले के वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर खुशवंत सिंह बाजवा, कुलविंदर सिंह, मोनू सिंह, सुरजीत सिंह, जबल सिंह, सेवा सिंह आदि मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद ने सीए-डाक्टरों का किया सम्मान

रामपुर, अमृत विचार : भारत विकास परिषद की ओर से डॉक्टर दिवस एवं सीए दिवस पर छह डाक्टरों डॉ. प्रीति अग्रवाल, डॉ. नितिन कुमार, डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. फरहीना शेख, डॉ. तनवीर महमूद को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सीए काव्या गुप्ता, राजीव अग्रवाल, अधीश अग्रवाल एवं शलभ अग्रवाल को समाज के प्रति किए जा रहे उत्तम कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। परिषद के अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता ने बताया कि डाक्टर दिवस बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डाक्टर विधान चन्द्र राय के जन्मदिन के अवसर पर तथा सीए दिवस भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंटस (आईसीएआई) की एक जुलाई को हुई स्थापना के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर परिषद के रवीन्द्र गुप्ता, माधव गुप्ता, अभय शंकर अग्रवाल, अशोक कश्यप, ओंकार सिंह विवेक, प्रशान्त गुप्ता, श्वेता वर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

एसपी ने किया टांडा कोतवाली का निरीक्षण

टांडा, अमृत विचार : सोमवार की शाम पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न अभिलेखों एवं उनके रखरखाव तथा उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों का गहनता से अवलोकन किया।

पुलिस अधीक्षक सोमवार की शाम कोतवाली पहुंचे। उन्होंने विभिन्न रजिस्टर एवं उनके रख रखाव, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चेक किया। कोतवाली परिसर की साफ-सफाई तथा महिला हेल्प डेस्क और त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क में आने वाली पीड़िता का नाम, पता एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कीर्तिनिधि आनन्द और प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह आदि मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने मुख्य मार्ग पर पैदल गश्त भी की।

शिविर में मरीजों को दी निशुल्क दवा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में रेडिको खेतान लिमिटेड के सौजन्य से चमरौआ ब्लॉक के गांव लदौरा में सोमवार को निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ रेडिको खेतान के उपाध्यक्ष विकास सक्सेना ने फीता काटकर किया।

रेडिको खेतान के उपाध्यक्ष विकास सक्सेना ने कहा कि आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य लोगों को आयुर्वेद के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। स्वास्थ्य शिविर ऐसा मंच है जहां आयुर्वेदिक चिकित्सा और उपचार की विभिन्न विधियों को प्रस्तुत किया गया है। गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भी आयुर्वेदिक चिकित्सा के लाभ प्राप्त करने का मौका मिला। डॉक्टर्स डे के अवसर पर शिविर में एसएल आयुरकेयर के वैद्य गुंजन अग्रवाल ने व्यक्तिगत परामर्श दिया। विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं जैसे डायबिटीज आदि रोगों तथा प्राकृतिक उपचार के बारे में बताया। शिविर में लोगों को विभिन्न आयुर्वेदिक औषधियों, जड़ी बूटियों, प्राकृतिक औषधियों और आहार में परिवर्तन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान 33 मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया गया और मुफ्त दवाएं वितरित की गईं।

शिविर में रेडिको खेतान के विकास सक्सेना, निमिष भारद्वाज, इन्दरपाल सिंह, संदीप यादव, कृष्ण पाल सिंह लोधी आदि मौजूद रहे।

मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

- लदौरा में निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

डॉक्टरों को सम्मानित करते निदेशक विवेक जैन और दिव्या जैन। ● अमृत विचार

डॉक्टरों ने बच्चों के दांतों का किया परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : द रेडियंस स्कूल में डॉक्टर दिवस मनाया गया। इस मौके पर शहर के दंत विशेषज्ञ ने स्कूल के बच्चों के दांतों का परीक्षण किया। बताया कि बच्चे किस प्रकार अपने दांतों को सुरक्षित रख सकते हैं।

शाहबाद रोड पर रायपुर ग्राम स्थित रेडियंस स्कूल में दांत रोग विशेषज्ञ डॉ. सजल अग्रवाल एवं डॉ. नैंसी अग्रवाल ने बच्चों के दांतों का परीक्षण किया और डॉक्टर डे की बधाई दी। उत्साहपूर्ण वातावरण में बच्चों ने चिकित्सकों की बात ध्यान से सुनी। चिकित्सकों ने बच्चों को अपने दांतों की देखभाल करने के बारे में बताया कि वह किस तरह अपने दातों की सुरक्षा कर सकते सकती है। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर विवेक जैन और दिव्या जैन ने दोनों चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान सभी अध्यापक भी मौजूद रहे।

तालाबों की बैरिकेडिंग कराकर लगाएं पौधे : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल ने संचारी रोग नियंत्रण, पौधरोपण तथा स्कूल चलो अभियान के सम्बन्ध में जूम से रूबरू होकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संचारी रोग, स्कूल चलो अभियान तथा पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने और तालाबों की बैरिकेडिंग कराकर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन योजना के तहत यूजर चार्ज की वसूली कराने और जल जीवन मिशन में अच्छा कार्य करने वाले ग्राम पंचायत अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देने के लिए निर्देशित किया। जनपद में संचालित जन सेवा केंद्रों को सही प्रकार से संचालन करने तथा खंड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारियों के माध्यम से शत-प्रतिशत सत्यापन कराते हुए रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतवार माईक्रो प्लान तैयार कर नियमानुसार गड्ढे खोदवाकर तथा निर्धारित दूरी पर पौधरोपण कराया जाये।

मेगा प्लान्टेशन के लिए चिन्हित स्थानों पर खोदे गये गड्ढों का सत्यापन एडीओ पंचायत तथा आईएसबी से करा लें। पौधरोपण के बाद मनरेगा योजना के तहत आईडी जेनरेट कराकर पौधों में पानी लगाने की व्यवस्था की जाए। समस्त खंड विकास अधिकारियों को विकास खंड से संबंधित खंड शिक्षाधिकारी से समन्वय स्थापित कर निजी स्कूलों के परिसरों में भी पौधरोपण करने के निर्देश दिए। कहा कि जिन क्षेत्रों में बारिश हो चुकी है, वहां डीएफओ से समन्वय स्थापित करते हुए पौधे प्राप्त कर पौधरोपण शुरू कराएं। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त खंड विकास अधिकारी अपने विकास खंड से सम्बन्धित खंड शिक्षाधिकारी, सीडीपीओ एवं सुपरवाईजर के साथ बैठक कर ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक व आंगनबाड़ी के माध्यम से ग्राम पंचायत के छह से 12 वर्ष तक के बच्चों का स्कूल में नामांकन कराएं। जूम मीटिंग में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी तथा समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

जूम मीटिंग लेते मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल।

कहीं भी उत्पन्न न होने पाए जलभराव की स्थिति

समस्त खंड विकास अधिकारी एक सप्ताह के बाद इस संबंध में प्रमाण पत्र देंगे कि ग्राम पंचायतों के छह से 12 वर्ष तक के सभी बच्चों का नामांकन करा दिया है। संचारी रोगों से बचाव के बारे में सीएमओ ने बताया कि किसी भी स्थिति में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। यदि किसी कारणवश जलभराव हो जाता है और जल निकासी सम्भव नहीं है, तो वहां गाड़ियों का जला हुआ ऑयल डाल दें। ताकि उसमें मच्छर पैदा न हो सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जो मॉडल, ओडीएफ प्लस गांव घोषित किए जा चुके हैं उनमें डेंगू, चिकनगुनिया आदि रोगों तथा जल भराव की शिकायत मिलने पर संबंधित प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

कलक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

मूल स्थान पर लगाई जाए बाबा साहब की प्रतिमा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बाबा साहब की प्रतिमा को संसद भवन में मूल स्थान पर पुनः स्थापित कराने को लेकर भीम आर्मी ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजा है।

उन्होंने ज्ञापन में कहा कि दो और तीन जून की रात बाबा साहब की प्रतिमा को संसद भवन से हटवाकर दूरस्थ स्थान पर स्थापित कर दिया गया। इससे बहुजन समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा को मूल स्थान पर लगवाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में आकाश, सतपाल सिंह बादल, हरिओम सिंह रवि, महेंद्र सिंह यादव, मनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

श्रीराम कथा भगवान पर सारे संबंध न्योछावर करने के लिए तैयार रहता है भक्त

भक्त के लिए भगवान से संबंध सर्वोपरि

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : श्रीराम कथा के छठे दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि भक्त वही हो सकता है जिसने यह निर्णय कर लिया है कि प्रभु राम मेरे हैं और मैं प्रभु राम का हूं। प्रभु राम ने मेरा वरण कर लिया है और मैंने प्रभु राम का वरण कर लिया है। अब मुझे कुछ भी वरणीय नहीं है।

मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री सनातन धर्म बड़ा मंदिर में श्रीराम कथा के छठे दिन कथा व्यास ने कहा भगवान के भक्त के लिए भगवान का संबंध पहले है, बाकी सारे संबंध बाद में हैं। अगर भगवान से संबंध रखकर कोई अन्य से संबंध बनता है तो भक्त के लिए स्वीकार है। मगर यदि भगवान को छोड़कर कोई संबंध बनता है तो भक्त के लिए उस संबंध का कोई मूल्य नहीं है। भक्त अपने भगवान पर सारे संबंधों को न्योछावर करने के लिए तैयार रहता है। इसीलिए लक्ष्मण प्रभु राम के लिए संपूर्ण संबंधों को तोड़कर उनके साथ वन चले जाते हैं।

कथा सुनाते पंडित बृजेश पाठक।

- मोहल्ला साहूकारा के बड़े मंदिर में चल रही श्रीराम कथा

श्री राम ने उन्हें समझाया तुम यहीं रहकर गुरु व पिता-माता की सेवा करो। लेकिन लक्ष्मण ने कह दिया मेरे गुरु व पिता-माता तो आप हैं। आपके अतिरिक्त में किसी को नहीं जानता। आप मेरे सर्वस्व हैं। श्रीराम कथा में रामपुर से कथा श्रवण के लिए रामावतार रसिक भी पधारे। अंत में आरती व प्रसाद वितरण हुआ।

इस अवसर पर योगेश कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, जगदीश पाल चौहान, हरदेव रस्तोगी, गिरीश गुप्ता, डॉक्टर रामपाल, ऋषिकेश मित्तल, श्याम आधार अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अरुण गर्ग, संजीव अग्रवाल, सूरजभान अग्रवाल, पंडित अयोध्या प्रसाद पाठक आदि उपस्थित रहे।

फौजी की पत्नी के बैग से जेवर उड़ाने में आठ आरोपी गिरफ्तार

शाहबाद, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव पैगम्बरपुर निवासी सीआईएसएफ के जवान राजू की पत्नी ममता रविवार सुबह मायके से ससुराल जाने के लिए निकली थीं। वह शाहबाद से गांव जाने के लिए चंदौसी तिराहे से ई-रिक्शा में सवार हो गईं थी।

चंदौसी तिराहे से ही सवार हुए कुछ उचक्कों ने रिक्शा में भीड़ का बहाना कर आरोपियों ने उसका बैग ई-रिक्शा की छत पर रखवा दिया। इसके बाद आरोपी उसके बैग में रखी नकदी व जेवर समेत करीब 10 लाख रुपये का माल लूट कर ले गए थे। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि सोमवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे कुछ बरामदगी बाकी रह गई है। पूरा माल बरामद होने के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया जाएगा।

सभासदों ने किया बोर्ड की बैठक का बहिष्कार

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : नगर पंचायत में विकास कार्यों में लापरवाही एवं घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए सभासदों ने प्रदर्शन करते हुए बोर्ड की बैठक का बहिष्कार कर दिया।

सोमवार को नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला में बोर्ड की बैठक होनी थी। इसका एजेंडा भी सभासदों को पहुंचा दिया गया था। बोर्ड की बैठक शुरू होने से पूर्व ही नगर पंचायत के नौ सभासदों ने चेयरमैन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। उन्होंने बोर्ड की बैठक का बहिष्कार करते हुए जोरदार नारेबाजी की। आरोप लगाया कि सभासदों ने जो प्रस्ताव पंचायत प्रशासन को पिछली बैठक में सौंपे थे, उन पर आज तक अमल नहीं हुआ है। विकास कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है। घटिया सामग्री प्रयोग कर धांधली की जा रही है। ओवरहेड टैंक में लीकेज होने के कारण नगरवासी दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। अगली बोर्ड की बैठक तक विकास कार्य पूर्ण न होने पर पुनः बहिष्कार की चेतावनी दी।

बैठक का बहिष्कार कर प्रदर्शन करनें वालों में सभासद अरमान अली, लियाकत अली, जिलानी, मोहम्मद रफी, सबीना, सिराज, इमरान, रफीक अहमद, मोहम्मद यूसुफ शामिल रहे।

नगर पंचायत नरपतनगर में प्रदर्शन करते सभासद। ● अमृत विचार

बोर्ड की बैठक में मौजूद चेयरमैन खालिद अली व अन्य। ● अमृत विचार

कोरम पूरा नहीं होने पर बोर्ड की बैठक स्थगित

स्वार, अमृत विचार : कोरम पूरा नहीं होने के कारण नगर पंचायत बोर्ड की बैठक को चेयरमैन ने स्थगित कर दिया। अगली बैठक नौ जुलाई को होगी। सोमवार को नगर पंचायत दूंदावाला में बोर्ड की बैठक प्रस्तावित थी। इसकी नगर पंचायत प्रशासन ने तैयारी भी कर ली थी। बोर्ड की बैठक में भाग लेने के लिए चेयरमैन खालिद अली, ईओ विवेक गौड़ व बाबू अनिल कुमार पहुंच गए। लेकिन कोरम पूरा न होने के कारण चेयरमैन ने बोर्ड की बैठक को स्थगित कर दिया। चेयरमैन खालिद अली ने बताया कि कोरम पूरा न होने के कारण बोर्ड की बैठक को स्थगित कर दिया गया है। अगली बैठक नौ जुलाई को होगी।

एक नजर

लायनेस क्लब ने किया चिकित्सकों को सम्मानित

मुरादाबाद, अमृत विचार : लायनेस प्राचीन क्लब की ओर से डॉक्टर्स डे का आयोजन शशि प्रभा हॉस्पिटल में किया गया। डॉक्टर प्रतीक गर्ग और डॉक्टर रिचा अग्रवाल को उनके चिकित्सा क्षेत्र में किए शानदार कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान सरोज गुप्ता, कैबिनेट सेक्रेटरी अंजू लोचब ,प्रिया पांडे, रीता सिंह, गुंजन, सौम्या, बबीता, नीता, शोभना अग्रवाल, अंजना आदि मौजूद रहीं।

रोटरी क्लब मिडटाउन को सर्वश्रेष्ठ क्लब चुना गया

मुरादाबाद, अमृत विचार : मेरठ में आयोजित एक कार्यक्रम में मुरादाबाद के रोटरी क्लब मिड टाउन क्लब को रोटरी क्लब 3100 में सर्वश्रेष्ठ क्लब और क्लब अध्यक्ष रनवीर अग्रवाल को बेस्ट अध्यक्ष का एवार्ड मिला। पूरे मंडल 3100 में रोटरी क्लब के कई क्लब हैं। इसमें मुरादाबाद मंडल के सभी क्लब आते हैं। उसमें मुरादाबाद मिड टाउन क्लब को सर्वश्रेष्ठ चुना गया। इसके बाद क्लब के अध्यक्ष रनवीर अग्रवाल बेस्ट अध्यक्ष के रूप में चुने गए। उनकी पूरी टीम ने शुभकामनाएं दी हैं। मेरठ में रोटरी क्लब के एक कार्यक्रम में यह अवार्ड दिया गया।

साईं अस्पताल में धूमधाम से मनाया डॉक्टर्स-डे

मुरादाबाद, अमृत विचार : साईं अस्पताल में सोमवार को धूमधाम से डॉक्टर्स-डे मनाया। सभी डॉक्टर्स कांफ्रेंस हॉल में एकत्रित हुए और एक दूसरे को डॉक्टर्स-डे की शुभकामनाएं दीं। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अंकुर गोयल, सुपरिटेंडेंट डॉ. प्रीतम बाला, डॉ. अर्चना गोयल, डॉ. अखिल कौशिक, डॉ. शास्वत मिश्रा, डॉ. हिमांशु रवि गुप्ता, डॉ. उपमन्यु, डॉ. अनिल कुमार परिहार, डॉ. श्वेता कौशिक, डॉ. रेखा जैन, डॉ. आंचल सिंह, डॉ. असगर अली, डॉ. नवेद आदि रहे।

डॉक्टर्स डे पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

मुरादाबाद, अमृत विचार : रोटरी क्लब संस्कृति ने सोमवार को डॉक्टर दिवस और सीए दिवस के अवसर पर दो दिवसीय नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया। इस मौके पर मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप का भी आरंभ किया। कैंप के प्रथम दिन लगभग 110 मरीजों का नेत्र परीक्षण व 10 मरीजों को मुफ्त ऑपरेशन के कार्ड दिए। नेत्र परीक्षण विशेषज्ञ डॉ. पल्लव अग्रवाल, डॉ. प्रांजल अग्रवाल और डॉ. संचिता अग्रवाल ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एसके मेहरोत्रा, डॉ. मोना अग्रवाल, सीए प्रवीण और दीपक बाबू को अमूल्य योगदान के लिए उनको सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, निधि बंसल, पूजा गुप्ता, रजनी मेहरोत्रा, वर्षा मेहरोत्रा, तनुषी मित्तल, सुबोध मेहरोत्रा, शोभित मेहरोत्रा आदि रहे।

श्रीमद्भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम

मुरादाबाद, अमृत विचार : हरथला शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। कथा व्यास मनोज शास्त्री ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान विभिन्न झांकियों ने भी लोगों का खूब मनोरंजन किया। इसके बाद उन्होंने श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग आरंभ किया तो श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर हो गए। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर श्रीकृष्ण का स्वागत किया। भक्तों ने भजनों पर देर तक नृत्य किया। व्यवस्था में मनोज कश्यप, विकास कश्यप, सौरभ पाल, विक्की सैनी, महावीर सिंह, गुरदीप सिंह, चंद्रशेखर, सोमवती, राकेश, कृष्णा देवी आदि मौजूद रहीं।

रामगंगा किनारे अतिक्रमण चिह्नित करने में अड़चन

मंडलायुक्त के आदेश के बाद मोरा का मुस्तकम, मुकर्रबपुर और जिगर कॉलोनी तक हो पाया चिह्नांकन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद में रामगंगा नदी के किनारे अतिक्रमण चिह्नित कर तत्काल उसे कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया था। इसके बाद मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने बैठक में सिंचाई, नगर निगम, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण व जिला प्रशासन के अधिकारियों से अतिक्रमण चिह्नित कर हटाने के लिए कहा। मगर अभी तक रामगंगा किनारे अतिक्रमण चिह्नित करने का काम पूरा नहीं हो पाया है। सोमवार को कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची।

पिछले पांच दिनों में संबंधित विभाग की टीमों ने सिर्फ मोरा मुस्तकाम, मुकर्रबपुर, जिगर कॉलोनी के नट बाबा मंदिर तक ही अतिक्रमण की पैमाइश कराकर चिह्नित किया। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, राजस्व विभाग व बाढ़ खंड विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा रामगंगा के तटबंध के रेखांकन के 150 मीटर के दायरे में आने वाले गाटा संख्याओं में हुए निर्माण को चिह्नित किया जा रहा है। जबकि 2016-17 में प्रस्तावित तटबंध का रेखांकित निश्चित किया गया था। 2021-22 में बरवलान, चक्कर की मिलक, नवाबपुरा से रामगंगा किनारे हुए अतिक्रमण को हटाया गया था। इस बार 2017 तटबंध के रेखांकन के अनुसार अतिक्रमण में आने वाली गाटा संख्याओं को चिह्नित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के 14 जून के आदेश के बाद भी अभी तक रामगंगा किनारे अतिक्रमण पूरी तरह चिह्नित नहीं हो पाया है। मानसून की दस्तक हो चुकी है। ऐसे में विभागों की लेट-लतीफी मुख्यमंत्री के आदेश में रोड़ा न बन जाए।



रामगंगा नदी किनारे बने मकान। ● अमृत विचार

एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार से मुलाकात करते कांठ विधायक कमाल अख्तर, अन्य।

पुराने मकानों पर न हो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई: कमाल अख्तर

मुरादाबाद, अमृत विचार : नदी किनारे बने मकानों को तोड़ने की कार्रवाई से पहले कांठ विधायक ने सपाइयों के साथ एमडीए उपाध्यक्ष से मुलाकात की। उन्होंने एमडीए उपाध्यक्ष से कहा कि नदी किनारे जो पुराने मकान हैं, उन्हें तोड़ा न जाए। जिस पर एमडीए उपाध्यक्ष ने कहा है कि नियम अनुसार की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद मंडलायुक्त ने नदी किनारे बने अवैध मकानों को तोड़ने के आदेश एमडीए व अन्य विभागों को दिए हैं। जिसके तहत मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने रामगंगा नदी किनारे बने मकानों को ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी किए हैं। जिसके चलते सोमवार को कांठ विधायक कमाल अख्तर ने सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव समेत अन्य सपाइयों के साथ एमडीए उपाध्यक्ष से मुलाकात की। एमडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि जांच कराकर नियमनुसार ही कार्रवाई करेंगे। इस दौरान विधायक कमाल अख्तर के साथ सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि, मोहम्मद फैजान, कामिल मंसूरी व जुबेर असद शामिल रहे।

कोसी नदी के तटबंध का साइफन क्षतिग्रस्त, हादसे का सता रहा डर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मूंढापांडे के अगापुर से मंडौली के छह किलोमीटर मार्ग पिछले साल हुई मूसलाधार बारिश के बाद क्षतिग्रस्त हो गया था। कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत के एक साल बाद उस पर काम शुरू किया गया है। इस रास्ते के खराब होने से आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे थे। मूंढापांडे के लगभग आधा दर्जन से अधिक गांव के 20 हजार लोगों को आवाजाही में दिक्कत आ रही थी।

सोमवार को मूंढापांडे के अगापुर से मंडौली के लगभग छह किलोमीटर के रास्ते को सिंचाई विभाग की तरफ से सही कराया जा रहा है। हालांकि अभी भी काम अधूरा है। सिंचाई विभाग जल्द काम को पूरा करने का दावा कर रहा है। जबकि मानसून की दस्तक से सड़क निर्माण का काम रुकने से क्षेत्रवासियों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ेगा। उधर मूंढापांडे के मानपुर पट्टी के कोसी नदी के तटबंध पर बने साइफन क्षतिग्रस्त होने से किसानों की फसलें बर्बाद होने का खतरा मंडरा रहा है। पिछले वर्ष अधिक वर्षा होने से साइफन के आसपास से बरसात का पानी भर जाने से किसानों की कई सो बीघा बर्बाद हो गई थी। इस बार भी साइफन के क्षतिग्रस्त होने से बरसात में कोसी नदी का पानी ओवर फ्लो होने का किसानों को डर सता रहा है।

मूंढापांडे के मानपुर पट्टी के कोसी नदी के तटबंध पर क्षतिग्रस्त साइफन।

> अगापुर से मंडौली के मार्ग पर काम कराया जा रहा है। लंबा रास्ता होने की वजह से अभी काम पूरा होने में चार से पांच दिन का समय और लगेगा।
>
> -आरपी सिंह, अधिशासी अभियंता, सिंचाई खंड

रक्तदान जीवनदायी ही नहीं स्वास्थ्य के लिए भी हितकर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस द्वारा कांठ रोड स्थित सिद्ध हॉस्पिटल पर प्रथम वृहद रक्तदान शिविर लगाया गया। मुख्य अतिथि रोटरी मण्डल 3100 की नवनियुक्त मण्डलाध्यक्ष रोटेरियन दीपा खन्ना ने कहा कि रक्तदान द्वारा व्याधिपीड़ित को तो जीवनदान मिलता ही है, साथ ही रक्तदाता के भी पुराने रक्त का स्थान नवनिर्मित स्वास्थ्यवर्धक रक्त ले लेता है। रक्तदान से पहले रक्तदाता का स्वास्थ्य सम्बन्धी सामान्य परीक्षण भी होता है जो रक्तदाता को स्वस्थ रखने में सहायक होता है। विवेक गोयल ने 43वीं बार रक्तदान किया। रोटेरियन मुनेन्द्र शर्मा, रश्मि गोयल, सौरभ अग्रवाल, पुष्पेन्द्र अग्रवाल, संजय सिंघल, प्रियंक अग्रवाल, गुरप्रीत सिंह, नेहा सिंघल, पिंकी राय, प्रियंका गुप्ता, नईम, सतपाल, खुर्शीद,राजू आदि ने भी रक्तदान किया। मुख्य अतिथि मण्डलाध्यक्ष दीपा खन्ना व अनिल खन्ना ने सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया।

रोटरी क्लब की ओर से लगाए गए शिविर में रक्तदान करते विवेक गोयल।

● **रोटरी क्लब मुरादाबाद एक्सिस का रक्तदान शिविर के साथ सेवा सत्र का आरंभ**

शिक्षक ने छात्र को पीटा परिजनों ने दी तहरीर

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : स्कूल में शिक्षक द्वारा छात्र को बेरहमी से पीटा गया। जिस पर छात्र के परिजनों ने शिक्षक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की ।

नगर के मोहल्ला बहेड़ा वाला वार्ड नं 7 निवासी जाकिर हुसैन पुत्र जमील अहमद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका पुत्र सनिब नगर के एक विद्यालय में कक्षा 8 का छात्र है। सोमवार को किसी बात पर स्कूल के शिक्षक ने उसे बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। अन्य छात्रों के सामने उसे जलील भी किया। घर पहुंचे छात्र द्वारा इस घटना की शिकायत परिजनों से की। जिसपर छात्र के पिता ने स्कूल पंहुचकर शिक्षक से शिकायत की तो वह अभद्रता करने लगा। पीड़ित के परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन पार्टी के सांसद, विधायक, पदाधिकारियों व कार्यकर्ता ने हर्षोल्लास से मनाया। पीडीए के नाम पर पौधरोपण किया गया। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव एवं सांसद रूचि वीरा के अलावा पार्टी के अन्य पदाधिकारी व जिले के कार्यकर्ता मौजूद रहे। रक्तदान करने के साथ ही जिला अस्पताल में में बीमारों और तीमारदारों को फल वितरित किए गए।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो पौधे हमने लगाए हैं वह पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। पीडीए के नाम से पौधरोपण से सामाजिक बदलाव का आगाज किया है। इसके बाद पार्टी कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आरंभ जिलाध्यक्ष व पूर्व मंत्री विधायक कमाल अख्तर ने किया। जिसमें 16 यूनिट रक्तदान किया गया।

दोपहर में जिला अस्पताल में मरीजों को फल ,फ्रूटी, बिस्किट आदि वितरित किए गए। शाम को राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु की कामना करते हुए उनके चित्र के समक्ष केक काटा गया। इस अवसर गीत संगीत के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सांसद रूचि वीरा, पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू ,महिला सभा की जिलाध्यक्ष शीरी गुल, डॉ. विकास चौधरी, लाखन सिंह सैनी, धर्मेन्द्र यादव, विजयवीर यादव, विकास नागभारती, राजेश यादव, नरेश शर्मा, अमित प्रजापति, अशोक सैनी, वेदप्रकाश सैनी, प्रशांत सैनी, सुरेंद्र शर्मा, एमपी सिंह आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सपा कार्यालय पर केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते कार्यकर्ता।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्म दिन पर लगाए 51 पौधे

मुरादाबाद, अमृत विचार : नगर विधानसभा के अंतर्गत पंडित नगला बाईपास पर समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायक हाजी यूसुफ अंसारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री का 51वां जन्मदिन पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उत्सव के रूप में मनाया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने 51 पौधे रोपकर रक्तदान भी किया। जिला अस्पताल में बीमारों को फल भी वितरित किए। पूर्व विधायक हाजी यूसुफ अंसारी ने कहा कि अखिलेश यादव के कुशल एवं सक्षम नेतृत्व में 37 सांसदों की जीत से समाजवादी पार्टी देश में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गयी है। चुनाव का जनादेश भाजपा के विरुद्ध और उसकी नैतिक हार का संकेतक है। इस मौके पर नगर विधानसभा अध्यक्ष कमरूज्जमा सैफी एडवोकेट, फैसल अंसारी, जितेंद्र प्रजापति, चौधरी युसूफ, आतिफ, बिजेंदर जाटव, शोभित गुप्ता, विशाल पाल आदि मौजूद रहे।

युवती से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : युवती को प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के रतुपुरा रोड स्थित एक गांव की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि पड़ोसी युवक अबरार पुत्र सदर खां ने निकाह का झांसा देखकर अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। 24 जून को जब परिवार के लोग घर पर नहीं थे तो युवक ने उसे घर में अकेला देखकर दबोच लिया और जबरन दुष्कर्म किया था। शोर मचाने पर लोगों के आने से आरोपी मौके से भाग गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

रोडवेज ने बाइक को रौंदा, दो की मौत

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार : धामपुर रोडवेज की बस में मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पर मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना छजलेट क्षेत्र के ग्राम पचोकरा मंदिर के पास सोमवार की सायं लगभग 6:00 बजे धामपुर से बस मुरादाबाद जा रही थी। वहीं मुरादाबाद की तरफ से आ रही बुलेट सवार युवकों द्वारा ट्रक को ओवरटैक करते हुए बस से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों बाइक सवार बस के पहिए के नीचे काफी दूर से घसीटते चले गए। दुर्घटना में थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम मनकुआ निवासी शुभम (38) पुत्र बलबीर सिंह व थाना असमोली जनपद संभल निवासी मनदीप उर्फ गोल्डी (35) पुत्र ग्रीरेंद्र सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दोनों युवक एक-दूसरे के रिश्तेदार थे। सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक लखपत सिंह मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि दोनों के एक-एक पुत्र है।

मनदीप उर्फ गोल्डी।

शुभम कुमार।

इमरतपुर के युवक की शाहजहांपुर में दुर्घटना में मौत

कुंदरकी, अमृत विचार : कुंदरकी ब्लॉक के ग्राम इमरतपुर ऊधो निवासी ट्रक चालक वाजिद हुसैन की शाहजहांपुर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। थाना मैनाठेर क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर ऊधो निवासी बुद्धा का पुत्र वाजिद ट्रक चालक था। वह 15 दिन पूर्व गाड़ी में माल लेकर बाहर गया था और सोमवार की सुबह गुलाब बाग कटियार पीलीभीत से माल भरकर उत्तराखंड के काशीपुर ले जा रहा था। रास्ते में दो ट्रकों की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें वाजिद और सद्दाम गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको पुलिस ने शाहजहांपुर स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर दोनों की हालत गंभीर बनी हुई थी। इलाज के दौरान वाजिद की मौत हो गई। वहीं सद्दाम की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक वाजिद के भतीजे गुलाम मुस्तफा ने बताया कि सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे और उनके शव को गांव लाकर कब्रिस्तान में दफना दिया। मृतक के पत्नी, तीन बेटी और एक बेटे है। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

वाजिद।

दो घरों से जेवरात और एक लाख रुपये चोरी

कुंदरकी, अमृत विचार: क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदाते बढ़ रही हैं। नसीम अहमद पुत्र अफसर अली निवासी ग्राम इमृतपुर सिरसी के अनुसार रविवार की रात्रि जब वह परिवार के साथ घर में सोया हुआ था। तभी रात्रि में उसके मकान की दीवार में कूमल लगाकर चोर घर में घुस गए और मकान बनाने के लिए जमा किए हुए एक लाख रुपये नगद व 20 किलो मेंथा तेल और दो लाख रुपये की कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चुराकर फरार हो गए। जब वह सुबह नमाज पढ़ने के लिए उठा तो तब घटना का पता चला। वही दूसरी ओर गांव के ही मुबारिक पुत्र मौखा के मकान में ही चोर दीवार में नकब लगाकर दस हजार रुपये लेकर फरार हो गए।

शांति की अपील

भगतपुर, अमृत विचार: पुलिस ने कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक की और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

कटघर क्षेत्र में पति की दूसरी शादी में पहली पत्नी का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **तीन तलाक बोलकर गुपचुप शादी कर रहा था पति**

अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात पति की दूसरी शादी होने की जानकारी पर पहुंची पहली पत्नी ने तीन घंटे तक समारोह में हंगामा किया। जिससे शादी हॉल में खाना खा रहे लोगों में भगदड़ मच गई। महिला ने कहा कि इसने 2019 में मुझसे शादी की है। इसके बाद तीन बार तलाक बोलकर घर से निकाल दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को समझा-बुझाकर शांत किया। महिला ने पति समेत पांच के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र की निवासी महिला ने तहरीर में बताया है कि मैनाठेर थाना क्षेत्र निवासी युवक से जनवरी 2019 में निकाह हुआ था। शादी के बाद पति ने छोटी बहन की शादी के बाद साथ में घर ले जाने के लिए कहा। महिला का आरोप है कि इस बीच युवक ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इसी बीच वह कई बार युवक के घर भी गई। जहां पर पति समेत ससुरालीजनों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद पति ने तीन तलाक बोलकर घर से भगा दिया। पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि रविवार को उसे पति की दूसरी शादी का कार्ड मिला। आनन-फानन वह शादी समारोह में पहुंच गई। जहां पर वह दूसरी महिला के साथ गुपचुप शादी रचा रहा था। इसके बाद महिला ने हंगामा करना शुरू कर दिया। शादी हॉल में खाना खा रहे लोगों में भगदड़ मच गई। रोते-बिलखते महिला ने तीन घंटे तक विवाह समारोह में हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को समझा-बुझाकर शांत किया।

पौधरोपण नगर निगम की सहयोगी संस्था आईईसी टीम व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने किया कार्यक्रम का आयोजन

लोहिया पार्क में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नगर निगम की सहयोगी संस्था आईईसी टीम व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के सहयोग से सोमवार को सिविल लाइन स्थित लोहिया वेस्ट टू वंडर पार्क में पौधरोपण किया गया। इसके माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

ब्रांड एंबेसडर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना ने कहा कि नगर निगम की सहयोगी संस्था के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए पार्क में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि पेड़ पौधों का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान है कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम से एक पेड़ लगाए। जिससे पर्यावरण को शुद्ध रखा जा सकेगा। इस दौरान अरुण कुमार सक्सेना, केबी सक्सेना, लवली सक्सेना, अरविंद सक्सेना, डब्लू सक्सेना, अब्दुल्ला मन्नान और आईईसी टीम से आसिफ, राहुल, मोहित, यशवीर आदि मौजूद रहे।

लोहिया पार्क में पौधरोपण करते नगर निगम व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि।

अटल पार्क में पौधरोपण करते प्रकृति सेवा समिति के पदाधिकारी।

पौधरोपण कर दिया धरती को हरा भरा करने का संदेश

मुरादाबाद, अमृत विचार : वन महोत्सव सप्ताह के पहले दिन प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से सोमवार को वृक्ष हमारे जीवन साथी अभियान के अंतर्गत अटल पार्क आशियाना फेज 2 में औषधीय पौधे करी पत्ता का रोपण किया। इस दौरान मुख्य अतिथि नगर निगम पार्षद दिनेश चंद गोला ने कहा कि पौधरोपण में बच्चों की भागीदारी का मुख्य उद्देश्य पौधों के प्रति मित्रता, प्रेम भाव, संरक्षण और संवर्धन से है। संस्थापक, महासचिव नेपाल सिंह पाल ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के साथी हैं। इस दौरान हरवेंद्र सिंह, अरुण कुमार, राजू सिंह, सहदेव सिंह, उमा शंकर, राहुल गौतम लोग आदि मौजूद रहे।

विशाल तिवारी मेमोरियल टेबल टेनिस टूर्नामेंट के अनिल चैम्पियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : महानगर निवासी अनिल सेन ने एक बार फिर जनपद का नाम रोशन किया है। सीनियर टेबल टेनिस खिलाड़ी विशाल तिवारी मेमोरियल टेबल टेनिस टूर्नामेंट में चैम्पियन बना है। इससे महानगर के खिलाड़ी में खुशी का माहौल है। उन्होंने अनिल सेन को इस उपलब्धि पर बधाई दी

अनिल सेन ने बताया कि हरियाणा के गुड़गाव में विशाल तिवारी मेमोरियल ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इसका आयोजन प्रोग्रेसिव टेबल टेनिस एकेडमी में 28 से 30 जून तक हुआ। इसमें महानगर निवासी अनिल सेन का मास्टर वर्ग 39 प्लस में क्वार्टर फाइनल मैच दिल्ली के विजय सिंह के साथ हुआ। इसमें अनिल ने 3-0 से एकतरफा जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां उनका मुकाबला गाजियाबाद के प्रकाश त्रिपाठी के साथ हुआ। इसमें उन्होंने 3-1 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल का टिकट कटाया। फाइनल में उनका सामना आशीष जायसवाल के साथ हुआ। इस मैच को भी अनिल सेन ने 3-1 से जीतकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। उनके इस प्रदर्शन पर क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक व अन्य खिलाड़ियों ने बधाई दी।

प्रशस्ति पत्र के साथ विशाल तिवारी मेमोरियल टेबल टेनिस टूर्नामेंट के चैम्पियन अनिल सेन।

● **39 प्लस आयु वर्ग में हासिल किया पहला स्थान, हरियाणा के गुड़गाव में आयोजित हुई प्रतियोगिता**

एक नजर

गाली देने से मना करने पर युवक को पीटा, घायल

हसनपुर, अमृत विचार : गाली देने से मना करने पर लोगों ने पड़ोसी को पीटकर उसे घायल कर दिया। वह अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिय। नगर के मोहल्ला काला शहीद निवासी नावेद अपने परिवार के साथ रहता है। सोमवार सुबह वह शराब पीकर गाली दे रहा था। नावेद ने विरोध किया तो उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर नावेद को मारा पीटा। कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया कि मारपीट के मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

संतोष कुमार बने जिला सेवा योजन अधिकारी

अमरोहा, अमृत विचार : प्रदेश शासन द्वारा किए गए स्थानांतरण में जिला सेवायोजन कार्यालय के नए अधिकारी संतोष कुमार होंगे। सोमवार को सेवायोजन कार्यालय के कनिष्ठ लिपिक राम जी मिश्रा ने बताया कि नए जिला सेवायोजन अधिकारी संतोष कुमार सिंह होंगे। यह गाजियाबाद से स्थानांतरण होकर अमरोहा आएंगे। कनिष्ठ लिपिक और एक चपरासी ही कार्यालय को चला रहे थे। जबकि कार्यालय का कार्यवाहक अधिकारी सुशील कुमार को बनाया गया था। वह मुरादाबाद कार्यालय में तैनात है।

तिगरिया भूड़ में पुलिस पिकेट बनवाने की मांग

गजरौला, अमृत विचार : तिगरिया भूड़ निवासी शंकर सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पत्र भेजकर पुलिस पिकेट बनवाने की मांग की है। शंकर सिंह की मां चंदोदेवी को कुछ लोगों ने धक्का देकर गिरा दिया था। इससे उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। शंकर सिंह का कहना है कि तिगरिया भूड़ में घटनाओं को रोकने और सुरक्षा के लिए पुलिस पिकेट होनी बहुत जरूरी है। शंकर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इस मांग को लेकर पत्र सौंपा।

विश्व हिंदू महासंघ के रामपुर जिला प्रभारी बने संजय

डिडौली, अमृत विचार : मंडल मुरादाबाद विश्व हिंदू महासंघ की बैठक प्रदेश मंत्री रोहित गुप्ता के कार्यालय डिडौली में हुई। इसमें रामपुर जिला प्रभारी संजय शर्मा की नियुक्ति हुई। मंडल प्रभारी पुनीत चीमा, जिला अध्यक्ष सोमवीर, जिला अध्यक्ष युवा चमन सैनी, जिला अध्यक्ष अमरोहा देवेश चौधरी, जिला अध्यक्ष रामपुर प्रदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष बिजनौर धीरेंद्र चौधरी रहे।

खेत पर सिंचाई कर रहे किसान की करंट से मौत, हत्या का आरोप

लापरवाही से मौत के आरोप में रहरा थाना में पिता-पुत्र पर रिपोर्ट

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : पड़ोसी के खेत की तारबंदी पर प्रवाहित करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इसके बाद परिवार वालों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस मामले में रहरा थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत लापरवाही से मौत के आरोप में पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

यह मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढ़किया खादर का है। यहां किसान जगपाल (45) सोमवार सुबह 5:30 बजे धान की पौधे लगाने के लिए खेत में पानी भरने गए थे। पड़ोसी किसान ने अपने खेत के चारों ओर छुट्टा पशुओं को रोकने के लिए तारबंदी कर रखी थी। इसमें पहले से ही करंट प्रवाहित था। सिंचाई के दौरान जगपाल पड़ोसी के खेत के पास पहुंचे तो वह तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। चीख पुकार सुनकर पास के खेत में काम कर रहे लोगों ने उन्हें उठाया और परिजनों को सूचना दी। परिजन खेत पर पहुंचे और किसान को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बिजली के करंट से किसान की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक जगपाल ने अपने पीछे पत्नी कश्मीरी व दो पुत्र अमित, संजय व एक पुत्री को छोड़ा है। पुत्री की शादी हो चुकी है।

थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि मृतक जगपाल के पुत्र संजय की तहरीर पर खेत की तारबंदी कर करंट छोड़ने के आरोप में पिता-पुत्र के खिलाफ नए कानून के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

फसलों को बचाने के लिए खेतों की कर रहे तारबंदी

बुरावली, अमृत विचार : छुट्टा गोवंश से फसलों को बचाने के लिए खेतों की तारबंदी कर किसान करंट छोड़ रहे हैं। नुकिले तार हादसे का सबब बन रहे हैं। यदि इन तारों में बिजली का करंट न छोड़ा जाता तो किसान की करंट से जान नहीं जाती। किसानों की लापरवाही गोवंश पशु या व्यक्ति की मौत का कारण बन रही है।

घटना के बारे में जानकारी देता युवक।

ग्रामीणों से बात करते चौधरी उपेन्द्र सिंह।

खाद गुर्जर बिजली घर पर नौ जुलाई को करेंगे प्रदर्शन

संवाददाता, गजरौला

- चौधरी उपेन्द्र सिंह ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाया

अमृत विचार : राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की बल्दाना हीरा सिंह, होशंगपुर, देहरा घनश्याम, नगलिया बहादरपुर गांवों में नुक्कड़ सभाएं हुईं।

पश्चिमी यूपी के अध्यक्ष चौधरी उपेन्द्र सिंह ने केन्द्र व प्रदेश सरकार पर किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। कहा कि सरकार अब गांवों में बिजली के प्री-पेड मीटर लगवाने की तैयारी कर रही है। सरकार किसानों के गन्ने का भुगतान छह माह से लेकर एक वर्ष तक नहीं करा पाती है और किसानों व मजदूरों से एडवांस बिजली बिल लेने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के निजी नलकूप के बिल माफ करने की घोषणा की थी। अब बिल माफी के नाम पर तरह तरह की शर्तें लगाकर किसानों को परेशान किया जा रहा है। उन्होने बिना शर्त नलकूप बिल माफ कराने की मांग की। 9 जुलाई को 33 केवीए बिजली घर खाद गुर्जर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर सरदार कुन्दन सिंह, रामकिशन सिंह, जसपाल सिंह,लकी गौसल, विजयपाल सिंह, लुकमेंश सिंह, चरन सिंह बलजीत सिंह, बलराज सिंह यादव, दयाराम यादव, सुशील कुमार आदि रहे।

अमरोहा ब्लाक के सफाई कर्मचारी को किया गया निलंबित

अमरोहा, अमृत विचार : जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने गांव हादीपुर कला के सफाई कर्मचारी विकास कुमार को अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने सफाई कर्मचारी विकास का स्थानांतरण ग्राम पंचायत तिगरी में किया था। बताया कि सफाई कर्मचारी का स्थानांतरण हुए तिगरी में ड्यूटी को ज्वाइन नहीं किया। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने सफाई कर्मचारी को निलंबित कर दिया और सभी भुगतानों पर रोक लगा दी। कार्रवाई से अन्य सफाई कर्मियों में खलबली मची हुई है।

हर घर को 300 यूनिट बिजली फ्री दे सरकार

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : फाजलपुर बिजली घर में सोमवार को जिला अध्यक्ष विजयवीर सिंह के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई। इसमें क्षेत्र के किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी को बताया कि प्रदेश सरकार उनके साथ धोखा कर रही है। चुनाव के दौरान मुफ्त बिजली देने को कहा था।

अब रजिस्ट्रेशन कराकर मीटर लगवाना चाहती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार को किसानों के बीच बैठाकर वार्ता की। कहा कि किसी के भी ट्यूबवेलों पर मीटर न लगाया जाए। फूंके ट्रांसफार्मर जल्द ही बदलवा जाए। कहा कि प्री-पेड मीटर लगाने के लिए सर्वे चल रहा है, उसे रोका जाए। प्री-पेड मीटर तेज चलते हैं। किसानों के घरों पर प्री-पेड मीटर नहीं लगने देंगे।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले बिजली घरों पर तैनात एसएसओ की नौकरी छीन ली गई है। एसएसओ की नौकरी से हटाने का विरोध करते हुए उन्हें समर्थन देने का एलान किया। उत्तर प्रदेश हर घर के लिए 300 यूनिट बिजली फ्री दे। इस मौके पर जगदेव सिंह, सीमा चौधरी, चरण सिंह, कामिल चौधरी, केसर सिंह, राजवीर सिंह, विकास चौधरी, अंकित चौधरी, अभिषेक भुल्लर, अजब सिंह, सुहेल, समीर चौधरी, इंद्रपाल, स्वराज सिंह, अभय चौधरी, सिद्धार्थ नगर, देवराज सिंह, चंद्रपाल यादव, ऋषि पाल यादव, प्रशांत, शैलेंद्र, संजू सैनी, साहिल चौधरी, आरिफ चौधरी, आदि किसान मौजूद रहे।

फाजलपुर बिजली घर में अधिशासी अभियंता से वार्ता करते किसान।

10 जुलाई को भाकियू शंकर करेगी आंदोलन

हसनपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया था। धरना स्थल पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पहुंच कर मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया था। भाकियू शंकर के तहसील अध्यक्ष ने कहा कि अगर 10 जुलाई तक मांगों को पूरा नहीं किया गया तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

गोष्ठी में जानकारी देते एसपी कुंवर अनुपम सिंह। ● अमृत विचार

नए कानूनों से न्याय प्रणाली में आएगा बदलाव : एसपी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी में जागरुक किया। महत्त्वपूर्ण प्रावधानों, अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि देश में तीन नए कानून लागू हो चुके हैं। इनसे आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएगा। न्याय सुगम होगा और मुकदमे जल्दी निपटेंगे। नारी, बच्चों, बुजुर्गों को विशेष शक्तियां दी गई हैं। इस दौरान एएसपी राजीव कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय अभिषेक कुमार आदि रहे।

बैठक में नए कानूनों की दी जानकारी

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : सोमवार से लागू हुए तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनयम को लेकर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक हुई। इसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी ने इन कानूनों पर चर्चा की। कावड़ यात्रा और मोहर्रम में नई परंपरा नहीं डालने की अपील की।

नगर स्थित कोतवाली में सोमवार को अमन कमेटी की बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने नए कानूनों के बारे में जानकारी दी। सीओ ने सभी नगर वासियों को कानून की धाराओं में हुए बदलाव के विषय में बताया।

उन्होंने आगामी सावन मास की कावड़ यात्रा एवं मोहर्रम के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को ताजियों का जुलूस निकाले जाएंगे, जो कोतवाली क्षेत्र के नगर, ग्राम काला खेड़ा एवं पिपलौती खुर्द में निकले जाते हैं। कावड़ यात्रा 22 जुलाई से प्रारंभ हो रही है। बैठक में शहर इमाम मेहराजुद्दीन, मुकेश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, संजय सहदेव, सद्दाम, चमन अंसारी, अमर सिंह खड़गवंशी आदि रहे।

अमन कमेटी की बैठक में बोलते सीओ। ● अमृत विचार

कांवड़ यात्रा व जुलूस के दौरान शांति की अपील

आदमपुर, अमृत विचार : आदमपुर थाने में सोमवार को लोगों के साथ एक बैठक की गई। इसमें कांवड़ यात्रा व ताजियों के जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाने रखने की अपील की। नई परंपरा ने डालने की हिदायत दी। नए कानून की जानकारी दी। इस दौरान थानाध्यक्ष शोकेंद्र कुमार, धर्मवीर सैनी, ग्राम प्रधान आदमपुर, हनीफ मलिक, कारी असलम, संजय कुमार, चंद्रपाल सिंह आदि रहे।

महिला से ठगी के मामले में यूनाइटेड किंगडम के व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : यूनाइटेड किंगडम के व्यक्ति ने महिला से तीन लाख 21 हजार रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के होशंगपुर गांव निवासी स्वर्गीय तरुण चौधरी की पत्नी सोनल गोशल की यूनाइटेड किंगडम के व्यक्ति से इंस्ट्राग्राम के माध्यम से जान पहचान हो गई थी। वहीं से व्यक्ति को सोनल का मोबाइल नंबर मिल गया। व्यक्ति ने सोनल को फोन करके भारत में आने के लिए कहा। व्यक्ति ने सोनल से उसके खाते में 24 लाख रुपये डालने की बात कहते हुए लिंक दिया। इसे खोलते ही सोनल के खाते से तीन लाख 21 हजार रुपये निकल गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि एसपी के आदेश पर यूनाइटेड किंगडम के डॉ. सोहान निकोलाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सार-संक्षेप

ईओ को सौंपा ज्ञापन, सड़क बनवाने की मांग

अमरोहा, अमृत विचार : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने नगर पालिका परिषद के ईओ डॉ. बृजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें रौनक वाटिका के पीछे सड़क बनवाने और नगर में सफाई कर्मचारियों की नियुक्त करने की मांग की। ईओ ने समस्याओं का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में बताया कि जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में तैनात सफाई कर्मचारी लिपिक का काम देख रहे हैं। अभी तक वहीं जमे हुए हैं। पिछली बार एक ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर मांग की गई थी कि इनको मूल तैनाती पर भेजा जाए। ग्राम पंचायतों में सफाई कराई जाए। सुभासपा की ओर से तीन जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय में इस संबंध में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित दिया जाएगा।

ईओ को ज्ञापन सौंपते सुभासपा जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर।

महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति लगवाने की मांग

हसनपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग के प्रदेश मंत्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। नगर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति लगवाने की मांग उठाई। पालिका अध्यक्ष ने उन्हें आश्वासन दिया। नगर पालिका कार्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग की ओर से पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी को एक ज्ञापन दिया गया। नगर में किसी चौराहे पर महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति लगाकर उसका नाम वाल्मीकि चौक किया जाए। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका बोर्ड की बैठक में आपका प्रस्ताव रखा जाएगा। ज्ञापन पर बृजेश मंत्री, विजयपाल, संजय सहदेव, रविंद्र, करन सिंह, अजय पाल, अजय, सहदेव ,सीमा, रवि, रविंदर आदि के हस्ताक्षर हैं।

पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते लोग।

उधार के रुपये मांगने पर कैंटीन संचालक को पीटा

अमरोहा, अमृत विचार : सैदनगली थाना क्षेत्र में उधार के पैसे मांगने पर कैंटीन संचालक को पीटकर घायल कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के आंबेडकर कॉलोनी में विकास पुत्र कलवा का परिवार रहता है। विकास कैंटीन चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। पीड़ित का आरोप कि 14 फरवरी को क्षेत्र के ही प्रिंस, उदित उसके कैंटीन पर आए। सामान उधार लेना शुरू कर दिया। 5 महीने गुजर जाने के बाद जब उन्होंने उधार लिए सामान के पैसे नहीं दिए, तो उसने उधार देना बंद कर दिया और पैसे मांगने शुरू कर दिए। इससे दोनों लोग भड़क गए और बीती रात मारपीट करने पर उतारू हो गए। पीड़ित का कहना है कि जब वह अपने भाई नितिन, माता आशा देवी पत्नी कामिनी के साथ आरोपियों के घर पहुंचा, तो उन्होंने उसके साथ भी मारपीट की और रुपये देने से इनकार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि तीनों लोगों पर 10,000 से अधिक रुपए हैं। प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

अलीगढ़ मार्ग पर छुट्टा गोवंश से हादसे का खतरा

हसनपुर, अमृत विचार : अलीगढ़ मार्ग पर छुट्टा गोवंश से हादसे का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गोवंश को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग उठाई है। अलीगढ़ मार्ग पर जगह-जगह छुट्टा गोवंश रहते हैं। इससे बाइक सवार जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर है। गोवंश के हमले से कई लोगों की जान चुकी है, जबकि कई लोग घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन गोवंश को संरक्षित नहीं करा रहा है। अलीगढ़ मार्ग पर शाहपुर कला तीसरे मिल, रहरा तक छुट्टा गोवंश घूमते हुए नजर आ रहे हैं।

सड़क पर घूमते छुट्टा गोवंश।

वाईएमएस डिग्री कॉलेज में मौजूद बीएड के विद्यार्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में अम्बिका प्रथम

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर के वाईएमएस डिग्री कॉलिज का बीएड द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को सम्माननित किया गया। छात्रा अम्बिका रस्तौगी ने 79 .78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, हर्षित त्यागी ने 79 .57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व उजमा ने 79 .21 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्रबंधक रियाज अहमद ने बीएड द्वितीय वर्ष में महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर तीनों छात्र-छात्राओं को शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. एके सिंह, बीएड प्रवक्ता डॉ. मनु सिंह, संजय सिंह, मोबीन अहमद आदि मौजूद रहे।

सभासद दीपाली की मांग पर बनाए स्पीड ब्रेकर

गजरौला, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की नामित सभासद दीपाली गंगवार की मांग पर इंदिरा चौक की दिशा में फ्लाईओवर से उतरते समय ढलान पर स्पीड ब्रेकर बनाया गया है। उन्होंने जनहित में यह मुद्दा उठाया था। फ्लाईओवर के ढलान पर वाहनों की तेज रफ्तार होने के कारण यहां हादसे हो रहे थे। सोमवार को कर्मचारी एचडीएफसी बैंक के सामने ढलान पर पहुंचे और यहां स्पीड ब्रेकर बनाया। दीपावली गंगवार के प्रयास की लोगों ने प्रशंसा की है।

स्पीड ब्रेकर बनाते कर्मचारी।

आयोजन धूमधाम के साथ मनाया श्री श्याम महोत्सव, निशान यात्रा निकालने के बाद भंडारा हुआ

बाबा खाटू श्याम की भजन संध्या में जमकर झूमे भक्त

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : बाबा खाटू श्याम मंदिर की स्थापना दिवस पर श्री श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भजन संध्या में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस पर भक्त जमकर झूमे।

बाबा खाटू श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से दो दिवसीय श्री श्याम महोत्सव मनाया गया। निशान यात्रा निकाली गई और भंडारा हुआ।

भक्तों ने रविवार देर रात्रि नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर के निकट स्थित रामलीला मैदान पर भजन संध्या का आयोजन किया। इसका आरंभ पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बाबा खाटू श्याम की पूजा अर्चना करके किया। भजन संध्या में राजू हस चुलकाना धाम, आयुष सोमानी जयपुर, रजनी शर्मा ग्वालियर एवं विवेक सोनी ने बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर संदीप अग्रवाल, पराग अग्रवाल, मोनू राणा, शैंकी अग्रवाल, नरेश चौहान, मोहित चौहान, शोभित शर्मा, अंकित गुप्ता, अनिल अग्रवाल, पवन रस्तोगी, पुनीत अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, हिरदेश अग्रवाल व अशोक रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

बाबा की पूजा करते पालिका अध्यक्ष।

खाटू श्याम की भजन संध्या में जुटी भीड़। ● अमृत विचार

चयनित विद्यार्थियों के साथ प्रसन्न मुद्रा में शिक्षक। ● अमृत विचार

11 छात्र-छात्राओं का स्पोर्ट्स स्कूल सोनीपत में हुआ चयन

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : नगर के अमरोहा रोड स्थित बीएसडी एकेडमी के 11 छात्र छात्राओं का चयन स्पोर्ट्स स्कूल सोनीपत के लिए हुआ है। प्रबंधक नितिन धारीवाल ने बताया कि स्पोर्ट्स स्कूल राई सोनीपत हरियाणा में बीएसडी के 11 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। इनमें दित्या, आयुषी, कार्तिक, अतुल, अरिहंत, रुद्र, मानव भारद्वाज, अब्दुल, मोहम्मद शान, गार्विक व अक्षित शामिल हैं। प्रबंधक नितिन धारीवाल व निर्देशिका सुशीला धारीवाल ने इन छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान रवि कौशिक, रौनक अलुना,राहुल पाल, नीतू सागर, लविता चौधरी, तेजपाल, संचित, प्रवेंद्र, हर्षित, नितिन, सोनिया जैन आदि मौजूद रहे।

तलाश गस्ती

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.03.24 को समय 17.44 बजे एक अज्ञात महिला नाम पता अज्ञात उम्र करीब 25 वर्ष गंगा नदी तिगरी घाट पर पानी में तैरते हुए मृतका का शव बरामद हुआ था। शव का पोस्टमार्टम दिनांक 12.03.24 को कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0स0 397/24 धारा 302/201 भादवि पंजीकृत किया गया। अज्ञात महिला के शव की पहचान नहीं हो रही है यदि किसी थाना अथवा व्यक्ति को मृतक महिला के बारे में कोई जानकारी मिलती है तो थाना गजरौला को निम्न नम्बरो पर सूचित करने का कष्ट करें। हुलिया अज्ञात मृत महिला उम्र करीब 25 वर्ष, रंग - गेंहुआ फुट 5 कद करीब,

प्रभारी निरीक्षक
थाना गजरौला, जनपद अमरोहा
मो0न0- 9454403674

एक नजर

एम आबदीन का तबादला अब योगेंद्र बने पीटीओ

संभल, अमृत विचार : शासन ने संभल में तैनात पीटीओ एम आबदीन अहमद का स्थानांतरण सीतापुर कर दिया है। यह जानकारी एआरटीओ प्रशासन डॉ .पीके सरोज ने दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ से पीटीओ योगेंद्र यादव को संभल में तैनाती दी गई है। हालांकि अभी न तो एम आबदीन अहमद रिलीव हुए हैं और न ही योगेंद्र यादव यहां पहुंचे हैं।

भैंस और बकरी चोरी

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना में चोर घर के आगे बंधी भैंस और बकरी खोलकर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी बिचौला निवासी शाने आलम का घर गांव से बाहर पतरिया को जाने वाले मार्ग के पास है। रविवार को देर रात चोर घर के बाहर बंधी भैंस और बकरी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने काफी तलाश किया लेकिन बकरी और भैंस नहीं मिली।

कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर किया जागरूक

असमोली, अमृत विचार : असमोली क्षेत्र के सैदपुर जसकोली मार्ग पर स्थित जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज में वन विभाग वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य मोहम्मद मूनिस, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। बताया गया कि वन महोत्सव का कार्यक्रम 1 जुलाई से 7 जुलाई तक किया जाता है। जिसका उद्देश्य आम जनमानस एवं बच्चों को पौधरोपण के लिए जागरूक कर पर्यावरण सुरक्षित कर प्रदूषण को दूर करना है। लोगों को इस अभियान को बढ़ाना देना चाहिए। इस दौरान वन दरोगा मोहित कुमार, यादव चंद बेलवाल, बीट प्रभारी राकेश कुमार आदि रहे।

जमीन बंटवारे के विवाद में दो महिलाएं गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : जमीन बंटवारे को लेकर आपस में विवाद कर रही दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गांव हजरतनगर गढ़ी निवासी प्रेमपाल की पत्नी आशा व हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर उर्फ वाजिदपुर निवासी मनोज की पत्नी पूनम सोमवार को जमीन बंटवारे को लेकर थाने के पास स्थित चाय की दुकान के पास आपस में गाली गलौज करते हुए मारपीट करने पर आमादा हो रही थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आशा व पूनम को गिरफ्तार कर लिया।

लखनऊ में कमल कौशल वार्ष्णेय को नियुक्ति पत्र देते प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान।

संभल चैप्टर के दोबारा चेयरमैन बने कमल कौशल, दिलाई शपथ

संवाददाता,संभल

अमृत विचार : संभल के प्रमुख हैंडीक्राफ्ट कारोबारी कमल कौशल वार्ष्णेय को दोबारा आईआईए के संभल चैप्टर का चेयरमैन बनाया गया है। हैंडीक्राफ्ट कारोबारियों ने कमल कौशल को फिर से जिम्मेदारी दिये जाने पर खुशी जाहिर की है।

आईआईए भवन लखनऊ में हुए समारोह में प्रदेश के मंत्री एमएसएमई विभाग राकेश सचान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल की उपस्थिति में संभल के सरायतरीन निवासी कमल कौशल वार्ष्णेय को पुनः संभल का चैप्टर चेयरमैन का नियुक्ति पत्र सौंपा। समारोह में केंद्रीय पदाधिकारियों एवं जिलों के चैप्टर चेयरमेनों को पद सत्यनिष्ठा व कर्तव्य की शपथ दिलाई गई। आईआईए के सदस्यों से उद्यम पंजीकरण की संख्या बढ़ाने का आह्वान किया। कहा गया कि उद्योगों से संबंधित समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान संभल के नवलेश कुमार समेत प्रदेश भर के उद्यमी मौजूद रहे।

असगरीपुर में शुरू हुआ था निर्माण लेकिन पॉलिटेक्निक कॉलेज में कक्षाएं नहीं हो सकीं शुरू

करोड़ों खर्च करके भी चालू नहीं हुआ पॉलिटेक्निक कॉलेज

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : युवाओं को तकनीकी शिक्षा मुहैया कराने के लिए भले ही वर्ष 2011 में असमोली क्षेत्र के गांव असगरीपुर में पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण शुरू हुआ था लेकिन करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद कक्षाएं शुरू नहीं हो सकी हैं। शेष बजट नहीं मिलने के चलते बनी हुई इमारत भी खंडहर में तब्दील हो गई है। हालांकि कार्यदायी संस्था ने इमारत विभाग को आंशिक हैंडओवर कर दी है।

विकास क्षेत्र असमोली के गांव असगरीपुर में वर्ष 2011 में बसपा सरकार में केंद्र सरकार के वित्त पोषित मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेंट प्लान के तहत राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के निर्माण की स्वीकृति मिली थी। निर्माण में करीब 12.3 करोड़ रुपये खर्च होने थे। शासन ने प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी यूपी प्रोजेक्ट्स कार्पोरेशन लिमिटेड मुरादाबाद सौंपी और आठ करोड़ रुपये का बजट आवंटित भी आवंटित किया। जिससे निर्माण कार्य शुरू हुआ। शिलान्यास 16 दिसंबर 2011 को पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां ने किया था।

कार्यदायी संस्था ने भवन का निर्माण तो कर दिया लेकिन फिनीशिंग कार्य शेष रह गया। वहीं शासन से बाकी बजट भी नहीं मिल सका तो साल दर साल बीतने पर इमारत भी जर्जर होने लगी। 13 साल में पॉलीटेक्निक कॉलेज में कक्षाएं शुरू नहीं हो सकी हैं तो भवन खंडहर में तब्दील हो गया है। भवन के चारों ओर बनी बाउंड्री कई जगह नीचे से खोखली हो चुकी है। कई कमरों की छतों से प्लास्टर टूटकर गिर रहा है। दरवाजे व खिड़कियां भी टूट चुकी हैं। इस बीच कार्यदायी संस्था ने भी भवन विभाग को आंशिक हैंडओवर कर दिया है लेकिन क्षेत्र के तमाम युवाओं का तकनीकी शिक्षा लेने का सपना अधूरा रह गया है।

असगरीपुर में राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में उगी झाड़ व घास।

- **खंडहर हो गई इमारत , शेष बजट के अभाव में लटका काम**
- **कार्यदायी संस्था ने विभाग को हैंडओवर कर दी बिल्डिंग**

> सपा शासनकाल में मैंने राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्वीकृति कराकर निर्माण शुरु कराया था। भाजपा सरकार ने बजट नहीं दिया तो निर्माण बीच में अटक गया। कई बार मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बजट की मांग उठाई है।
>
> **-पिंकी यादव,** विधायक असमोली

चौकीदार को वर्षों से नहीं मिली तनख्वाह

संभल, अमृत विचार : राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज भवन की चौकीदारी कर रहे गांव सैदपुर इम्मा निवासी बंटी कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 से उन्हें कार्यदायी संस्था ने तनख्वाह नहीं दी। वह कॉलेज परिसर में खाली जमीन में फसल करके परिवार का पालन पोषण कर रहा है। पहले नींबू की खेती की थी लेकिन फसल नहीं उतरी तो काफी नुकसान भी हुआ।

सुलभ शौचालय से लोगों को मिलेगी सहूलियत

बबराला, अमृत विचार : पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के आगे बने सुलभ शौचालय का औपचारिक उद्घाटन वयोवृद्ध व्यवसायी इंद्रपाल गुप्ता सर्राफ ने शिलापट अनावरण करके किया।

इंदिरा चौराहे पर यात्रियों को हो रही असुविधा के मद्देनजर नगर पंचायत द्वारा लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन के पास अत्याधुनिक तकनीक से सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया है। इसके निर्माण में 15 लाख रुपये की लागत आई है।

इसके बनने से अब यात्रियों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। सोमवार को सुलभ शौचालय का विधिवत उदघाटन हो गया। इस दौरान चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, राम अवतार मेंबर, अभय टेस्टी, अरविंद कुमार, अवधेश ठाकुर, आकाश मेडिकल, निशांत मंकित, शुभम वार्ष्णेय और सचिन यादव आदि रहे।

मस्जिद पर कब्जे को लेकर दो गुट आमने-सामने

एसडीएम, सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, आक्रोशित लोगों को समझा कर किया शांत

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : गुन्नौर में मस्जिद पर कब्जे को लेकर बवाल होते होते बच गया। एक ही समुदाय के दो पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए तो टकराव तक नौबत पहुंच गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को किसी तरह समझा बुझाकर मामला शांत कराया। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। चर्चा है कि कुछ लोग मस्जिद पर कब्जा करने के लिए आए थे। जिससे प्रकरण गर्मा गया।

कस्बे के मुहल्ला मासूम अली स्थित दालान वाली मस्जिद को लेकर मोहम्मद फैजयाब और मशकूर के गुटों में लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। मामला वक्फ ट्रिब्यूनल में विचाराधीन है। इन दिनों मस्जिद पर फैजयाब गुट का कब्जा बताया गया। आरोप है कि सोमवार को मशकूर गुट ने अल्पसंख्यक आयोग के आदेश का हवाला देते हुए मस्जिद पर कब्जे की कोशिश की तो फैजयाब गुट के लोगों ने विरोध किया।

मौके पर दोनों गुटों के तमाम लोग आ गए। जिससे दोनों पक्षों के लोगों के बीच ट कराव के हालात बन गए। सूचना मिलने पर एसडीएम रमेश बाबू और सीओ डॉ. गणेश गुप्ता कोतवाली से पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंच गए।

अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर स्थिति संभाली। दालान वाली मस्जिद पर कब्जा को लेकर कस्बे में गुटीय टकराव की आशंका के मद्देनजर पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है। हालांकि प्रशासन की ओर से किसी भी पक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। निरीक्षक अपराध विनीत कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में सुलह समझौते की बात चल रही है। एसडीएम रमेश बाबू ने मीटिंग में होना बताकर बाद में जानकारी देने की बात कही।

गुन्नौर में हंगामा कर रहे व्यक्ति को मौके से हटाती पुलिस। ● अमृत विचार

मस्जिद विवाद के बाद लोगों को समझाते सीओ व एसडीएम। ● अमृत विचार

- **चर्चा है कि कुछ लोग मस्जिद पर कब्जा करने के लिए आए थे,जिससे प्रकरण गर्माया**
- **दोनों गुटों में लंबे समय से चला आ रहा विवाद है, मामला वक्फ ट्रिब्यूनल में विचाराधीन**

सार-संक्षेप

सड़क पर मक्का सुखाते किसान। ● अमृत विचार

बारिश में भीगी मक्का सड़क पर सुखा रहे किसान

संभल/जुनावई, अमृत विचार : संभल जिले के जुनावई क्षेत्र में तीन दिन तक रुक-रुक कर हुई बारिश से तैयार मक्का को नुकसान हुआ। धूप निकली तो कई किसानों ने मक्का को सड़क पर फैलाकर सुखाने का काम शुरू कर दिया।

जुनावई क्षेत्र में किसानों ने मक्का की फसल काटने के बाद खेतों में छोड़ दिया। जिसके बाद बारिश शुरू हुई तो मक्का भीग गई। जिससे मक्का को काफी नुकसान हुआ। मक्का के सूखने पर ही अच्छा दाम मिल सकता है जबकि भीगी मक्का का मूल्य कम रहता है। इसलिए किसानों में चिंता का माहौल बन गया। ऐसे में किसानों ने मक्का को सुखाने का काम शुरू कर दिया। किसानों ने जुनावई से असदपुर की तरफ जाने वाले मार्ग पर ही मक्का फैला दी। घंटों तक मक्का धूप में सूखती रही। हालांकि मार्ग से निकलने वाले वाहन सवारों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। किसानों का कहना रहा कि रात के वक्त मक्का को पिन्नी से ढक दिया जाएगा। मक्का के सूख जाने पर अच्छा दाम मिलने की उम्मीद है।

उमस बढ़ने से परेशान हुए लोग, राहत को तरसे

संभल, अमृत विचार : बेशक सोमवार को सुबह आसमाल में काले बादल छाये रहने से मौसम सुहाना रहा लेकिन दोपहर में धूप निकलने पर उमस बढ़ी तो लोग बेचैन हो गई। माथे से एक मिनट के लिए भी पसीना नहीं रुका। एक-दो दिन पहले बारिश से लोगों को बड़ी राहत मिली। सोमवार को सुबह के वक्त भी मौसम सुहाना रहने पर लोगों के चेहरे खिले नजर आए लेकिन जैसे ही वक्त बढ़ा तो धूप भी निकलने लगी। तब माथे से पसीना टपकना शुरू हो गया। दोपहर के वक्त तो उमस बढ़ जाने पर एक पल के लिए भी सुकून नहीं मिल सका। उस समय पंखे और कूलर भी जवाब दे गए। लोगों ने शीतल पेय पदार्थों का सेवन किया तो थोड़ी देर के लिए राहत महसूस की। दोपहर के वक्त बाजारों और प्रमुख चौराहों पर ज्यादा रौनक नहीं रही क्योंकि लोग घरों में कैद हो गए। आलम यह रहा कि शाम के वक्त भी भीषण गर्मी के कारण लोग परेशान दिखाई दिए।

संभल में पौधारोपण करतीं क्लब की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

पृथ्वी पर जीवन कायम रखने में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका

संभल, अमृत विचार : इनरव्हील क्लब संभल सिटी की ओर से ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें 30 पौधे लगाकर उनके रखरखाव का निर्णय लिया गया। क्लब अध्यक्ष रिया आर्य ने कहा कि पेड़ पौधे पृथ्वी पर जीवन को कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पेड़ों का महत्व प्रकृति का हिस्सा होने से कहीं अधिक है। हानिकारक गैसों को अवशोषित करके हवा को शुद्ध करने और पृथ्वी पर स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका है। महत्व को देखते हुए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। इस दौरान पिंकी ग्रेवाल, गुंजा गुप्ता, सोनिया नागपाल, नेहा मलय, सोनिया गर्ग, खुशबू गुप्ता आदि रहीं।

कोतवाली परिसर में राष्ट्रगान के दौरान पुलिस कर्मी व अधिवक्ता। ● अमृत विचार

नया कानून लागू होने पर मनाया गया उत्सव

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली परिसर में सोमवार को नए कानून को उत्सव के रूप में मनाया गया। कोतवाली परिसर को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। सीओ ने उपनिरीक्षक व पुलिस कर्मियों को नए कानून की बदली धाराओं की जानकारी दी। सोमवार 1 जुलाई से उत्तर प्रदेश में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनयम लागू किया गया है। सोमवार को कोतवाली परिसर व भवनों को रंग बिरंगी गुब्बारों के रूप में सजाया गया। सुबह 11 बजे कोतवाली पहुंचे क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने उपनिरीक्षक, पुलिस कर्मी व अधिवक्ताओं को नए कानून को लेकर जानकारी दी। जिसमें धाराओं में बदलाव व नई धाराओं के विषय में बताया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान हुआ। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

अखिलेश यादव ने किया संविधान बचाने का काम : इकबाल

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जिले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कहीं कार्यकर्ताओं ने केक काटा और मिठाई बांटी तो कहीं पौधरोपण किया। कहा गया कि आने वाले समय में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी।

संभल में समाजवादी पार्टी की ओर से आसिफ पैलेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 51 वां जन्मदिन मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक इकबाल महमूद ने कहा कि पीडीए जननायक अखिलेश यादव ने देश में संविधान बचाने का काम किया। जनता ने सपा को लोकसभा चुनाव में तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी बनाया। वर्ष 2027 के चुनाव में संकल्प लें कि मजबूती से पोलिंग बूथ पर लगें। गांव-गांव पौधे लगाने का काम करें। जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कार्यकर्ताओं को जन्मदिन पर बधाई दी। सुहेल इकबाल, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार, जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली ने भी विचार रखे। इस दौरान भावना सक्सेना, सुभाष पाल, सुरेंद्र यादव, नेत्रपाल सिंह यादव, हाजी अशरफ किदवई, विशाल कुमार, ताहिर, बलवंत सिंह, उमेश गुप्ता, चौधरी सोमपाल सिंह, उमेश यादव, ताहिर उल्लाह खां, इरफान, रविंद्र कुमार, फैजान शाही आदि रहे।

संभल में जन्मदिन कार्यक्रम में बोलते सपा विधायक इकबाल महमूद। ● अमृत विचार

अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पौधारोपण करते सपा नेता। ● अमृत विचार

- **जिले में सपाइयों ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन, किया पौधरोपण**

लोकसभा चुनाव में सीटें जीतकर रचा इतिहास

संभल अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खां के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सपाइयों ने कई स्कूलों और डॉ .आंबेडकर पार्क पक्का बाग पर पीडीए पेड़ लगाकर पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया। अस्पतालों में मरीजों को फल वितरित किए।

केक काटकर दी जन्मदिन की बधाई

गुन्नौर अमृत विचार : सपाइयों ने अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटा और पौधरोपण किया। एनपी आर्य पब्लिक स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजाति के 51 पौधे रोपे। केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सपा नेता अमित यादव ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि इस मौके पर पौधरोपण करें। इस दौरान जिला मंत्री विभोर अग्रवाल, लकी उस्मानी, भूप्रकाश यादव, वीर सिंह यादव आदि रहे।

पौधरोपण कर बांटी मिठाई

जुनावई अमृत विचार : सपाइयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन के मौके पर जनता इंटर कॉलेज जुनावई में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के साथ पौधरोपण कर मिठाई बांटी। इस दौरान समाजवादी पार्टी युवजन सभा प्रदेश सचिव भावेश यादव ने विचार रखे। यहां प्राचार्य मधुप कुमार आर्य, दीपेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव, अविनाश पुरी, रोहित यादव, बिजनेस कुमार, ललित सिंह, योगेंद्र कुशवाहा आदि रहे।

जिला एवं मंडल स्तर पर बनेंगे प्रभारी

संभल, अमृत विचार : राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की हल्लू सराय में स्थित प्रशासनिक कार्यालय पर हुई बैठक में प्राथमिक सदस्यता अभियान चलाने, मंडल व जिला स्तर पर प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष केके मिश्र ने कहा कि निष्क्रियों को दायित्व मुक्त किया जाएगा तथा कर्मठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलेगी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सात सूत्रीय ज्ञापन भेजा जाएगा जिसमें सामाजिक व न्यायिक मांगें रहेंगी। प्रशासनिक सरकारी परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में दोषी को फांसी की सजा दिए जाने, उसकी संपत्ति कुर्क कर राष्ट्रीय कोष में जमा करने की मांग उठेगी। बैठक में बेरोजगारों को भत्ता दिए जाने, परीक्षा के लिए यात्रा निःशुल्क कराने, तीन लाख से कम आमदनी वाले व्यक्ति का निःशुल्क इलाज कराने समेत कई मांगें उठाई गईं। इस दौरान प्रभा मिश्र, शाहिद हुसैन, शौकत अली एडवोकेट, अनिल कुमार शर्मा आदि रहे।

नियम | जिला प्रोबेशन अधिकारी ने मैरिज होम संचालकों को दिए बोर्ड लगाने के निर्देश

शादी बाद दोनों पक्ष को देना होगा उपहारों का ब्योरा

संवाददाता,बहजोई(संभल)

अमृत विचार: अब शादी में मिले दहेज व उपहारों की सूची दूल्हा दुल्हन पक्ष को शादी के महीने भर में जिला प्रवेश अधिकारी व जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी दफ्तर में जमा करनी होगी। सूची में प्रत्येक उपहार का संक्षिप्त विवरण व उसका मूल्य बताना होगा। सूची पर दूल्हा दुल्हन के हस्ताक्षर होंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने मैरिज होम व बैंकट हॉल पर भी इस बाबत बोर्ड लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

समाज में दहेज जैसी कुरीति की रोकथाम के लिए शासन प्रशासन सक्रिय हो गया है। दहेज एक सामाजिक अभिशाप है। जिसके कारण समाज में महिलाएं कई अपराधों का शिकार हो रही हैं। जिसका नकारात्मक प्रभाव उनके जीवन पर बहुत गहरा पड़ता है। सभी के प्रयास से इसे रोकने में कामयाबी मिलेगी। शासन के ताजा आदेश के मुताबिक दूल्हा दुल्हन पक्ष को एक महीने के अंदर शादी में मिले उपहारों की सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी व जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी दफ्तर में उपलब्ध करानी होगी। दहेज की मांग से पीड़ित होने की हालत में महिला स्वयं उसके माता-पिता अन्य कोई रिश्तेदार या कोई स्वयं से भी संस्था जिला प्रोबेशन अधिकारी या जिला दहेज प्रतिशत अधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी या पुलिस रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय संज्ञान ले सकता है। टोल फ्री नंबर 181 का 112 पर या नजदीकी थाने पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

- **पीड़ित महिला को न्यायालय में दहेज की सूची देने में मिलेगी मदद**
- **उपहार की सूची पर दूल्हा-दुल्हन के किए जाएंगे हस्ताक्षर**

मैरिज होम पर जागरूकता के लिए लगेंगे बोर्ड

बहजोई,अमृत विचार : जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण ने बताया कि दहेज प्रतिषेध नियमावली धारा 10 में उल्लेख है कि विवाह के एक महीने के अंदर दूल्हा दुल्हन को भेंट सूची प्रस्तुत करनी होगी। जल्द ही सभी मैरिज हॉल और गेस्ट हाउस पर भी इस नियम की आवश्यक जानकारियां होंगी। साथ में जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी का नाम पदनाम मोबाइल नंबर भी अंकित होगा।

इस कानून के तहत होगी कार्रवाई

बहजोई, अमृत विचार : दहेज लेना या देना दहेज के लिए उकसाना आदि दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध है। जिसके लिए 5 साल तक कारावास अथवा 15 हजार रुपए या दहेज की रकम जो भी अधिक है की सजा का प्रावधान है। प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दहेज की मांग पर छह माह से 2 साल तक की सजा व जुर्माने का प्रावधान है।

तीन नए कानून से न्याय होगा सुगम

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: तीन नए कानून लागू होने से दंड से न्याय की और विषय पर बहजोई कोतवाली में गोष्ठी के दौरान एसपी ने व्यापारियों व आमजन को नये कानूनों की जानकारी दी। इन कानून के बारे में जागरूक भी किया। कानून में अधिकार व कर्तव्यों के बारे में बताया गया।

गोष्ठी में एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने ने कहा कि अंग्रेजों के समय पर जो कानून बनाए गए थे। उनको खत्म करके आज हमने खुद के नए कानून लागू किए हैं, जो पुरानी बेड़ियां थीं वह टूट गई हैं। नये कानूनों को आज से लागू किया किया है। उसी से अब हमारा अपराधिक कानून दंड से न्याय की ओर चलेगा। भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध को प्रारंभ में ही विधान किया गया है। तीन नए कानून को विवेचना में वैज्ञानिक और तकनीक के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। तीन नए आपराधिक कानून के लागू होने से न्याय सुगम होगा तथा नए कानून से मुकदमें जल्दी निस्तारित होंगे। इस दौरान एसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा, कोतवाल योगेश कुमार यादव, अजय तंबाकू, रईस अहमद कुरेशी, इंदल सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

पुलिसकर्मियों व गणमान्य लोगों के साथ एसपी कुलदीप सिंह गुनावत व एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा। ● अमृत विचार

नए कानून लागू होने के बाद पहली एफआईआर दर्ज

बहजोई, अमृत विचार : तीन नए कानून लागू होने के बाद कोतवाली बहजोई में पहली एफआईआर दर्ज की गई। जिसमें विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस दौरान गांव केशोपुर रसेटा निवासी महिला सुनीता पत्नी सोनू कोतवाली पहुंची। जहां उसने अपनी तहरीर देते हुए कहा कि उसके साथ ससुराली पक्ष ने मारपीट की है। मारपीट के साथ उसे घर से निकाल दिया है। जिस पर कोतवाली बहजोई में नये कानून के तहत मामला दर्ज किया गया। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि तीन नए कानून लागू होने के बाद जनपद में प्रथम रिपोर्ट कोतवाली बहजोई में दर्ज की गई है।

एक नजर

पेड़ काटकर मेढ़ खेत में मिलाने का आरोप

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव भतावली निवासी इकबाल अहमद ने सोमवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव के ही एक व्यक्ति ने दस दिन पहले बिना पूछे खेत की मेढ़ पर खड़े दो पेड़ काट लिए थे। आरोप है कि इस बात का विरोध करने पर व्यक्ति अपने दो बेटे के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए इकबाल अहमद के साथ मारपीट पर आमदा हो गया। इकबाल अहमद ने गांव के जिम्मेदार लोगों को इस बारे में बताया तो व्यक्ति ने खेत की मेढ़ को काटकर अपने खेत में मिला लिया। शिकायत की तो व्यक्ति इकबाल अहमद को धमकी देने लगा।

गंगा में तेजी से बढ़ रहा जलस्तर, शुरू हुआ कटाव

बबराला अमृत विचार : राजघाट में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा ने किनारे पर कटाव शुरू कर दिया है। उत्तराखंड के पहाड़ों पर बारिश से गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी होनी शुरू हो गई है। गंगा के जलस्तर में 24 घंटे में एक मीटर से भी ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। गंगा का पानी तेजी से फैलकर किनारे पर कटाव कर रहा है। हालांकि, गंगा के बढ़ते जलस्तर से फिलहाल खतरे की कोई आशंका नहीं है।

छात्र-छात्राओं संग मनाया वन महोत्सव, वृक्षों का महत्व समझाया

अमृत विचार, चन्दौसी/ कुढफतेहगढ़ : वन विभाग ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ वन महोत्सव मनाया। जिसमें क्षेत्राधिकारी ने विद्यार्थियों को वृक्षों का महत्व समझाया। सोमवार को कुढफतेहगढ के ग्राम अहेलादपुर चम्पू के उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी प्रभात कुमार ने कहा कि वृक्षों के अनेक फायदों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए वृक्ष लगाने का आह्वान किया। साथ ही विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक मदन पाल के उप क्षेत्रीय वन अधिकारी फारुख अहमद, वन दरोगा विकास नेगी, विजय पाल सिंह के अलावा विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

इनवर्टर के करंट की चपेट में आकर कक्षा दो के छात्र की मौत

छोटे भाई के साथ खेलते समय इन्वर्टर पर चढ़ने से लगा करंट

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में छोटे भाई के साथ खेलते समय इन्वर्टर के ऊपर चढ़ने से कक्षा दो के छात्र की करंट से मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही छात्र के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी मुनासिब अली का बड़ा बेटा अजमल अली 6 वर्ष सोमवार की शाम चार बजे अपने छोटे भाई अनम अली के साथ मकान के ऊपर बने कमरे में खेल रहा था। पैर रखकर इन्वर्टर पर चढ़ते समय उस पर उतर रहे करंट की चपेट में आकर अजमल अली फर्श पर गिर गया। काफी देर तक नीचे पत्नी नज्जो के साथ बैठे मुनासिब अली को अजमल अली व अनम अली की आवाज सुनाई नहीं दी तो मुनासिब अली कमरे में पहुंचा। देखा तो अजमल अली कमरे में रखे इन्वर्टर के पास फर्श पर पड़ा हुआ था और अनम अली वहीं बड़े भाई अजमल अली के पास गुमसुम बैठा हुआ था। आनन फानन में मुनासिब अजमल अली को लेकर निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने अजमल अली को मृत घोषित कर दिया। पिता मुनासिब अली ने बताया कि अजमल अली निजी स्कूल में कक्षा दो का छात्र था। मंगलवार को पढ़ाई करने के लिए अजमल अली को स्कूल जाना था। इसके लिए बाजार से नई किताबें व कॉपी पेंसिल खरीदकर लाया था।

महिला को सांप ने काटा, हालत बिगड़ी

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में जमीन पर दरी बिछाकर परिजनों के साथ कमरे में सो रही महिला को सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के गांव सैंजना निवासी सकीर की पत्नी फिरदौस 45 वर्ष रविवार की रात परिजनों के साथ जमीन पर दरी बिछाकर सो रही थी। देर रात फिरदौस को सांप ने काट लिया। चीख पुकार को सुनकर फिरदौस के परिजन नींद से जाग गए और उपचार कराने के लिए सोमवार की दोपहर तक इधर उधर झांड़ फूंक करने वालों के पास लेकर दौड़ लगाते रहे, लेकिन फिरदौस की हालत सुधरने की जगह बिगड़ती चली गई।

बकरी को लेकर मारपीट व पथराव में दो घायल

संभल, अमृत विचार: हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में कच्ची छत के ऊपर पड़ी पन्नी के ऊपर पड़ोसी की बकरी आने के विरोध में जमकर मारपीट व पथराव हुआ। जिसमें भाई बहन गंभीर रुप से घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के गांव बैटला निवासी मुन्नन के मकान की कच्ची छत को बरसात में टपकने से बचाने के लिए पालीथिन डाल रखी है। सौतेल भाई सालिम, सन्नु व राजा लेंटर ड़ले मकान में एक साथ रहते हैं और बकरियां पालते हैं। रविवार को सालिम की बकरियां मुन्नन की छत पर आ गईं। अकरम ने सालिम से बकरियों को बांधकर रखने की बात कही। आरोप है कि इसी बात को लेकर सालिम, सन्नु व राजा लाठी डंडे लेकर आ गए और मारपीट करने लगे। अकरम को बचाने पहुंची शमा के साथ भी सगे भाइयों ने मारपीट की। वहीं सालिम के अन्य परिजनों ने छत से पथराव कर दिया। जिससे अकरम व शमा गंभीर रुप से घायल हो गई। बिना पुलिस को सूचना दिए ही घायल शमा व अकरम को उपचार के लिए संभल निजी अस्पताल लेकर आ गए।

पहले भी आत्महत्या का प्रयास कर चुका था सहायक प्रबंधक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- आत्महत्या करने का कारण नहीं हो सका स्पष्ट, जांच में जुटी है पुलिस
- सोमवार को हुआ शव का पोस्टमार्टम

अमृत विचार: बिहार से परिजनों के आने के बाद प्रथमा बैंक के सहायक प्रबंधक का सोमवार को पोस्टमार्टम कराया गया। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। वहीं मृतक सहायक प्रबंधक की पत्नी ने बताया कि पहले भी उनके पति दूसरी बैंक शाखा में आत्महत्या करने का प्रयास कर चुके थे। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है।

मूल रूप से बिहार निवासी षड़ानन कोतवाली क्षेत्र की वैशाली नगर में अपने निजी मकान में रहते थे। वह थाना बिलारी क्षेत्र के गांव बहोरनपुर नरौली स्थित प्रथमा बैंक शाखा में सहायक प्रबंधक के पद पर तैनात थे। शनिवार की देर रात पुलिस को सहायक प्रबंधक का शव सड़क पर मिला था। रविवार को एसपी कुलदीप सिंह गुनावत घटनास्थल का निरीक्षण किया। सोमवार की सुबह बिहार से मृतक के पिता जय प्रकाश व अन्य परिजन घर पहुंचे। पुलिस के कहने पर पोस्टमार्टम के लिए तहरीर दी गई।

> अभी तक की जांच में स्पष्ट नहीं हो सका है कि प्रथमा बैंक के शाखा सहायक प्रबंधक ने आत्महत्या क्यों की। फिलहाल अभी जांच चल रही है। जांच के बाद ही अगली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> -डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, सीओ

इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं मृतक की पत्नी सरिता ने बताया कि उनके पति ने थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव खनुपुरा स्थित शाखा में आत्महत्या करने का प्रयास किया था। उस समय बैंक कर्मचारियों की सूझ-बूझ से जान बच गई थी। मगर अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि सहायक प्रबंधक पूर्व में भी आत्महत्या करने का प्रयास क्यों किया था? सोमवार को परिजनों की ओर से किसी के विरुद्ध तहरीर कोतवाली में नहीं दी गई। बहरहाल पुलिस अपनी जांच में जुटी है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री के खाते से निकाले 2 लाख

संभल, अमृत विचार: आर्य समाज मार्ग पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से किसी व्यक्ति ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री के खाते से पांच बार में दो लाख से अधिक की रकम निकाल ली।

असमोली विकासखंड क्षेत्र के गांव सैंधरी बटौआ निवासी प्रवेश की पत्नी आंगनबाडी कार्यकत्री मीना का भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में अकाउंट है। किसी व्यक्ति ने मीना के खाते से 18 जून से 27 जून तक पांच बार में 2 लाख 27 हजार रुपये निकाल लिए। रविवार को मीना ने मरम्मत कराकर जैसे ही मोबाइल फोन चालू किया तो बैंक एकाउंट से रुपये कटने के मैसेज देखकर होश उड़ गए। सोमवार को बैंक खुलने पर वह पति को लेकर बैंक आ गई और बैंक कर्मचारियों को सारी बात बताई। आरोप है कि बैंक कर्मचारियों ने उसकी बातों पर ध्यान नहीं दिया। गुस्साई मीना ने बैंक में हंगामा करते हुए पुलिस बुला ली। कहा कि जिस तारीख को बैंक से रुपये निकाले गए है। उस दिन की बैंक के सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग चेक कराई जाए। जिसके बाद बैंक कर्मचारियों ने जांच करने का आश्वासन देकर मीना को शांत कराया।

सार्वजनिक स्थल पर शराब पिलाने पर तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अधिवक्ता की शिकायत पर मारपीट पर उतारू हो गए आरोपी

अमृत विचार: बदायूं चुंगी पर महाराणा प्रताप पार्क में प्रतिमा के निकट शराब पिलाने के आरोप में दो नामजद सहित तीन लोगों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पार्क में शराब पीते हुए फोटो भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है।

बदायूं चुंगी निवासी अधिवक्ता तीरथ कुमार चतुर्वेदी ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि बदायूं चुंगी पर शराब के ठेकों के आसपास नाले पर अतिक्रमण कर दुकानें खोल रखी हैं। यहां खुलेआम शराब पिलाई जाती है। शराबी बीच सड़क पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान करते हैं। जिससे सड़क हादसे की प्रबल संभावना बनी रहती है। खुलेआम शराब पिलाने के चलते महिलाओं व छात्र-छात्राओं का निकलना तक मुश्किल हो गया है। जबकि शराब की दुकान के निकट ट्रैफिक पुलिस चौकी है, सामने शिव शक्ति कंप्यूटर सेंटर है। जहां युवक-युवतियां कोर्स सीखने पहुंचते हैं। यहां महाराणा प्रताप का पार्क भी है।

शराब पीने वाले पार्क के अंदर जाकर भी शराब पीते है। इन लोगों के पास शराब पिलाने का लाइसेंस भी नहीं है। इस संबंध में कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब ये लोग रंजिश मानकर प्रार्थी व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिसकी मोबाइल रिकार्डिंग भी उपलब्ध है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर राकेश व अंशु पुत्र कालीचरण व एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गैर इरादतन हत्या में दोषी को 7 वर्ष का कारावास

चंदौसी, अमृत विचार: गैर इरारतन हत्या के मामले में दोषी को 7 वर्ष का कठोर कारावास व 10,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। घटना थाना गुन्नौर क्षेत्र में वर्ष 2009 में हुई थी।

थाना गुन्नौर में विनोद पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम कटका थाना पालीमुकीम जनपद अलीगढ़ के खिलाफ आईपीसी की धारा 304बी के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय जनपद बदायूं में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी ओमपाल कश्यप ने साक्ष्यों के आधार पर अदालत में दलीलें पेश की।

सोमवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय जनपद बदायूं ने दोषी विनोद को 7 वर्ष के कठोर कारावास व 10,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

चलती ट्रेन में चढ़ते समय ट्रैक पर गिरा मुरादाबाद का युवक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अलीगढ़-मुरादाबाद पैसेंजर से लौट रहा था घर, गंभीर रूप से हुआ घायल

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव मझोला हाल्ट पर चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैर फिसलने पर युवक ट्रैक पर जा गिरा। शोर शराबा होने पर ट्रेन को रोका गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मुरादाबाद के मोहल्ला बल्देवपुरी निवासी कुंवर पाल (24 वर्ष) पुत्र पूरन राजमिस्त्री का कार्य करता हैं। वह अलीगढ़ अपनी रिश्तेदारी में गया हुआ था। सोमवार की सुबह अलीगढ़-चन्दौसी-मुरादाबाद पैसेजर में सवार होकर युवक अपने घर जा रहा था। सुबह सात बजे ट्रेन बनियाठेर थाना क्षेत्र के मझोला हाल्ट पर रुकी तो युवक पानी पीने के लिए ट्रेन से उतरा और हैंड पंप पर पहुंच गया। तभी ट्रेन से धीरे-धीरे चलनी शुरू हो गई। ट्रेन को चलता देख युवक घबरा गया और दौड़कर बोगी का डाला पकड़ चढ़ने का प्रयास करने लगा, तभी अचानक युवक का पैर फिसल गया और वह ट्रैक के नीचे जा पहुंचा। शोर शराबा होने पर लोको पायलट से ट्रेन रोक दी। घटना की सूचना कंट्रोल को दी गई। कुछ देर बाद चन्दौसी जीआरपी व आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंच गए और घायल युवक को उपचार के लिए एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। युवक की हालत चिंता जनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए थे।

सार-संक्षेप

शिविर में मौजूद जनकल्याण सेवा समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

ठंडे शर्बत वितरण कार्यक्रम का समापन

चन्दौसी, अमृत विचार : जनकल्याण सेवा समिति की ओर से माल गोदाम रोड पर श्री मोहन नक्षत्र के आवास पर राहगीरों को ठंडा शर्बत का वितरण किया गया। बताया गया कि 16 जून को शर्बत वितरण कार्यक्रम का आरंभ किया गया था। जिसमें लगातार भीषण गर्मी को राहगीरों को ठंडा शर्बत वितरण कराया गया है। साथ ही छुट्टा पशुओं को भी ठंडे पानी की व्यवस्था कराई गई थी। एक जुलाई को वर्षा ऋतु के आरंभ होने पर ठंडा शर्बत वितरण का समापन किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी, सचिन भावना गुप्ता, आशा गोस्वामी, अंशु वार्ष्णेय, राजेश्वरी, सोनी रस्तोगी, भावना सिंह, मीनू फैंसी, सीमा फैंसी, कांता अदलखा, निर्मल, पूनम सिंघानिया, पूनम अग्रवाल, रीता गौड़, दिनेश चंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

चिकित्सक कमल किशोर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते क्लब के पदाधिकारी।

शाल ओढ़ाकर चिकित्सकों का किया सम्मान

चन्दौसी, अमृत विचार : रोटरी क्लब पूर्वांचल की ओर से डाक्टर्स डे पर शहर के चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक समाज के अभिन्न अंग है। इनके बिना स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। कोरोना के दौरान नगर के चिकित्सकों द्वारा सेवाएं दी थी। आज चिकित्सकों का सम्मान करने से एक अच्छा संदेश समाज में जाएगा। चिकित्सक डॉ. नरेंद्र गुप्ता, डॉ. जितेंद्र गुप्ता, डॉ. राहुल गोयल, डॉ. मीनू गुप्ता, डॉ. शशांक चौधरी, डॉ. कमल किशोर, डॉ. पयोध चौधरी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान संजय किराना, अश्वनी सक्सेना, सुबोध गुप्ता, डॉ. रमेश, मनोज राघव, नीरज चौधरी आदि मौजूद रहे।

नये सत्र के पहले दिन स्कूल का रुख करते बच्चे। ● अमृत विचार

गर्मियों की छुट्टियों के बाद स्कूल खुले तो पहुंचे बच्चे

संभल, अमृत विचार : संभल जिले में गर्मियों की छुट्टियों के बाद सोमवार से निजी स्कूल भी खुल गए। पहले दिन बच्चे खिले चेहरों के साथ स्कूल पहुंचे और शिक्षा ग्रहण करने के बाद छुट्टी होने पर घरों को लौटे। गर्मियों की छुट्टियों में स्कूलों के बंद रहने पर बच्चों ने खूब मस्ती की। नाना-नानी के घरों पर वक्त बिताया तो अन्य रिश्तेदारों के यहां भी रहे। तमाम बच्चे घूमने के लिए भी गए। इस बीच अभिभावकों ने एक जुलाई से स्कूल खुलने को लेकर तैयारी पूरी कराई। सोमवार को सुबह सवेरे उठने के बाद बच्चे तैयार हुए और बैग उठाकर स्कूलों का रुख कर लिया। उत्साह के साथ स्कूलों में पहुंचे बच्चों ने शिक्षा ग्रहण की। छुट्टी होने पर घरों पर पहुंचे तो अभिभावकों ने भी पहले दिन के बारे में जानकारी ली। अभिभावकों ने बच्चों को मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

चन्दौसी, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर केक काट कर जन्मदिन की एक-दूसरे को बधाई दी। सोमवार को बदायूं रोड स्थित पॉवर हाउस नई कॉलोनी में सुभाष वाल्मीकि के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चित्र के समक्ष केक काटा गया। साथ ही उनकी दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर गुलशन राय, हरवीर यादव, फखरे आलम, विमल चौधरी, विक्रम यादव, ओम प्रकाश प्रजापति, अजय पाल यादव, मुजीब आलम, दिव्यांशु, अभिषेक, विवेक आजाद, संजय सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव पूरन सिंह मौर्य के आवास-विकास स्थित कार्यालय पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें केक काटकर दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस दौरान ओमप्रकाश प्रजापति, मुन्नालाल शाक्य, रेवाराम कामरेड, वीरेन्द्र कश्यप, सोम सिंह प्रजापति, मुनेश यादव, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

चिकित्सक को तिलक लगाकर सम्मानित करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

डॉक्टर्स डे पर विद्यार्थियों ने किया चिकित्सकों को सम्मानित

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार: डॉक्टर डे पर सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नगर के चिकित्सकों को तिलक लगाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

स्कूल के छात्र-छात्राएं नगर के चिकित्सक डॉ. नितिन वार्ष्णेय, डॉ. भरत वार्ष्णेय, डॉ. सोम प्रकाश वार्ष्णेय के क्लीनिक व अस्पतालों पर पहुंचे। जहां उन्होंने सभी को तिलक लगाया। फूलमाला पहना तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं ने कहा कि नगर के लोगों के स्वास्थ्य सही रखना में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉ. सोम प्रकाश वार्ष्णेय ने सम्मानित करने वाले बच्चों का अभिवादन किया। उन्होंने ऐसी सोच रखने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल जहां बच्चों को शिक्षित करने का जरिया होता है तो वहीं चिकित्सक समाज को स्वस्थ रखने के जरिया होते हैं।

व्यापारियों ने चिकित्सकों का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के ओर से चिकित्सक दिवस पर सीएचसी में चिकित्सक व स्टाफ को फूलमाला पहनाकर सम्मान किया गया। सोमवार की दोपहर व्यापार मंडल के पदाधिकारी सीएचसी पहुंचे। जहां सीएचसी प्रभारी डॉ. हरवेंदर सिंह, डा. दिग्विजय सिंह, डॉ. सारिका अग्रवाल, डॉ. विपिन सागर, डॉ. टीएस पाल, डॉ. महेंद्र पाल, सुमन, इंदु सक्सेना, हिमेश नाथ, गिरिराज, शिवराज, भुजवीर आदि को फूलमाला पहनाकर सम्मान किया गया। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि मानव जीवन में एक चिकित्सक का महत्व भगवान से कम नहीं होता है। जब भी हम अस्वस्थ महसूस करते हैं, तो सबसे पहले डाक्टर का ख्याल आता है। हर छोटी समस्या से लेकर बड़ी बीमारी तक का इलाज चिकित्सक के पास होता है। कोरोना के समय में चिकित्सकों के योगदान को कैसे भूल सकते हैं। जिस समय लोग अपनो के साथ नहीं खड़े थे, उस समय चिकित्सक अपनी जान पर खेल कर कोरोना पीड़ित मरीजों को बचा रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, निशांत शर्मा, आकाश शर्मा, चिंटू, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

सीएचसी में चिकित्सक व स्टाफ को सम्मानित करते व्यापारी।

डॉ. टीएस पाल को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी।

- सीएचसी में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

चिकित्सक रोगियों को नया जीवन करते हैं प्रदान

चन्दौसी, अमृत विचार : श्री नारायण सेवा समिति की ओर से विनायक मार्ग स्थित चाणक्य क्लीनिक पर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें समिति अध्यक्ष सुभाष चंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि हमारे जीवन में स्वास्थ्य के लिए चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। रोगों से बचाकर चिकित्सक हमें नया जीवन प्रदान करते हैं। कहा कि पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. विधान चंद्र राय के जन्म दिवस को राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न आयाम स्थापित किए। भारत ने उन्हें सन 1961 को भारत रत्न से सम्मानित किया। अंत में डॉ. टीएस पाल को पगड़ी व पटका से सम्मानित किया गया। इस दौरान हरीश कठेरिया, जगदीश राणा, डॉ. जयशंकर दुबे, सुशील कुमार, रतन कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, मोहित कुमार, राजेश कुमार, रोशन लाल, आकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य सीएचसी में बुखार व टायफाइड के मरीजों की लगी कतार

बरसात के मौसम में बीमारियों ने पैर पसारे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: वर्षा ऋतु आरंभ होने से बीमारियों ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए है। जिससे सीएचसी में उपचार कराने वालों की सुबह से ही कतारें लगनी शुरू हो जाती है। ज्यादा मरीज बुखार व टायफाइड के उपचार कराने पहुंच रहे हैं। भीड़भाड़ अधिक होने से मरीजों को उपचार कराने में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं चिकित्सक भी इस मौसम में सावधानियां बरतने की सलाह दे रहे हैं।

एक सप्ताह से सीएचसी में उपचार कराने वाले मरीजों की सुबह से ही कतार लगनी शुरू हो जाती है। रोजाना 650 से 700 मरीज अपना उपचार कराने पहुंच रहे हैं। जिसमें 100 से ज्यादा मरीज बुखार व टायफाइड से पीड़ित होते हैं। इसके अलावा उल्टी-दस्त, जुखाम, खांसी, एलर्जी, आंखों के मरीजों की खासी संख्या भी अच्छी खासी रहती है।

टायफाइड से पीड़ित गंभीर मरीजों का उपचार सीएचसी के वार्ड में भी चल रहा है। वहीं चिकित्सक भी बाहर की खानपान की सामग्री का सेवन करने को मना कर रहे हैं। इस समय कोल्ड ड्रिक, आइसक्रीम से दूर रहने की सलाह दी जा रही है।

सीएचसी में उपचार कराने को लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

- चिकित्सक दे रहे बरसात में सावधानियां बरतने की सलाह

> वर्षा ऋतु में मौसम में काफी परिवर्तन आ जाता है। जिससे लोग लापरवाही करके बीमार हो जाते हैं। इसलिए बरसात के दिनों में सावधानी बरतने की जरुरत है। जिससे बीमारियों से बचा जा सके।
>
> -डॉ. हरवेंदर सिंह, प्रभारी, सीएचसी

डीएम ने देखा स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्र का हाल

बहजोई, अमृत विचार: डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया औचक निरीक्षण के लिए बहजोई विकासखंड के गांव श्रीनगर कनेटा के प्राथमिक विद्यालय पहुंच गए। जहां पर उन्होंने सबसे पहले पंजीकरण के बारे में जानकारी की। अधिक से अधिक उपस्थिति को लेकर शिक्षकों को निर्देश दिए। डीएम ने मिड डे मील चख उसकी गुणवत्ता के बारे में जानकारी की। मीनू के अनुसार मिड डे मील दिए जाने के निर्देश दिए। स्कूल की क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी के निरीक्षण के दौरान साफ सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम गांव रमपुरा के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय पहुंच गए। जहां उन्होंने जहां अध्यापकों को निर्देश दिए कि छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए दूरभाष पर वार्ता करें। ताकि बच्चों की उपस्थिति अधिक हो सके। डीएम ने अध्यापकों से कहा कि बच्चों की को हिंदी का अधिक से अधिक अभ्यास कराये।

एसडीएम नीतू सिंह को ज्ञापन सौंपते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

शिव मंदिर मार्ग पर जलभराव से निजात दिलाने की उठी मांग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: नगर पंचायत मौलागढ़ की गलियों व शिव मंदिर मार्ग पर जलभराव होने व संक्रामक बीमारियों फैलने की आशंका को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने एसडीएम नीतू सिंह को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की है।

ज्ञापन में कहा है कि गांव की गलियां व शिव मंदिर मार्ग ने तालाब का रूप ले दिया। यहां रिहायशी बस्ती में नाली व बरसात का गंदा पानी ठहरा हुआ है। जिससे उठने वाली दुर्गंध से घरों में रहना दुश्वार हो गया है। पवित्र सावन का महीना आने वाला है। हजारों की संख्या में भक्त शिव मंदिर पर पूजा-अर्चना करने पहुंचेंगे। मगर जलभराव के गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कई लोग ग्राम प्रधान विजय सिंह व सचिव मनोज चौहान को मौखिक व लिखित रूप से अवगत करा चुके हैं। मगर इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। ज्ञापन देने वालों में अंकित, विकास, निर्भय आदि रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लालनाद् बहवो दोषास्ताडनाद् बहवो गुणा : ।
तस्मात्पुत्रं च शिष्यं च ताडयेन्न तु लालयेत् ॥

अधिक लाड़ से अनेक दोष तथा अधिक ताड़न से गुण आते हैं । इसलिए पुत्र और शिष्य को लालन की नहीं ताड़न की आवश्यकता होती है ।

संपादकीय

आत्मनिर्भरता के तहत

आज वैश्विक समीकरण बदल रहे हैं। वर्तमान दौर की लड़ाईयां नया रूप ले रही हैं। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद भारत की सुरक्षा चुनौतियों में से एक है। आने वाले दिनों में जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पाकिस्तान को साधना भारत की सुरक्षा के लिए एक और चुनौती है। पाकिस्तान ने पहले ही देश के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ रखा है। इस बीच थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। भारतीय सेना आत्मनिर्भरता के जरिए अपनी क्षमता विकास और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। वास्तव में देश को न केवल इस दिशा में अग्रसर रहने की ज़रूरत है बल्कि सैनिकों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर युद्ध पद्धति और रणनीति को बेहतर करने की जरूरत है। भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता है। क्योंकि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर और सूचना प्रणालियों जैसे नए क्षेत्रों में विकसित हो चुका है। ऐसे में युद्ध प्रणालियों में प्रौद्योगिकी के समावेश और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता है।

आज भारतीय सेना आधुनिकीकरण के पथ पर अग्रसर है। उस दिशा में आत्मनिर्भरता को हासिल करने के लिए सेना पूरी तरह से तैयार है। क्योंकि महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए आयात पर निर्भर होने से विशिष्ट क्षेत्रों में पीछे रह जाने का जोखिम है। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा भी है कि वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। भारतीय सेना का आत्मनिर्भरता के तहत आधुनिकीकरण करना और तीनों सेनाओं का तालमेल उनकी प्राथमिकता में शामिल है। आत्मनिर्भर होने, स्वदेशी अनुसंधान और विकास के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने में भारतीय सेना के परिवर्तन की राह निहित है। आधुनिक, चुस्त, अनुकूलनीय, प्रौद्योगिकी सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए तैयार सेना को आकार देने के प्रयास उसी दिशा में उठाए गए कदमों का हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रहित की सुरक्षा से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। आज देश चीन और पाकिस्तान द्वारा पेश की गई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर सकता है।

आहार और पाकशास्त्र में हमारे सूत्रधारों का उपकार कर्म



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों ।

खान-पान और इन्हें तैयार करने की विधियों का जो संकलन अनुसंधान और अनुभव आधारित हैं,उसे हमारे मनीषियों ने आयुर्वेद में दिया है। इस प्रयोगात्मक और वैज्ञानिक जानकारी देखकर अनेक बार मुझे ही नहीं, बल्कि आधुनिक विधियों से फूड साइंस में काम करने वाले शोधकर्मियों को भी चकित होना पड़ता है। इसे हमारी दादी-नानी के समृति में स्थानी रूप से रोपित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह एक परंपरा के रूप में अनादिकाल काल तक हमारी दिनचर्या का हिस्सा कैसे बन सकती है? हमारे विद्वज्जनों ने इस परंपरा के रूप में विकसित करने के लिए क्या तौर-तरीके अपनाए होंगें? इनके मूल पाठ संस्कृत और तमिल में हैं, लेकिन विद्वज्जनों ने टीका सहित इसका अनुवाद मुझे समझ में आने वाली हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में भी सुलभ कराया है। पंडित वामचरण भट्टाचार्य द्वारा पुनर्प्रस्तुत पाकदर्पणं के संस्कृत टेक्स्ट पर आधारित हिंदी टीका सन्‌ 2006 में डॉ. इन्द्रदेव त्रिपाठी ने चौखंभा पब्लिकेशंस की मार्फत प्रकाशित करवाई।

आयुर्वेद में खाद्य सामग्री के स्रोत की शुचिता और विविधता, इसे प्रोसेस करने के तरीके और इसके सेवन के अलावा विभिन्न तरह से तैयार किए गए खाद्य पदार्थों के संरक्षण और स्टोरेज के बारे सूक्ष्म स्तर तक विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही विभिन्न व्यंजनों, औषधीय खाद्यों और इनके थेराप्यूटिक गुणों की जानकारी भी दर्ज की गई है।

उत्कृष्ट और आश्चर्यजनक हैं पकवानों के वे अनेक नाम-शब्द जिनका अन्वेषण आयुर्वेदाचार्यों ने किया, क्योंकि भाषा विज्ञान की दृष्टि से सर्वथा उपयुक्त हैं, अर्थात 'प्रिसायिज' अर्थ प्रेषित करते हैं। इन शब्दों की संरचना को जानकर भाषाविदों के कौशल के प्रति भी हमें नतमस्तक होने की जरूरत है। खाद्य और पोषण विज्ञान (द साइंस ऑफ फूड, फूड टेक्नोलॉजी एंड न्यूट्रीशन) के ख्यात जर्नल्स में पारंपरिक भारतीय भोज्य पदार्थ, घरेलू भोजन एवं अन्य प्रकार के आहार के बारे में अन्योन्य प्रकार से प्रयोगात्मक, प्रबंधात्मक और निबंधात्मक जानकारी का प्रकाशन हुआ है। मेटाबॉलिज्म के पैमाने पर हम अपने पकवानों को श्रेष्ठ कह सकते हैं तो इसमें रत्तीभर संदेह नहीं होना चाहिए? भारतीय प्राचीन पाकशास्त्रों -जैसे कि रसमंजरी,

> भारत की आहार परंपरा अद्भुत है, लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं।

पाकदर्पणम, सूपशास्त्र, भोजन कौतूहलं, क्षेम कौतूहलं के अलावा के.टी. अचाया की दो पुस्तकें 'ए हिस्टोरिकल डिक्शनरी ऑफ इंडियन फूड' और 'इंडियन फूड ए हिस्टोरिकल कम्पैनियन' पर जो दो-तीन शानदार पुस्तकें (ट्रीटाईजेज अर्थात्व प्रबंध ग्रंथ) उपलब्ध हैं उनके अध्ययन से जाहिर होता है कि सामग्री का चुनाव,किस के साथ किसका मेल सर्वथा उचित है और इन्हें बनाने की सहज-सर्वश्रेष्ठ तकनीक के अलावा परोसने के तरीके क्या होने चाहिए, इस बारे में विस्तार से निर्देश दिए गए हैं। हमारे मनीषियों ने भोजन को प्रोसेस करने और पाक-गृह (किचन) में भोजन तैयार करने वाले रसोइए (शेफ) और परोसने वालों (बीयरर या बॉय) के लिए भी कुछेक हिदायतें दी हैं। आयुर्वेद के अलावा यूनानी और तिब्बिया सिस्टम्स में भी खाने-पीने के बारे में अच्छी मालूमात दर्ज हैं। सिर्फ इतना भर नहीं,बल्कि किस लकड़ी की कितना तीव्र आंच, चूल्हे के डिजाइन और धातु-अधातु के बर्तन और मृद्भांड कैसे हो, कितने आमाप के हों आदि पर भी उक्त ग्रंथों में विस्तार से लिखा गया है। उदाहरण के लिए दक्षिण भारत में परंपरा के तौर पर विवाह के एक उपहारों में से जस्ता धातु के आधिक्य मिश्रण वाली हांडी दिए जाने की परंपरा है,जिसमें सांभर पकाया जाता है। यह धातु सांभर पकाते समय सूक्ष्म मात्रा में बर्तन से विलग होकर सांभर में मिल जाती है और टॉक्सिक होने की बजाय पोषण प्रदान करती है। कालोनियल भारत में ब्रिटिश इंडियन आर्मी के अफसरों को यूरोपियन और भारतीय सैनिकों के लिए पोषक आहार चुनने के लिए भारतीय खाद्य पदार्थों में से ही चुनाव करना होता था। उन सबको भारतीय तरीके से बनाया गया भोजन पसंद नहीं था और उन्हें यह भी मालूम था कि भारतीय लोग या तो अतिपोषित रहते हैं या कुपोषित। इन्हें संतुलित आहार के बारे में कुछ नहीं मालूम, क्योंकि पाकशास्त्र के ग्रंथ और आयुर्वेद की रचनाओं में पोषक तत्वों की जानकारी उस तरीके से दर्ज नहीं हुई थी जिस तरीके से मॉडर्न केमिस्ट्री और बायो-केमिस्ट्री के हिसाब से इसे समझा जा सकता था। इसी प्रसंग में भारत में पोषणाहार की कमी से उपजी बेरी-बेरी, मराजमस और प्रोटीन केलरी कुपोषण जैसी शारीरिक विकृतियों की ओर मेजर (डॉ) रॉबर्ट मैक्कैरिसन का ध्यान गया। वे सन्प 1911 में मद्रास आर्टिलरी में रहकर कुनूर (तमिलनाडु) में नियुक्त थे। यहां रहकर डॉ. मैक्कैरिसन ने 'न्यूट्रीशन रिसर्च लेबोरेट्रीज' की स्थापना की और काम शुरू किया। उक्त बीमारियों पर काम करने के साथ-साथ इन्हें भारतीय खाद्य पदार्थों में मौजूद अनेक पोषक तत्वों और इनके पोषक मान का पता लगाने के लिए अपने साथी डॉ.आयक्रायड को कहा तो कुछ ही समय बाद 'न्यूट्रीटिव वैल्यू ऑफ इंडियन फूड्स' नामक किताब का जन्म हुआ। सन 1911 में कुनूर में स्थापित वह छोटी सी रिसर्च लेबोरेट्री अब नेशनल इंस्टीट्यूशन ऑफ न्यूट्रीशन के रूप में हैदराबाद में 60 साल से अधिक समय से काम कर रही है। इस रिसर्च लेबोरेट्री के निदेशक पद पर रहते हुए डॉ. पटवर्द्धन जैसे नामी पोषण विज्ञानियों ने भारतीय पोषण और विज्ञान के इतिहास पर शानदार किताब लिखी। हमारे पाकशास्त्र ग्रंथों पर विदेशियों की शुरू से नजर रही है, खासतौर से ब्रिटिश और अमरीकनों की। इतिहास संकलन के नजरिए से मैं यह देखकर चकित हूं कि अमेरिका की लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में सन्ल 1907 में पुनर्प्रकाशित 'रसमंजरी' की प्रति मौजूद है। उनके संग्रह में सन्न 1991 में इसका पहुंचना बड़ी बात नहीं है। 'साउथ एशियन रेट्रोस्पेक्टिव मैटीरियल' के खाते में यह उनके रेकॉर्ड में दर्ज की गई है। रसमंजरी का संकलन और लेखन कार्य वैद्यनाथन शालीनाथ ने और 'मिश्र'-कुल अग्रगण्य पंडित नारायण प्रसाद मुकुन्दराम, बांस बरेली (अब बरेली) तथा लखीमपुर निवासी ने इस पर टीका तैयार की।

भारत की आहार परंपरा अद्भुत है,लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं। 'लाइफ-स्टाइल डीजीजेज' अर्थात्‌ व्यवहार जन्य रोगों और आहार जन्य विकारों पर क्या हमारे प्राचीन और मध्यकालीन मनीषी चुप रहे? अगर ऐसा होता तो पाकशास्त्र के भारतीय ग्रंथों में आयुर्वेद के संदर्भ न मिलते! विज्ञान के मनुष्य के मेटाबोलिक सिस्टम के हिसाब से देखें तो इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के मुकाबले में हमारे स्ट्रीट-फूड्स कहीं बेहतर हैं, बशर्ते इन्हें तैयार करने वाले और परोसने वाले स्थान स्वच्छ हैं और शुद्ध खाद्य सामग्री का इनमें इस्तेमाल किया गया है। भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों और अल्पाहार समझ कर लिए जाए। उदाहरण के लिए ख्यात जर्नल फार्माकोग्नॉसी रिव्यु के सनन 2017 के अंक में प्रकाशित 'ए कॉम्प्रेहेंसिव रिव्यु ऑनरसम-ए साउथ इंडियन ट्रेडिशनल फंक्शनल फ़ूड' के बारे में बताया गया है कि इसमें प्रोबायोटिक्स, प्रीबायोटिक्स (एक प्रकार से दही से बनी हुई छाछ समान गुणधर्म वाला तरल खाद्य), ओमेगा-3-पॉलीअन्सेच्युरेटेड फैटी एसिड्स, कांजुगेटेड लिनोलीक एसिड, प्लांट एंटीऑक्सीडेंट्स, एकाधिक विटामिन और खनिज,न्यूनाधिक मात्रा में प्रोटीन, पेप्टाइड्सऔर एमिनो-एसिड्स के अलावा फोस्फोलिपिड्स की मौजूदगी होती है। अब भला दुनिया के किस एक ही पकवान में इतनी संख्या में पोषक तत्व मौजूद हो सकते हैं। उत्तर भारत में जिस प्रकार से आयुर्वेद का बोलबाला है इसी प्रकार भारत के दक्षिणी प्रांतों, खासतौर से केरल और तमिलनाडु, में पारंपरिक भारतीय आयुर्वैज्ञानिक प्रणाली का नाम 'सिद्ध' है। ऐसी समृद्ध परंपराओं की मौजूदगी में विदेशी पकवानों के पीछे भागना अनुचित प्रतीत होता है।

प्रसंगवश

सबसे बड़ा रोना अकल का है

> अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है।

सौ में से नब्बे यही सुनते सुनते बड़े होते हैं कि बेवकूफ हो? अकल नहीं है? अब दिक़्क़त यही है कि यदि नहीं है तो कहां से लाएं? अकल कोई धनिया तो है नहीं कि दौड़े और नुक्कड़ पर लगी दुकान से ख़रीद लाएं। अकल का कोटा ऊपर वाला रिलीज़ करता है। किसी को देता है तो छप्पर फाड़ देता है, किसी को थोड़ी बहुत कंजूसी से दे देता है और किसी को नहीं देता तो छदाम भर भी नहीं देता। इससे ये नतीजा तो फौरन निकाला जा सकता है कि भगवान जो भी है वो कम्युनिस्ट तो हरगिज़ नहीं है।

पर जैसा ज़माना है आजकल, उसके हिसाब से अकलमंद होना खतरनाक हो चुका। अकल होगी तो आप सोचेंगे विचारेंगे। लोगों से उलझेंगे। अकेले पड़ेंगे और अपनी हंसी उडवा लेंगे। जबकि बेवकूफ होकर पैदा होना फ़ायदे का सौदा है और अकल तलाशना तो हरगिज़ अक्लमंदी का काम नहीं है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है। पर इसके अपने ख़तरे है। अक्लमंद हमेशा अल्पमत में होता है इसलिए बहुत बार हाथ पांव से मज़बूत बेअकल लोगों से पिट जाता है।

बेअक्ली हमेशा से बहुमत में होती आई है इसलिए वो राज करती है और अकलमंद उसकी चाकरी करते है। बेवकूफी में सबसे बढ़िया बात ये है कि वो खुद को अकलमंद समझता है और सारे अकलमंद उसे बेवकूफ लगते है। अक्लमंदी के उलट बेवकूफ़ी जताने में मेहनत भी नहीं करनी पड़ती। अक्लमंदी सरकारी नल की तरह होती है जबकि बेबकूफी पहाड़ी झरने की तरह बहती है। वो खुद अपना परिचय है। और सामने वाले का मन हो या ना हो उसे नहलाये बिना नहीं मानती।

अकलमंद को अपनी बुद्धि मे हमेशा धार लगाते रहना पड़ता है। पढ़ना लिखना पड़ता है। अपने जैसे लोगों की संगत करना पड़ती है जो कि मुश्किल से मिलते हैं। बेवकूफी में ऐसी फालतू की कवायद की कोई झंझट ही नहीं होती। उसे अपने जैसे हज़ार मिल जाते हैं। अकलमंद बहस करता है, हमेशा असहमत, बेचैन और कुड़कुड़ा बना रहता है। अपनी-अपनी चलाना और अपनी ही मनवाना चाहता है। और ऐसी हरकतों से अपने गिने चुने दोस्तों से भी हाथ धो बैठता है। अकेला हो जाता है जबकि बेवकूफ एक दूसरे से बहुत जल्दी सहमत हो जाते है। आशावादी होते हैं वो। हमेशा ख़ुश रहते है। एक दूसरे के गले में हाथ डालते है। ज़बर्दस्त एका होता है उनमें और जब भी कोई अकलमंद उनसे टकरा जाये तो सारे मिलकर उसे कूट देते हैं।

अकल से हासिल भी क्या है? ज़माने भर की बेगारी। किसी अनपढ़ सेठ की मुनीमी, किसी डूबते बैंक की क्लर्की या किसी प्राईवेट स्कूल की मास्टरी। अकल वाले ज़िंदगी भर यही सोच सोच कर कलपते रहते हैं कि उन्हें वो पोज़ीशन हासिल नहीं हुई जिसके वो हक़दार थे।

अकल के साथ सबसे बड़ा रोना यही है कि यदि वो आपके हिस्से में आ गई है तो आप उससे पीछा नहीं छुड़ा सकते। वो आपसे नदी में बहते कंबल की तरह चिपट जाती है और मौक़े बेमौके पर आपको बेइज्जत करवाए बिना मानती नही।

ऐसे में यदि आपको कोई अकलमंद या बुद्धिजीवी कहे तो ज्यादा फूलने की ज़रूरत है नहीं। हो सकता है वो आपका मज़ाक़ उड़ा रहा हो। आपको दया करने लायक़ समझ रहा हो। या आपको कूटने की फ़िराक़ में हो।

वायु प्रदूषण के कारण पृथ्वी से खत्म हो जाएंगे कीट

सीमा अग्रवाल
मेरठ

वायु प्रदूषण केवल इंसान को प्रभावित कर रहा है ऐसा नहीं है। जहरीली गैसों का बुरा असर पूरी जैव विविधिता के खात्मे पर तुला है। इस कड़ी में वो सूक्ष्म कीट भी शामिल हैं जो हमें अक्सर हवा में उड़ते दिखते हैं। ये सूक्ष्म कीट कचरे का विघटन, मानव जीवन, फसलीय चक्रीकरण के लिए बेहद जरूरी हैं। इनकी अहमियत मानव जीवन में प्रत्यक्ष तौर पर नजर नहीं आती। लेकिन अप्रत्क्ष रूप से ये कीट इंसान को हर स्तर पर प्रभावित करते हैं। वायुमंडल में चढ़ती प्रदूषण की मोटी परत से इन कीटों के भोजन तलाशने से लेकर साथी से मिलन, संतति निर्माण और विकास की प्रक्रिया प्रदूषण के कारण नष्ट हो चुकी है। कीटों के सूचना तंत्र को धुएं और गैसों ने डिस्टर्ब कर उन्हें रास्ते से भटका दिया है।

हालिया शोधों के मुताबिक कीटों की घटती आबादी के लिए प्रदूषण के साथ शहरीकरण, कृषि क्षेत्र में बढ़ता कीटनाशकों का उपयोग और जलवायु परिवर्तन जैसी वजह जिम्मेदार हैं। प्रदूषण न केवल शहरों के आस-पास बल्कि दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनकी आबादी को प्रभावित कर रहा है। शोध से पता चला कि प्रदूषण के चलते आने वाले कुछ दशकों में दुनिया के 40 फीसदी कीट खत्म हो जाएंगे। धुआं, धूल, धुंध, पीएम के कण कीटों के एंटीना और रिसेप्टर्स पर बहुत बुरा असर डाल रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं के अध्ययन में कीटों पर प्रदूषण का असर अनुमान से कहीं ज्यादा निकला है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा तय मानक के अनुसार वार्षिक औसत से ज्यादा हैं।

खेतों, बगीचों में उड़ते कीटों का मुख्य काम परागण होता है। ये फसलों, फूलों को परागित कर नए बीजों का संवर्द्धन करते हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए जारी की जाने वाली रेड लिस्ट में कीटों की सिर्फ आठ फीसदी प्रजातियां ही शामिल हैं। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक 1990 के बाद से कीटों की आबादी में करीब 25 फीसदी की कमी आई है, अनुमान है कि यह कीट हर दशक में करीब नौ फीसदी की दर से कम हो रहे हैं।

> शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है।

शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है। कीटों की एंटीना में गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स होते हैं, जो आहार, स्रोत, संभावित साथी और अंडे देने के लिए एक अच्छी जगह खोजने में मदद करते हैं। ऐसे में यदि किसी कीट के एंटीना पार्टिकुलेट मैटर से ढके होते हैं तो उससे एक भौतिक अवरोध उत्पन्न हो जाता है। यह गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स और हवा में मौजूद गंध के अणुओं के बीच होने वाले संपर्क को रोकता है। जीवाश्म ईंधन के दहन से निकलने वाले पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में ज़हरीले भारी धातु और कार्बनिक पदार्थ शामिल हैं। ये सांस के ज़रिए शरीर में जाने वाले कण होते हैं जो इतने छोटे होते हैं कि उन्हें नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता। बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया डेविस विश्वविद्यालय की टीम ने बीजिंग के हैडियन जिले से एकत्रित घरेलू मक्खियों का अध्ययन उस समय किया जब वायु गुणवत्ता सूचकांक का उपयोग करके वायु गुणवत्ता को निम्न, मध्यम या उच्च आंका गया था। प्रदूषण के बड़े कण आपकी आंखों और नाक में जलन पैदा कर सकते हैं, जबकि बहुत छोटे कण फेफड़ों में गहराई तक जा सकते हैं। बाद वाले कण हमारे लिए ज्यादा हानिकारक होते हैं और कीड़ों के एंटीना पर जमा हो सकते हैं।

एंटीना पर प्रदूषक तत्वों के जमने के कारण कीटों का सूचना तंत्र काम करना बंद कर देता है। आपस में संदेशों का आदान, प्रदान नहीं कर पाते। भोजन, अपने साथी को खोजना या अपने ठिकानों को तलाश करने की उनकी शक्ति क्षीण हो जाती है। उनके एंटिना काम करना बंद कर देते हैं और कीट एक जिंदा लाश बन जाता है। जो समय से पहले मर जाता है। कीटों की सिग्नलिंग प्रणाली डिस्टर्ब हो जाती है। नाइट्रस ऑक्साइड या ओजोन जैसे गैसीय वायु प्रदूषकों की तुलना में कणीय पदार्थों का संपर्क कीटों और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है। इंसान को यह समझना होगा कि ये नन्हें कीट, तितलियां, फ्लाइज हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में कीटों और बीमारियों के नियमन, परागण और पोषक चक्रण के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें से सभी के लिए रासायनिक संकेतों का प्रभावी पता लगाना आवश्यक है।

सोशल फोरम

व्यक्ति सापेक्ष कुछ सत्य नहीं

दुनिया में जितने भी तथाकथित भगवान हैं, वे सभी मनुष्य की कल्पना की उपज हैं। इन्हें मनुष्यों ने गढ़ा है। इसीलिए मनुष्य के अलावा दुनिया के किसी अन्य जीव के पास कोई भगवान नहीं है। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों की प्राकृतिक परिस्थियां एक-जैसी नहीं हैं, उनमें भिन्नता के कारण वहां के निवासियों की सभ्यताएं और संस्कृतियां भी भिन्न हैं। उनके विचार अलग हैं और विचारों के अलग होने के कारण उनके भगवान संबंधी विचार भी भिन्न हैं। भले ही यह भिन्नता बहुत सूक्ष्म हो।

अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

सच तो यह है कि एक ही संस्कृति के दो व्यक्तियों के भगवान संबंधी विचार भी एक-जैसे नहीं हो सकते। अपने विचारों में व्यक्ति अभिव्यक्त होता है। प्रत्येक व्यक्ति के भगवान में उसका ख़ुद का व्यक्तित्व झलकता रहता है। विचारों के व्यक्ति सापेक्ष होने के कारण ही दुनिया में एक ही धर्म या मत के मानने वालों में भी असंख्य मत-मतांतर हैं, संप्रदाय और समूह हैं। यह अंतर कई बार इतना प्रगाढ़ होता है कि एक ही धर्म के मानने वाले दो समूह एक-दूसरे के शत्रुता के स्तर तक विरोधी होते हैं।

केवल अपने धर्म को सत्य और निरपेक्ष मानना व्यक्ति की गलत समझ का परिणाम है। व्यक्ति सापेक्ष कोई भी चीज़ सत्य और निरपेक्ष नहीं हो सकती। सभी मनुष्यों के लिए जो एक-जैसी है, वही सत्य और निरपेक्ष है। भगवान संबंधी विचार इसीलिए सत्य और निरपेक्ष नहीं हैं, क्योंकि सभी मनुष्यों के भगवान संबंधी विचार भिन्न-भिन्न हैं।

वास्तव में मानव के विचारों से पूरी तरह स्वतंत्र और अप्रभावित हवा, पानी, सूर्य, आदि तत्व ही निरपेक्ष हैं। निरपेक्ष वही हो सकता है जो हवा, पानी, सूर्य, आदि की तरह समस्त मानवता के लिए एक-जैसा हो।

व्यक्ति के विचार सापेक्ष होते हैं, वे निरपेक्ष नहीं हो सकते। इस सामान्य तथ्य को भूलना ही व्यक्ति को असहिष्णु बनाता है। असहिष्णुता का उत्स मनुष्य की इसी प्रवृत्ति में है। व्यक्ति की असहिष्णुता उसके असभ्य और असामाजिक होने का प्रमाण है।

-फेसबुक वॉल से

सरकार चुनने में जन मनोभावों की भूमिका

सरकारों को चुनने की प्रक्रिया में सामान्य जन मनोभावों या अनुभूति (परसेप्शन) की बड़ी भूमिका है। इन दिनों जैसा माहौल बन रहा है वह निश्चित रुप से वर्तमान सरकार के अनुकूल नहीं है। राज्यों में बड़े निर्माण कार्य चाहे किसी भी दल की सरकारों द्वारा कराए गए हों लेकिन इन दिनों अनेक पुलों के धराशायी होते जाने, कई प्रदेशों के एअरपोर्ट के क्षतिग्रस्त होने की लगातार आ रही खबरें वर्तमान सरकार के विरुद्ध ही जनमत तैयार कर रही है। क्या निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता या कमीशनखोरी हुई है? जनभावना तो ऐसी ही बन रही है और विपक्षी दल इसे हवा दे रहे हैं।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

नए-नए बने रामपथ का कई जगहों पर ध्वस्त हो जाना तो सचमुच विचलित करता है। विरोधी पार्टियां मुखर होकर कह रही हैं कि इन सारे कामों का उद्घाटन सामान्य निर्वाचन के पूर्व कराये जाने की जल्दीबाजी थी। इसलिए निर्माण कार्य घटिया स्तर का हुआ और इन आरोपों का आश्वस्तिदायक और प्रभावी खंडन रुलिंग पार्टी द्वारा नहीं हो रहा है। विरोधी दलों द्वारा कुछ ऐसा हौवा खड़ा किया जा रहा है जैसा संविधान को बदलने या आरक्षण को खत्म कर देने की अफवाहों का हुआ था और एक बड़ा मतदाता समूह इन्हें सच मान बैठा था। समाजवादी पार्टी के मुखिया अभी भी आरक्षण वाली ढोल पीटे जा रहे हैं और उन्हें माकूल जवाब नहीं दिया जा पा रहा है जिससे आम जनता का भ्रम निवारण हो सके। न जीत न हार के पश्चात आम जनों के बीच जाकर उनका विश्वास जीतना तो जैसा भाजपा नेताओं के डीएनए में ही नहीं है। फिर सब अंतर्धान हो गए हैं।

हमारे गांव के कुछ वंचित तबके के लोग जो रोजी-रोटी के लिए मुंबई, कोलकाता और बंगलौर आदि शहरों में रह रहे हैं उनको अपने राशन कार्ड की सुविधा जारी रखने के लिए केवाईसी के लिए वापस मूल स्थानों पर लौटने के लिए विवश किया जा रहा है । जबकि किसी भी लाभार्थी को राशन की निर्धारित सुविधा कहीं भी प्राप्त करना अनुमन्य है तो फिर आज की डिजिटल तकनीकों से क्यों नहीं उनकी केवाईसी वहीं हो सकती है, जहां वे मौजूदा रुप से रह रहे हैं? एक यह भी मुद्दा तेजी से उभर रहा है जिसका समय रहते समाधान जरुरी है। अन्यथा भाजपा का एक बड़ा 'लाभार्थी वोटर समूह' भी असंतुष्ट हो जाएगा ।

छुट्टा गोवंश और नीलगायों से निरंतर किसानों की फसलों की बर्बादी का मुद्दा जस का तस है। अब किसान बिचारे भरे मन से इसे अपनी नियति मान लिए हैं। जिस गति से नव निर्मित सड़कें और निर्मित संरचनाएं ध्वस्त हो रही हैं कई 'मिस्टर क्लीन' छवि वाले जनप्रतिनिधि भी शंकाओं के दायरे में आ रहे हैं। मात्र अभियंताओं पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। निर्माण के उत्तरदायी तो संबंधित ठेके लेने वाली कंपनियां और विभागों के मंत्रीगण भी तो हैं। कम से कम उन पर भी जांच बैठाकर सरकार की निष्पक्षता दिखाई जा सकती है। और निरंतर बढ़ती जा रही इस अफवाह (या सच्चाई?) कि ज्यादातर ठेके गुजरात की कार्यदाई संस्थाओं को दिए गए हैं का भी सच आम जनता सुनना चाह रही है। कोई बताएगा? संतुष्टिदायक विवरण चाहिए।

अब नए चुनावों का सिलसिला शुरु हो रहा है। उपचुनावों को भी आगामी विधानसभा चुनावों का मापदंड/ संकेतक निश्चित तौर पर माना जाएगा। सत्तारुढ़ दल के समर्थक मतदाता खिन्न हैं कि सरकारें वह तत्परता अभी भी नहीं दिखा रहीं जिनसे अभी संपन्न चुनाव में उन्हें धक्का लगा है। जो सामान्य 'परसेप्शन' बन रहा है वह रुलिंग पार्टी के पक्ष में नहीं है।

ये बारिश का पानी

कुछ ही दिनों की बात है कि प्रचंड गर्मी से उबरने के लिए देश बारिश की दुआएं मांग रहा था। अभी मानसून की बारिश शुरु ही हुई है कि देश के कई-कई शहरों के डूबने की ख़बरें आने लगी है। आने वाले दिनों में मीडिया ऐसी खबरों से भरी रहने वाली है। कुछ ही दशकों पहले के दिन याद करिए जब बरसात की बारिश शुरू होती थी तो कई-कई दिनों तक रुकने का नाम नहीं लेती थी। सड़क और खेत सब पानी-पानी।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

बारिश या बाढ़ का पानी घरों में घुस गया तब भी बदहवासी नहीं। घुटने भर पानी में छप्पा-छप्पा खेल लिया या कागज़ की कश्ती चला ली। तब प्रकृति का सहज स्वीकार हुआ करता था। बारिश और बाढ़ का पानी अपने में समेट लेने के लिए तब हर गांव-शहर में बड़े-बड़े तालाब और जलाशय भी होते थे और गहरे-गहरे कुएं भी। पानी आया भी तो कुछ ही देर या कुछ ही दिनों में उतर जाता था। प्रकृति-चक्र तेजी से बदला है। वैसी बारिश अब नह

एक नजर

ठाकुरद्वारा में धर्मशाला की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग करते लोग।

धर्मशाला की भूमि कब्जा मुक्त कराने की मांग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : दलित समाज के लोगों ने सोमवार को एकत्र होकर जाटवान धर्मशाला की जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शेर सिंह के नेतृत्व में दलित समाज के लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि नगर के मौजा फतहउल्लागंज में गाटा संख्या 268 और 256में 0,170हैं। राजस्व अभिलेखों में धर्मशाला जाटवान के नाम से अंकित थी। इस भूमि का सीमांकन कराकर कब्जा दिलाए जाने की मांग की है। प्रदर्शन में राजेश सिंह, विशाल, सुनील कुमार, गोपाल सिंह, कमल सिंह, कलुआ, विपिन, कृपाल सिंह, राकेश कुमार, राजेंद्र, विक्रम, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

नए कानूनों को लेकर लोगों को जागरूक किया

थानों में पुलिस ने बैठक कर व गणमान्य लोगों के साथ रैली निकाल कर दी जानकारी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : कोतवाली परिसर में नए कानून को लेकर डिप्टी एसपी व कोतवाली प्रभारी ने लोगों को जानकारी दी। साथ ही रैली निकालकर जागरूक किया।

कोतवाली परिसर में सोमवार से लागू हुए नए कानूनों के मद्देनजर डिप्टी एसपी राजेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के गणमान्य व्यक्तियों को 1 जुलाई से कानून में हुए बदलावों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि संशोधन किए गए नए कानून में अपराध की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर विचार किए बिना जीरो एफआईआर दर्ज की जाएगी। संगठित अपराध को देखते हुए सख्त कदम उठाए गए हैं और इसके लिए नई दांडिक धारा जोड़ी गई है। राजद्रोह कानून को खत्म कर उसकी जगह देशद्रोह कानून की व्यवस्था की गई है। मृत्यु दंड की सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकेगा, जबकि आजीवन कारावास की सजा को 7 वर्ष में बदला जा सकेगा। वही डिप्टी एसपी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि वादी को उसके केस की सारी सूचना घर बैठे उपलब्ध होगी। बैठक के बाद डिप्टी एसपी के नेतृत्व में जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष उद्योग व्यापर मंडल गौरव चौहान, सादिक सिद्दीकी, अबरार सैफी, शाहनवाज खान, पूर्व ब्लाक प्रमुख एजाज अंसारी, हाजी अतीक कुरेशी, मुजीब कुरैशी, राकेश दानव, इस्लाम कुरैशी, संजीव सिंघल, हाजी मुख्तयार सैफी, सलीम खान, अबरार सैफी, मुजीबुर्रहमान आदि मौजूद रहे।

जागरूकता रैली निकालती ठाकुरद्वारा कोतवाली पुलिस। ● अमृत विचार

कांठ में रैली निकलते पुलिस अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति। ● अमृत विचार

पुलिस व प्रशासन ने रैली निकालकर नए कानूनों की दी जानकारी

कांठ, अमृत विचार : थाना कांठ में केंद्र सरकार द्वारा सोमवार से लागू किए गए नए कानून के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों और अन्य लोगों ने नगर में जागरूकता रैली निकाली और लोगों को जागरूक किया। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि नए कानून में सीआरपीसी धाराएं घटाई गई है और कुछ धाराओं को बढ़ाया गया है। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने नए कानून के बारे में लोगों को जानकारी दी। इसके बाद थाना परिसर से एसडीम विनय कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष ऊमरी कलां हाजी उस्मान अली, भाजपा नेता अभय विश्नोई एवं राजपाल सिंह प्रजापति, नगर पंचायत अध्यक्ष कांठ इकबाल आलम, व्यापार मंडल के अध्यक्ष निरुपम बिश्नोई के नेतृत्व में जागरूकता रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर थाना छजलैट में थानाध्यक्ष लखपत सिंह के नेतृत्व में रैली निकाली गई। जिसमें जितेंद्र प्रजापति, अनिल आदि मौजूद रहे।

बारिश से बढ़ा रामगंगा नदी का जलस्तर

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण रामगंगा नदी में जल स्तर बढ़ गया है। जिससे एक दर्जन से अधिक ग्रामों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के कारण रामगंगा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। फिलहाल रामगंगा नदी में बांध से पानी नहीं छोड़ा गया है परंतु मूसलाधार वर्षा के कारण रामगंगा नदी का पानी फिर से बढ़ गया है। रामगंगा नदी में कालागढ़ डैम से छोड़ गए पानी के कारण वर्ष 1978 एवं 2010 में बेगमपुर, मिश्रीपुर, महदूत कलमी, मुस्तफापुर, मंझरा, कुम्हरिया, रामसहाय, मुजफ्फरपुर टांडा, शेरपुर, रुस्तमपुर, बीबीपुर, चैदरी अकबरपुर, सलेमपुर मंझरा, चकफेरी, गोपालपुर, भेंडी फरीदपुर, दरियापुर, राजीपुर खद्दर, गढ़ी, मानपुर, समदपुर, छज्जूपुरा दोयम, मल्लीवाला आदि ग्रामों में बाढ़ का पानी पहुंचने से भारी तबाही हुई थी। समस्त ग्रामों की फसलें बर्बाद हो गई थी। लगातार बरसात होने से सभी गांव के ग्रामीणों में रामगंगा नदी में बाढ़ आने का भय सता रहा है। रामगंगा नदी के किनारे बसे खेतों में पानी प्रवेश कर गया है। यदि जलस्तर और बढ़ता है तो आसपास बसे ग्रामों के खेतों में नदी का पानी प्रवेश कर जाएगा। जिससे फसलें नष्ट होने की भी संभावना है।

रामगंगा नदी का बढ़ता जलस्तर। ● अमृत विचार

● एक दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराया

क्षेत्र की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं व कोतवाली में पंजीकृत दो घटनाओं की मजिस्ट्रेटियल जांच के लिए जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में मांग पत्र सौंपा।

सोमवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह के ठाकुरद्वारा आगमन पर किसान नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि जनता समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन अधिकारियों द्वारा संतोषजनक समाधान नहीं किया जा रहा है। इससे जनता में असंतोष है। प्रदर्शनकारियों ने अघोषित विद्युत कटौती व नील गायों द्वारा फसलों को नष्ट करने से बचाने आदि की मांग की गई। इस दौरान भारत सिंह, जगदीश सिंह पांडे, अर्जुन सिंह, बाबू सिंह, दुर्योधन सिंह, पृथ्वी सिंह, रमेश सिंह, साकिर हुसैन, नरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

ठाकुरद्वारा तहसील में दस्तावेजों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : जिलाधिकारी अनुज सिंह ने तहसील ठाकुरद्वारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार कोर्ट एवं नायब तहसीलदार कोर्ट में पत्रावलियों को चैक करते हुए पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने के पटल सहायक को निर्देश दिए।

डीएम द्वारा आंकिक पटल पर तैनात लेखाकार अतीक अहमद की अलमारी खोलवाकर देखी तो पत्रावलियों व्यवस्थित रूप से पाई गयी। निरीक्षण में सीडीओ सुमित यादव, एसडीएम अजय मिश्र, खंड विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र गुप्ता, तहसीलदार रमेश चन्द्र पाण्डे आदि मौजूद रहे।

नागरिकों को जागरूक करते नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

नगर पंचायत अध्यक्ष ने साफ सफाई के प्रति जागरूक किया

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: नगर पंचायत ऊमरी कलां में नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने डोर टू डोर जाकर नागरिकों को सूखे व गीले कूड़े एवं डस्टबिन के प्रयोग के बारे में जागरूक किया।

नगर पंचायत ऊमरी कलां में अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष मौहम्मद उसमान अली व अधिशासी अधिकारी स्वेतांक सारस्वत के नेतृत्व मे नगर में डोर टू डोर हरे व नीले डस्टबिन का वितरण किया गया और सूखे व गीले कूड़े का महत्व नागरिकों को समझाया गया। चेयरमैन उस्मान अली ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा सफाई वाहन व नगर पंचयात से आए कर्मचारी को सूखा व गीला कूड़ा अलग वितरित किए गए डस्टबीन में दिया जाए। अभियान में नगर पंचायत के सभासद नगर पंचायत स्टॉफ जयकुमार लिपिक, सुरेंद्र सिंह लिपिक, अनीस अहमद टीसी, राहुल कुमार टीसी परम सिंह, अंकुर बिश्नोई, जफ़र अहमद आदि उपस्थित रहे।

दहेज उत्पीड़न के आरोप में ससुरालियों पर रिपोर्ट

कांठ, अमृत विचार: दहेज लोभियों ने दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने इस संबंध में पति, ससुर, सास, ननद सहित कई के खिलाफ थाना कांठ में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना मंझोला क्षेत्र की शोभा का विवाह लगभग 5 वर्ष पूर्ण हरिराज पुत्र झूडे सिंह निवासी ग्राम शाहपुर के साथ हुआ था। कन्या पक्ष की ओर से पर्याप्त दहेज भी ससुराल पक्ष को दिया गया था। विवाह के कुछ समय उपरांत ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न करने लगे। इस दौरान उसने दो पुत्रों को भी जन्म दिया। परेशान होकर विवाहिता एक पुत्र के साथ मायके में रहने लगी। दूसरे पुत्र को ससुराल पक्ष के लोगों ने रख लिया। 20 जनवरी को वह अपने दूसरे पुत्र को वापस लाने ससुराल गई, जहां ससुराल पक्ष के लोगों ने गाली गलौज व मारपीट कर निकाल दिया। पीड़िता ने इस संबंध में सास पप्पी, ससुर झूडे सिंह, पति हरीराज सिंह, जेठ मुनिराज सिंह, ननद करसेना, नंदोई सचिन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

कोतवाली में शांति समिति की बैठक में मौजूद पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

कांवड़ व मोहर्रम को लेकर दिए निर्देश

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर रणनीति तय की गई।

सोमवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम मणि अरोड़ा ने लोगों से अपील की कि वह कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं करें और क्षेत्र में कोई भी विवाद जैसी स्थिति हो तो प्रशासन को अवगत कराएं। ताकि उस समस्या का समय रहते निराकरण किया जा सके। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी ने सभी से वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और शांतिपूर्वक अपने-अपने पर्व मनाने का आह्वान किया।

कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने पुराना रिकॉर्ड पढ़कर सुनाया और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। अपराध निरीक्षक राजेश यादव ने कांवड़ जत्थेदारों से डीजे की आवाज नियंत्रण रखने का आह्वान किया। इस दौरान ईओ रजनी सिंह, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, सभासद राकेश यादव, कासिम अंसारी, पंकज चौहान, पंडित विनोद कुमार मिश्रा, रामनिवास शर्मा, जगत नारायण शर्मा, प्रधान सलीम अंसारी, ग्राम प्रधान रविंद्र चौधरी, ग्राम प्रधान माजिद अंसारी, ग्राम प्रधान सद्दाम हुसैन आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

निशुल्क चिकित्सा शिविर में जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

डाक्टर्स डे पर निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

कुंदरकी, अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र के गांव हाथीपुर चित्तू में डाक्टर्स डे के अवसर पर दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट गरीब नवाज़ रिलीफ फाउंडेशन की ओर से फ्री मेडिकल कैम्प लगाया गया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से सैकड़ों मरीजों का चेकअप किया और निशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के नगर अध्यक्ष अरकान कादरी ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य गरीबों की मदद करना रहता है। इस अवसर पर संस्था के सदस्य डॉ. मुहम्मद रजा गौसे, कारी कमर अली, अशरफी आलम अत्तरी, शमशाद अत्तरी आदि मौजूद रहे।

बाबा की आरती करते विद्यालय के चेयरमैन व प्रधानाचार्या। ● अमृत विचार

विद्यालय के नए सत्र पर हुआ सत्संग व हवन

छजलैट, अमृत विचार : क्षेत्र के कुचावली स्थित सीएनएस पब्लिक स्कूल में नए सत्र का प्रारंभ होने पर सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वालों का सत्संग व हवन का आयोजन किया गया। सत्संग में बाबा फुलसन्दे वालों ने कहा कि जगत में कर्म प्रधान है। सभी को सोच समझकर शुभ कर्म एवं धर्म आचरण करना चाहिए। अपने विचारों की शुद्धता की रक्षा करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमेश्वर की आराधना सबको करनी चाहिए। बाबा ने कहा कि सत्पुरुष किसी में भेद नहीं करते। सूर्य की धूप जैसे हर वस्तु को प्रकाशमान बना देती है वैसे ही सतगुरु की शरण में सच्ची आत्मा से आया व्यक्ति ज्योति रूप हो जाता है। इस अवसर पर सीएनएस एकेडमी के चेयरमैन सुंदर सिंह ने बाबा का शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह ने बाबा की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, कुलदीप कुमार, यक्ष चौधरी, कार्तिकेय चौधरी आदि मौजूद रहे।

नालों के खुले मैनहोल दे रहे हादसों को न्योता

कांठ, अमृत विचार : नगर में रामलीला मार्ग पर दोनों ओर नालों के खुले मैनहोल हादसों को न्योता दे रहे हैं। खुले मैनहोलो में रात में गिरकर बाइक सवार व अन्य लोग घायल हो रहे हैं। करीब एक दशक पूर्व नगर पंचायत प्रशासन की ओर से नगर में पेट्रोल पंप तिराहा से प्राथमिक विद्यालय माननगर तक सड़क और नालों का निर्माण कराया गया था। जिस समय यह कार्य हुआ था, उस समय दोनों ओर के नालों को बंद कराकर बीच-बीच में मैनहोल खुलवाए गए थे। ताकि नालों की साफ-सफाई ठीक से हो सके। इन मैनहोलो को लोहे के जाल से बंद कराया गया था। यह लोहे के जाल इस हिसाब से लगवाए गए थे कि साफ-सफाई के समय इन्हें खोल कर कार्य किया जा सके। लेकिन धीरे-धीरे दोनों ओर के नालों के ऊपर से लोहे के भारी जाल चोरी हो गए। जाल चोरी होने के बाद से अब तक नालों के मैनहोल पूरी तरह से खुले पड़े हैं। जिससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। कई लोग इन मैनहोलो में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। नगर के मास्टर आनंद कुमार, आशीष कुमार, भूपेंद्र चौहान उर्फ टिल्लू, धर्मपाल सिंह चौहान, विपेन्द्र राणा, सचिन कुमार उर्फ बंटी, सीटू चौहान, सचिन कुमार, भूपेंद्र कुमार, राजेंद्र चौहान, मुनीश चौहान आदि ने खुले मैनहोलो को बंद कराने की मांग की है।

रामलीला मार्ग पर खुला पड़ा मैनहोल।

पूर्व छात्र के दिल्ली पुलिस में चयन पर खुशियां मनाई

बिलारी, अमृत विचार : अमरपुर काशी गांव स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र प्रशांत चौहान का दिल्ली पुलिस में चयन होने पर ग्रामवासियों ने खुशियां मनाई। साथ ही छात्र का फूल-मालाओं से स्वागत किया। सोमवार को प्रशांत चौहान का दिल्ली पुलिस में चयन होने पर खुशियां मनाई गई। इस दौरान प्रशांत के माता-पिता ने बेटे के साथ बैंडबाजे के साथ गांव में भ्रमण करते हुए मंदिर व अपने दादा ठाकुर विक्रम सिंह चौहान की समाधि पर मत्था टेका। बाद में विद्यालय पहुंचकर प्रधानाचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर नरेंद्र पाल सिंह चौहान, तेज प्रताप एडवोकेट, वीरेंद्र सिंह चौहान, पूर्व बीडीसी ठाकुर रमेश सिंह, पूर्व प्रधान डॉ. महेंद्र सिंह चौहान, सत्येंद्र पाल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती मनाई

बिलारी, अमृत विचार : अमरपुर काशी गांव स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती मनाई गई। सोमवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पं. विनोद कुमार मिश्रा ने पुलिस चौकी के नवागंतुक प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार यादव का स्वागत किया। इसके बाद प्रधानाचार्य ने वीर अब्दुल हमीद के जीवन और उनके साहसिक कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विजयपाल सिंह यादव ऋषिपाल सिंह यादव, अंग्रेजी प्रवक्ता पद्मेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह यादव, सत्येंद्र सिंह यादव, नेतराम यादव, भावना यादव, मेघराज सैनी, राकेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किए आयोजन

सपाइयों ने केक काटकर की अखिलेश की दीर्घायु की कामना

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: नगर स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक एवं सपा कार्यकर्ताओं द्वारा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्म दिवस केक काटकर मनाया गया।

विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी कैंप कार्यालय पर केक काटकर एक-दूसरे को खिलाया और अपने नेता की दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में हम आज यहां तक पहुंचे हैं। पेपर लीक को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा देश के नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। जिससे युवा परेशान है।

उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की किसान विरोधी व जन विरोधी नीतियों को जनता के बीच में उजागर करें। इस मौके पर चेयरमैन कांठ इकबाल आलम अंसारी, विक्रम सिंह यादव, हरपाल सिंह यादव, दानिश अंसारी, नासिर सिद्दीक़ी, अतिकुर्हमान, मेहंदी हसन, डॉ. ज़ुबैर, अमजद खान, तसलीम अल्वी प्रधान, रहीस अहमद, दीपक विश्नोई, पंकज विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते सपाई। ● अमृत विचार

कुंदरकी में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते सपाई।

सपाइयों ने मनाया सपा प्रमुख का जन्मदिन

कुंदरकी, अमृत विचार : सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने नगर में मिठाई बांटी। इस मौके पर सपा नेता आरिफ पाशा एडवोकेट ने कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह के संघर्ष एवं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का काम अखिलेश यादव कर रहे हैं। अखिलेश यादव आज मजलूमों व श्रमिकों की आवाज हैं। इस मौके पर अफरोज पाशा एडवोकेट, अरशद सैफी, मोहम्मद इरफान, मुशाहिद हुसैन, नाजिम सैफी, मोहम्मद आसिम, वकील अहमद, मोहम्मद अरकान, हुसैनी आलम, सोनू,पंकज कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

पौधरोपण करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जन्मदिन पर सपाइयों ने किया पौधरोपण

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन को सपा कार्यकर्ताओं ने लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया।

गोष्ठी के बाद कार्यकर्ताओं ने डाकबंगला परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, नगर अध्यक्ष शाहनवाज आलम सानू, मोहम्मद हस्सान, सभासद हप्पू राजा, रेहान पाशा, चिराग अग्रवाल, सभासद आमिल सिद्दीकी, सभासद जरीफ अंसारी, ग्राम प्रधान सद्दाम हुसैन, जहांगीर पाशा, चंद्रभान यादव आदि मौजूद रहे।

एक नजर

नाले में आया मलबा, खतरे में चार घर

भीमताल, अमृत विचार : नगर का कुंआताल नाला फिर से सक्रिय हो गया है। नाले में बड़ी मात्रा में मलबा आने से चार घर खतरे की जद में आ गये हैं। सूचना पर एसडीएम नैनीताल प्रमोद कुमार, विधायक राम सिंह कैड़ा व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मौका मुआयना किया। साथ ही पटवारी को प्रभावित परिवारों को अन्य जगह ठहराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। क्षेत्र के निर्वतमान सभासद बंटी आर्या ने बताया कि रविवार की देर रात बारिश से कुंआताल नाले में अचानक पानी बढ़ गया और बड़ी मात्रा में मलबा बिशन राम के आवास व अगल-बगल रहने वाले उनके चार पुत्रों के आवास में आ गया। जिससे रात में ही परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया। इधर, बिशन राम ने बताया कि नाले से लगातार मलबा आ रहा है, जिससे परिवार के लोग डरे सहमे हैं। मुआयने के दौरान भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी, पंकज जोशी भी मौजूद रहे।

स्नातक में 25 जुलाई तक मेरिट से प्रवेश, 10 तक होंगे पंजीकरण

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने प्रवेश पंजीकरण की तिथि एक बार फिर बढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महाविद्यालयों को प्रवेश संबंधी निर्देश जारी, एक साथ दो पाठ्यक्रम पढ़ सकेंगे विद्यार्थी

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि एक बार फिर 10 जुलाई तक बढ़ा दी है। महाविद्यालयों को 11 से 25 जुलाई तक मेरिट जारी कर विद्यार्थियों के प्रवेश लेने होंगे। नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी एक साथ दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकेंगे, जिसमें एक पाठ्यक्रम संस्थागत और एक व्यक्तिगत या ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कर सकेंगे।

कुलसचिव संजीव कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर के सभी संकायाध्यक्षों व विभागाध्यक्षों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि सत्र 2024-25 में प्रवेश ऑनलाइन प्रक्रिया से होंगे। विद्यार्थी आवेदन के दौरान 10 महाविद्यालयों का चयन कर सकते हैं लेकिन वह एक ही महाविद्यालय में प्रवेश ले सकेंगे। वह अपनी इच्छा और सीटों की संख्या के आधार पर महाविद्यालय का चयन कर सकेंगे। सभी प्रवेश महाविद्यालयों को स्वयं करने होंगे और उल्लंघन करने पर प्रवेश मान्य नहीं किया जाएगा। प्रवेश पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के बाद महाविद्यालयों को आवेदनों की जांच कर मेरिट जारी करनी होगी। 3 अप्रैल को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 18 बिंदुओं पर प्रवेश संबंधी निर्देश जारी किए गए थे। इसमें एल-4 एडॉप्शन गाइडलाइन्स ऑन करिकुलर एंड क्रेडिट फ्रेमवर्क फॉर फोर इयर अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम भी लागू होगा। इसके तहत विद्यार्थी चार वर्षीय स्नातक करने पर परास्नातक में सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले सकेगा।

शारीरिक शिक्षा में पीएचडी होगी शुरू, शोध पर्यवेक्षक के लिए मांगे आवेदन

बरेली, अमृत विचार : शारीरिक शिक्षा विषय में पीएचडी शुरू करेगा। शिक्षकों से पर्यवेक्षक बनने के लिए आवेदन मांगे हैं। शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार के मुताबिक कुलपति प्रो. केपी सिंह के अनुमोदन के अनुपालन में शारीरिक शिक्षा में पीएचडी शुरू होगी। शारीरिक शिक्षा के सभी शासकीय और अनुदानित महाविद्यालयों के नियमित शिक्षक जो पर्यवेक्षक बनना चाहते हैं और वे शोध निदेशालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन 10 तक कर सकते हैं।

मुरादाबाद से बरेली होते हुए शाहजहांपुर के बीच मेमू ट्रेन चलाने का प्रस्ताव

बरेली, अमृत विचार : मुरादाबाद रेल मंडल ने मुरादाबाद से बरेली होते हुए शाहजहांपुर के बीच एक मेमू ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया है। इसका प्रस्ताव तैयार कर जोनल मुख्यालय भेजा गया है। मुख्यालय से मंजूरी के बाद ट्रेन चलेगी।

बरेली जंक्शन से अभी बरेली रोजा पैसेंजर ट्रेन को मेमू रैक में चलाया जा रहा है लेकिन शाहजहांपुर के लिए कोई और मेमू ट्रेन नहीं है। अब रेलवे ने शाहजहांपुर के लिए मेमू ट्रेन का संचालन करने की जानकारी दी है।

राकेश यादव ने मुरादाबाद रेल मंडल के अधिकारियों से एक्स पर सवाल किया था कि क्या शाहजहांपुर से मुरादाबाद के बीच कोई मेमू ट्रेन चलाने का प्रस्ताव विचाराधीन है।इसके जवाब में मंडल रेल प्रबंधक की ओर से बताया गया कि मुख्यालय को इस रूट पर ट्रेन चलाने का प्रस्ताव भेजा गया है और मुख्यालय के आदेश का इंतजार है।

साथी की हत्या कर खुद का बनवा लिया मृत्यु प्रमाण पत्र, गिरफ्तार

संवाददाता, सितारगंज

- पुलिस ने बरेली से किया गिरफ्तार
- षड्यंत्र में शामिल उसके भाई को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमृत विचार : साथी की हत्या कर उसके शव का अपने ही नाम से पंचायतनामा करवाकर स्वयं का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर, दस वर्ष से जिंदा घूम रहे कुख्यात अपराधी एवं षड्यंत्र में शामिल उसके भाई को, कोतवाली पुलिस गिरफ्तार किया।

कोतवाली परिसर में एसएसपी मंजूनाथ टीसी एवं एसपी सिटी मनोज कत्याल ने वारदात का अनावरण करते हुए कहा कि 29 जुलाई 2015 को अभियुक्त मुकेश यादव अपने ही गांव के रहने वाले मनिंदर की, सितारगंज क्षेत्र में हत्या कर शव को वाहन से बूरी तरह से कुचलवा दिया था। हत्या को दुर्घटना का रूप देकर, पहचान मिटाने के लिए, षड्यंत्र में अभियुक्त ने अपने परिजनों को भी शामिल कर लिया। शव को अपनी पहचान देने के लिए उसके कपड़ों में, अपना नंबर,आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज रख दी। घटना की जानकारी के बाद परिजनों से भी खुद के रूप में शव की पहचान कराई। अभियुक्त मुकेश यादव पर उत्तर प्रदेश में कई मुकदमे थे, उस पर गैंगस्टर की कार्यवाही भी हुई थी। इन से बचने के लिए, अभियुक्त द्वारा यह षड्यंत्र रचा गया। आरोपी ने बाद में अपने आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अपना नाम, मुकेश यादव दर्ज कराकर जिला शाहजहांपुर में रह रहा था।

करने लगा था प्रॉपर्टी का काम

सितारगंज,अमृत विचार : जानकारी के अनुसार खुद को मृत साबित करने के बाद आरोपी मुकेश यादव ने मिलीभगत कर, अपने नाम लाखों रुपए बीमा के हासिल कर लिए, साथ ही उस पर दर्ज मुकदमे भी खत्म हो गए। इसके बाद वह शाहजहांपुर के थाना रोजा के मठिया कॉलोनी में, मुकेश यादव के नाम से रहने लगा, इस दौरान उसने अपनी प्रॉपर्टी और खुद के फर्जी कागज बना लिया और यहां पर प्रॉपर्टी का काम करने लगा।

किसान के ऊपर गिरी दीवार, अस्पताल में मौत

कुंवर गांव(बदायूं), अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किसान के ऊपर दीवार भरभरा कर गिर गयी जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। हल्का लेखपाल बृजेश यादव ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

थाना क्षेत्र के गांव दुगरइया निवासी किसान हुलसेन कश्यप पुत्र बुधपाल कश्यप अपने घर में अकेले रहते थे। उनके पत्नी व बच्चे दिल्ली में रहते हैं। सोमवार सुबह नौ बजे हुलसेन कश्यप सीढ़ी पर चढ़कर दीवार पर कुछ काम कर रहे थे इसी बीच अचानक दीवार भरभरा कर गिर गई। जिससे हुलसेन कश्यप दीवार के मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए । उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी मौत हो गई ।

करंट से युवक की मौत

बिसौली: घर में मोटर ठीक करते समय करंट लगने से मिस्त्री की मौत हो गई। नगर के मोहल्ला शीशमहल में मिस्त्री फिरोज सैफी पुत्र जैनुद्दीन सोमवार को सुबह अपने घर में मोटर सही कर रहे थे। बताते हैं कि मोटर ठीक करते समय फिरोज को करंट लग गया।

संभल

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर ट्रक के पहिए से कुचलकर बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक कब्जे में ले लिया।

मुरादाबाद जिले में बिलारी थाना क्षेत्र के गांव अबुपुरा खुर्द निवासी मोहित 18 वर्ष व निरंजन 17 वर्ष सोमवार की देर शाम साढ़े सात बजे के आसपास बाइक पर सवार होकर हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा जा रहे थे। मोहित व निरंजन बाइक लेकर जैसे ही सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर गांव टांडा मोहम्मदपुर के पास पहुंचे। ट्रक को ओवरटेक करते समय सामने से दूसरा वाहन आ गया। जिससे बचने के चक्कर में मोहित व निरंजन की बाइक अनियंत्रित हो गई और मोहित व निरंजन ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। जिससे मोहित व निरंजन की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

हादसे के बाद मौके पर इकठ्ठा हुई भीड़ ने टक्कर मारकर ट्रक लेकर भागने की कोशिश कर रहे चालक को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर सीओ अनुज चौधरी व कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में ले लिया।

निःशुल्क शिविर में 102 लोगों की हुई आंखों की जांच

बबराला अमृत विचार : भानु आई केयर चेरिटेबल ट्रस्ट की तीसरी वर्षगांठ पर लगे निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 102 लोगों की आंखों की जांच कर दवा दी गई। नेत्र परीक्षण शिविर में रोटरी क्लब ने भी सहयोग किया।

डॉ. राहुल यादव और उनकी टीम ने मोतियाबिंद, कालापानी और नाखूना आदि की जांच की। नेत्र रोगियों की आंखों से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया। भाजपा नेता दीपक यादव, चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. वीएस यादव, डॉ. एनपी यादव, बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष चिंता हरण सिंह आदि मौजूद रहे।

जनपद में त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाएं

संवाददाता,बहजोई

नागरिकों व अधीनस्थ अफसरों के साथ बैठक करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

- डीएम एसपी ने धर्म से जुड़े लोगों से सीधा संवाद कर जानी समस्याएं
- थाना प्रभारी कावड़ यात्रा व ताजिया मार्गों का करें निरीक्षण : एसपी

अमृत विचार: डीएम एसपी ने आगामी त्यौहार मोहर्रम,कावड़ यात्रा को लेकर जनपदीय कमेटी की बैठक में तैयारी की समीक्षा कर धर्म से जुड़े लोगों से सीधा संवाद किया। डीएम ने जहां त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए तो वहीं एसपी ने पुलिस अधिकारियों को त्योहारों के मार्गों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने ताजियों के जुलूस,कर्बलाओं की संख्या,कावड़ मार्ग आदि को लेकर जानकारी प्राप्त की। एसपी ने अधिकारियों से कहा कि त्योहारों के मार्गों को निरीक्षण किया जाए। ताजियों की ऊंचाई मानक के अनुसार होनी चाहिए। विद्युत तार, बोर्ड, गेट एवं पेड़ तथा व्यक्तिगत भवन को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जाएगी। ताजियों के जुलूस तय समय सीमा के अंतर्गत ही निकलें। डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि जनपद में त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए। लोक निर्माण विभाग से कहा कि जहां सड़क क्षतिग्रस्त है वहां सड़क की मरम्मत का कार्य किया जाए। मोहर्रम के समय अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग न हो केवल प्रतीक रूप में ही प्रयोग किया जाए। ताजिया कमेटी व जुलूस कमेटी के सदस्यों एवं धर्म गुरुओं से समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। एडीएम प्रदीप वर्मा, एएसपी श्रीश्चंद्र एवं अनुकृति शर्मा सहित सभी एसडीएम व सीओ थाना प्रभारी व धर्मगुरु मौजूद रहे।

कॉलेज से डेढ़ लाख का सामान ले गए चोर

असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के कस्बा असमोली स्थित आदर्श इंटर कॉलेज को चोरों ने रविवार को देर रात निशाना बनाया।

चोर कॉलेज से इनवर्टर, दो बैटरे, एलईडी, एम्प्लीफायर, सीसीटीवी कैमरा सिस्टम समेत करीब डेढ़ लाख रुपये का माल ले गए। सोमवार को सुबह चोरी की जानकारी हो सकी। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चोरी सीसीटीवी की डीवीआर ही उखाड़कर ले गये।

बिकाऊ

एक मकान बिकाऊ है 25 फिट की सड़क पर जिसकी लम्बाई 24x45 है वास्तविक खरीदार ही सम्पर्क करें। लक्ष्मी नगर कालोनी कृष्णा किड्स स्कूल के सामने रामपुर (उ.प्र.) मो.- 9548974723

खोया-पाया

मेरा हाईस्कूल प्रमाण पत्र क्रमांक संख्या 0708950 व रोल नंबर 0546589 व मार्कशीट नंबर-23031625 व इंटरमीडिएट की सनद नंबर-0456024 व अनुक्रमांक 2225544408 व मार्कशीट संख्या 23024700 कहीं खो गई है। हिमांशू कुमार पुत्र बृजेश कुमार शेर नगर नरेनी तहसील नगीना पोस्ट कोतवाली बिजनौर।

संचारी रोग अभियान सफल बनाने में निभाएं अहम भूमिका

संवाददाता,बहजोई

अभियान का शुभारंभ करते डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया व सीएमओ डा. तरन्नुम रजा।

- डीएम व सीएमओ ने विशेष संचारी रोग अभियान का किया शुभारंभ
- आमजन को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली रैली

अमृत विचार: एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसके तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डीएम व सीएमओ ने झंडी दिखाकर किया।

कलेक्ट्रेट परिसर से विशेष संचारी रोग अभियान का शुभारंभ डीएम डा.राजेंद्र पेंसिया व सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आमजन को जागरुक करते हुए चल रहे थे। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों को संचारी रोग के संबंध में शपथ दिलाई। जिसमें ग्राम एवं देश को साफ सफाई का ध्यान रखना, घर के आसपास साफ सफाई रखने एवं स्वच्छता के लिए जनमानस को प्रेरित करने संचारी रोगों से लड़ाई में हर संभव प्रयास करने परिवार व समुदाय के लोगों को रोगों से मुक्त करने की शपथ दिलाई। डीएम ने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान आशाओं द्वारा घर-घर जाकर सोर्स रेडक्शन की कार्रवाई की जाए। जल भराव वाले स्थान कूलर, फ्रिज, छत पर रखी पानी की टंकियां टायर आदि में लार्वा है या नहीं उसकी भी जांच की जाए। इस दौरान एसीएमओ डॉ. पंकज बिश्नोई, डॉ. कुलदीप कुमार आदिम, डिप्टी सीएमओ डॉ. विश्वास अग्रवाल, नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार, डीपीएम संजीव राठौड़, एआरओ महेश गौतम, संजीव गौतम आदि मौजूद रहे ।

एसओ की टिप्पणी से गुस्साया ब्राह्मण समाज, निलंबन की मांग

संवाददाता, बिसौली

अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा के एसओ वेदपाल सिंह द्वारा ब्राह्मणों पर विवादित बयान का आडियो वायरल होने के बाद समाज में आक्रोश पनप गया है। एसडीएम को ज्ञापन देकर एसओ के निलंबन की मांग करते हुए जांच बिसौली के सीओ की जगह किसी अन्य सीओ से कराने की मांग की। आंदोलन की चेतावनी दी।

बीते दो दिनों से क्षेत्र में एक ऑडियो वायरल हो रहा है। ऑडियो में थाने के एसओ वेदपाल सिंह और एक अन्य व्यक्ति की बातचीत है। ग्राम धनियावली में 24 जून को दलित समाज की बरात चढ़ने से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रोक दी थी। आरोप है कि बैंड बाजा तथा डीजे बंद करा दिया था। पत्थर बाजी करने का भी आरोप है। रिपोर्ट दर्ज कराने को बरात पक्ष के लोगों ने तहरीर दी थी, परंतु पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसी मामले को लेकर उक्त व्यक्ति एसओ वेदपाल सिंह से फोन पर दलित समाज की रिपोर्ट दर्ज कराने की सिफारिश कर रहा था।

मुरादाबाद जिला सहकारी बैंक लि0, मुरादाबाद
मुख्यालय-कोर्ट रोड, बालाजी मन्दिर के सामने

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक के पुराने जीर्ण-क्षीर्ण निष्प्रयोज्य भवन (भूमि को छोड़कर) जो बैंक में जहाँ है, जैसे है की स्थिति में, की नीलामी दिनांक 10.07.2024 दिन बुधवार को अपराह्न 2:00 बजे बैंक मुख्यालय परिसर में की जायेगी। बोली में भाग लेने वाले इच्छुक बोलीकर्ता अंकन 50,000.00 रु० (मु० पचास हजार रूपये मात्र) जमानत की धनराशि एवं अंकन-100.00 रु० शुल्क जमा कर नजारत अनुभाग से फार्म प्राप्त कर लें। यह राशि उसी दिन या उससे पूर्व मुख्य शाखा में जमा कराकर नीलामी में भाग ले सकते है। उच्चतम बोलीदाता को बोली की एक चौथाई राशि 24 घण्टे में मुख्य शाखा में नगद / बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करनी होगी। साथ ही बोली की धनराशि पर 18 प्रतिशत जीएसटी एवं 2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क अतिरिक्त देना होगा। उच्चतम बोलीदाता को स्वीकृति के उपरान्त शेष धनराशि एक सप्ताह के अन्दर 18 प्रतिशत जीएसटी एंव 2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क अतिरिक्त जमा करना होगा तथा मलवा बैंक परिसर से 90 दिन के अन्दर उठाकर भूमि को खाली एवं समतल करना होगा। बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सहकारिता विभाग में निहित होगा। नीलामी की शर्ते एवं निष्प्रयोज्य भवन किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक प्रधान कार्यालय में देखी जा सकती है।

सचिव / मुख्यकार्यपालक अधिकारी
जिला सहकारी बैंक लि०, मुरादाबाद

कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल (बहजोई)

पत्रांकः- 182/जि.पं.स./ नि.अनु./पं.रा.वि./2024-25 दिनांकः- 01/07/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

वर्ष 2024-25 के समस्त जिला पंचायतों में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों की सीलबन्द सामान्य निविदायें दिनांक 11.07.2024 समय अपरान्ह 03.00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल के सभागार में रखे टेण्डर बॉक्स में आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें उसी दिन समय अपरान्ह 04.00 बजे निविदा समिति की उपस्थिति में ठेकेदारों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र निर्माण लिपिक से निविदा मूल्य देकर दिनांक 11.07.2024 समय 2:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की शर्तें एवं प्रांक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती हैं। नियमानुसार धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ०डी०आर०/ प्रपत्र-5 के रूप में जमा करनी होगी जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सम्भल के नाम बन्धक होगी। बिना अग्रिम बयाने की राशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

क. सं.	कार्य का नाम	लागत	धरोहर राशि	निविदा मूल्य (मय G.S.T)
1.	2.	3.	4.	5.
1.	दियौरा खास मैनपुरी मार्ग पर पुलिया का निर्माण कार्य।	84,689.00	1,700.00	1180.00
2.	तहसील गुन्नौर स्थित गंगा घाटों पर बैंरिकेटिंग व प्रकाश का कार्य।	7,81,200.00	15,650.00	1180.00

उक्त कार्यों के भुगतान पर जी०एस०टी० पृथक से देय होगी। निविदा प्रपत्र के साथ "निविदा शुल्क रसीद, जमानत राशि, हैसियत प्रमाण, चरित्र प्रमाण, भूमाफिया सम्बन्धी शपथ पत्र, जी०एस०टी० एवं पेन कार्ड" संलग्न करना अनविार्य होगा। समस्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत एवं बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी / मा० अध्यक्ष में निहित होगा। उक्त विज्ञप्ति कार्यालय में एवं पोर्टल http://sambhal.nic.in पर देखी जा सकती है।

अभियन्ता
जिला पंचायत, सम्भल।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, सम्भल।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

सही बिल उपलब्ध न कराने पर होगी कार्रवाई

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने बिलिंग एजेंसियों को दी सख्त चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गाजियाबाद के मुख्य अभियंता को प्रतिकूट प्रविष्टि

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने बिलिंग एजेंसियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को सही मीटर रीडिंग का बिल उपलब्ध कराएं। लक्ष्य पूरा न होने पर एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष सोमवार को शक्ति भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिलिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। अध्यक्ष ने गाजियाबाद में बिलिंग व्यवस्था सही न पाये जाने पर मुख्य अभियंता-प्रथम को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिया।

उन्होंने गाजियाबाद, नोएडा व मुजफ्फरनगर में बिलिंग को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने कहा कि कई जिलों में उपभोक्ताओं को ऐसे बिल दिये गये हैं, जिसमें बिल का विवरण स्पष्ट नहीं है। ऐसे स्थानों पर तत्काल प्रिंटर बदलकर उपभोक्ताओं को सही रीडिंग का बिल देना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार व अन्य अधिकारी शामिल रहे।

दो निदेशक समेत कई मुख्य अभियंता रिटायर

ऊर्जा निगमों में दो निदेशकों समेत कई मुख्य अभियंता सेवानिवृत्त हो गये। खाली पड़े निदेशकों के पदों पर जल्द चयन प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य अमित श्रीवास्तव व मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक तकनीकी अजय कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं। मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारियों में चंद्रवीर सिह गौतम, अमरेंदु, सुनील कपूर, पीयूष गर्ग आदि शामिल हैं।

उमरा वीजा लेकर सऊदी में कहीं भी जाने की छूट

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

सऊदी सरकार ने पहली बार हज के तीसरे दिन ही उमरा वीजा खोलने के साथ ही कई सहूलियत प्रदान की हैं। अभी तक उमरा वीजा एक माह के लिए वैध होता था लेकिन अब इसकी वैधता तीन माह कर दी गई है। इससे भी बड़ी बात यह है कि उमरा वीजा धारक सऊदी के अंदर सिर्फ एक बार प्रविष्टि कराकर कहीं भी आवागमन कर सकेंगे। पहले उमरा वीजा पर जाने वाले सिर्फ मक्का और मदीना ही जा सकते थे। इसके अलावा कहीं और जाने की इजाजत नहीं थी।

> सऊदी सरकार ने इससे पहले हज समाप्त होने के बाद मोहर्रम में तो उमरा वीजा खोला है, लेकिन ये पहला मौका है जब हज समाप्त होने के तीसरे दिन उमरा वीजा खोल दिया। पहले उमरा वीजा खुलने का लोग तीन तीन माह इंतजार करते थे, लेकिन अब ये समस्या दूर हो गई है। – **हाजी शारिक अलवी, मास्टर ट्रेनर, हज कमेटी उत्तर प्रदेश**

मुआवजे को लेकर राहुल ने झूठ बोला : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: संसद में अयोध्या में विस्थापितों को दिये गये मुआवजे को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा पलटवार किया है। योगी ने कहा कि राहुल का बयान उप्र. और अयोध्या को बदनाम करने के लिए दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अयोध्या में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान विस्थापित हुए लोगों को 1733 करोड़ रुपए की धनराशि मुआवजे के तौर पर प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस बीच मुख्यमंत्री ने सूचना परिसर से अयोध्या में बांटे गए मुआवजे की विस्तृत जानकारी साझा की है।

एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देना प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आईआईए का नया सत्र शुरू, 180 पदाधिकारियों ने ली शपथ

पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए एमएसएमई मंत्री राकेश सचान।

अमृत विचार: प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश सरकार (माइक्रो, स्माल, मीडियम इंटरप्राइजेज) एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। यह सरकार की उच्च प्राथमिकता में से एक है। वे सोमवार को आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन) की ओर से आयोजित गोमतीनगर विभूतिखंड स्थित संगठन के भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं दिल्ली से 180 नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पद की शपथ ली। इसी के साथ आईआईए के वर्ष 2024-25 के नए सत्र का शुभारंभ 1 जुलाई से हो गया है।

एमएसएमई मंत्री ने कहा कि उद्योगों के विकास में आईआईए की अहम भूमिका है। प्रमुख सचिव आलोक कुमार से मांग पत्र को लेकर वार्ता की जाएगी। राज्य की सभी 90 लाख से ज्यादा एमएसएमई इकाइयों को सरकारी पोर्टल पर पंजीकृत कराया जा रहा है। इसके लिये ठोस प्रयास जारी हैं। उत्तर प्रदेश के एमएसएमई डाटा में सुधार एवं उद्यम रजिस्ट्रेशन को प्रोमोट करने के लिए उद्यमी आगे आएं। जल्द ही जिला उद्योग केन्द्रों के साथ मिलकर एक पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा।

बहोरन लाल मौर्य बने भाजपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विधान परिषद के उप चुनाव का मतदान व मतगणना 12 को

अमृत विचार : विधान परिषद की रिक्त एक सीट पर हो रहे उप चुनाव में भाजपा से बहोरन लाल मौर्य को प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने सोमवार को मौर्य के नाम पर अपनी स्वीकृति दे दी। इस सीट के लिए 12 जुलाई को मतदान व मतगणना होगी। इससे पहले दो जुलाई को नामांकन है। परिषद की यह सीट पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के कारण खाली हुई है।

उप चुनाव में सपा ने अभी तक कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। इस सीट पर विधानसभा सदस्यों के मतों से चुनाव होना है। विधानसभा में सपा के पास 105 सदस्य हैं, जबकि भाजपा के पास 251 सदस्य हैं। ऐसे में संख्या बल में कम होने के कारण सपा ने उप चुनाव से दूरी बना ली है।

बहोरन लाल मौर्य बरेली की भोजीपुरा सीट से 2017 में विधायक चुने गये थे। वह बरेली में भाजपा के जिलाध्यक्ष और राज्यमंत्री भी रहे। वर्ष 2022 में भाजपा ने उन्हें दोबारा प्रत्याशी बनाया था, पर वह चुनाव हार गए थे। समाजवादी पार्टी के शहजिल इस्लाम ने उन्हें हराया था।

राहुल गांधी की नागरिकता मामले पर दाखिल याचिका खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता के कथित विवाद के आधार पर सांसद के तौर पर उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया।

आगरा के दो फर्मों सहित तीन पर रिपोर्ट, कई अफसर निलंबित

संवाददाता,मथुरा

अमृत विचार: मथुरा के कृष्ण विहार में पानी की टंकी गिरनें से हुए हादसे में दो महिलाओं की मौत और 15 लोगों के घायल हो जाने के मामले में शासन ने कड़ा रुख अपनाया है। इस मामले में टंकी बनाने वाले आगरा की दो फर्मों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहां शासन ने कई अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा आगरा की दो फर्म मेसर्स एसएम कान्स्ट्रक्शन 109 अदन बाग दयाल बाग और मेसर्स बनवारी 230 महर्षिपुरम तथा अलमोड़ा उत्तराखंड की मेसर्स त्रिलोक सिंह रावत फार्म एंव अन्य कर्मियों के खिलाफ मथुरा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा है।

सार-संक्षेप

2500 सोलर मास्ट लाइटिंग से लैस होंगे कई जिले

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश के कई जिले जल्द 2500 सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से लैस होंगे। यूपीनेडा ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। 29 .78 करोड़ रुपए से कार्यों को पूरा किया जाएगा। यूपीनेडा ने एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया के लिए आवेदन मांगे हैं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। यूपीनेडा की ओर से लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास के लिए भी कार्य शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन को जिम्मेदारी सौंपा गई है। यूपीनेडा की वेबसाइट पर लैंड बैंक पोर्टल के जरिए आउटलाइन एप्लिकेशन मैनेजमेंट, रेगुलर कॉम्पलायंस, डॉक्यूमेंट्स व कॉन्ट्रैक्ट्स एसेसमेंट, टेनेंट व फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे कई कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेगा।

अनपरा सी समेत चार इकाइयां ठप, संकट जारी

लखनऊ, अमृत विचार : ओबरा की एक इकाई को छोड़कर उत्पादन बिजलीघरों में पहले से बंद चल रही सभी इकाइयां चालू हो गईं, पर सोमवार को अनपरा सी समेत चार अन्य इकाइयां ठप हो गईं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट और हरदुआगंज की 105 मेगावाट व 250 मेगावाट की दो इकाइयां ठप हो गईं जबकि पहले से बंद चल रहीं ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो सकी। इससे राज्य के उत्पादन बिजलीघरों में करीब 1700 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बिजली आपूर्ति चालू की गई। प्रदेश में सोमवार को बिजली की अधिकतम मांग 25,669 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 17,899 मेगावाट रही।

निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए अभियान पांच से

लखनऊ, अमृत विचार : बरेली मंडल में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए पांच जुलाई से अभियान शुरू होगा। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्म पाल सिंह ने अभियान शुरू करने का निर्देश देते हुए कहा कि गो संरक्षण कार्यों की दिशा में बरेली मंडल को आदर्श मंडल बनाया जाय। पशुधन मंत्री सोमवार को विधानभवन में निराश्रित गोवंश के वर्षाकाल के समय संरक्षण, गोशालाओं की सुविधाओं व बरेली मंडल में निराश्रित गोवंश की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई तक अभियान चलाकर मंडल के तहत बदायूं, पीलीभीत, बरेली व शाहजहांपुर के गोआश्रय स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि गोआश्रय स्थलों में जलभराव की समस्या के निस्तारण के लिए समय से पूरे इंतजाम किए जाएं और संक्रामक रोगों से बचाव के लिए आवश्यक दवाइयों व वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। बैठक में प्रमुख सचिव रविन्द्र, विशेष सचिव देवेंद्र पाल, पशुपालन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ रघुनाथ सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

हेल्थ वर्कर से लेकर वरिष्ठ चिकित्सकों के तबादले

लखनऊ, अमृत विचार : मनमुताबिक तबादला अवधि के आखिरी दिन रविवार को स्वास्थ्य विभाग में भी ग्रेड वन के डॉक्टर से लेकर विशेषज्ञ डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ के भी ट्रांसफर की सूचियां जारी होती रहीं। डॉक्टरों में 185 तो फार्मासिस्टों में 322 के तबादले हुए हैं। वहीं हेल्थ एजुकेशन ऑफिसर (एचईओ) के साथ ही बेसिक हेल्थ वर्कर को भी अनुरोध पर मनचाही तैनाती मिली है। स्वास्थ्य विभाग में 26 वरिष्ठ चिकित्सकों के स्थानान्तरण सूची के साथ ही 10 विशेषज्ञ डॉक्टरों को जरूरत के आधार पर विभिन्न अस्पतालों में तैनात किया गया है, इनमें सर्जन डॉ. राजकुमार को बदायूं जिला अस्पताल में तैनात किया गया है। प्रदेश के राजकीय और नए मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को पूरी करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्थानान्तरण सत्र में 25 शिक्षकों के तबादले किए हैं। कानपुर मेडिकल कॉलेज में तीन और कानपुर के राजकीय मेडिकल कालेज में एक, प्रयागराज में एक, कन्नौज, अंबेडकर नगर, बदायूं, जालौन, आजमगढ़ और गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में शिक्षकों को भेजा गया।

धर्म दर्शन

बौद्ध पाली ग्रंथों में अयोध्या

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

बौद्धगया और पाटलिपुत्र के बौद्ध तीर्थो एवं सापना केन्द्रों में लिखे गए बौद्ध पाली ग्रंथों के अनुसार प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या का दीर्घ कालोपरान्त लगभग छठी शती ईसापूर्व में हुए तथागत बुद्ध से अत्यन्त महत्वपूर्ण संबंध रहा है, जिनमें उनकी कम से कम दो अयोध्या यात्राओं तथा प्रवचनों का विस्तृत विवरण बौद्ध साहित्य में उपलब्ध है। भगवान बुद्ध के अयोध्या से हार्दिक लगाव का अकाट्य प्रमाण "मज्झिम निकाय" में उनका एक संबोधन "कोसलक" (कोसलका वासी) है। बौद्ध पाली ग्रंथो में अयोध्या को "अयोज्झ" या "अयुज्झनगर" लिखा गया है, किंतु उसका सबसे लोकप्रिय नाम "साकेत" है। बुद्ध के समय अयोध्या अथवा साकेत की गणना बुद्धकालीन भारत के छः महानगरों में होती थी। ये नगर क्रमशः श्रावस्ती, साकेत, प्रतिष्ठान, राजगृह, वाराणसी तथा तक्षशिला हैं। तथाबुद्ध के अतिरिक्त बौद्धभिक्षु आनन्द (गौतम बुद्ध का चचेरा छोटा भाई) तथा प्रबुद्ध सारिपुत्र की साकेत या अयोध्या यात्राओं बौद्ध धर्म ग्रंथों में कई बार उल्लेख है। सारिपुत्र की गणना, बुद्ध के निकट शिष्यों एवं 'थेरवाद' के प्रमुख प्रचारकों में की जाती है। बौद्ध मूर्तिकला में सारिपुत्र को प्रायः तथागत बुद्ध की प्रतिमा के दाहिनी ओर चित्रित किया गया है। उल्लेखनीय ब्राह्मण वंशीय प्रकाण्ड बौद्ध चिन्तक भिक्षु सारिपुत्र की गणना बुद्ध के प्रारम्भिक प्रमुख शिष्यों में की जाती है।

ऐसा प्रतीत होता है कि बौद्ध लेखकों ने बिना साकेत या अयोध्या को यात्रा किए ही एक भयंकर भौगोलिक गलती कर दी और पाटलि पुत्र की भांति साकेत या अयोध्या को भी गंगा नदी का तटवर्ती लिख दिया है। यही भूल या गलती सातवीं शती में हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आए चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी की है। नेपाल की सीमा के निकटवर्ती श्रावस्ती (पूर्व के बहराईच एवं आज के श्रावस्ती (सेत-महेत) को, कोसल की दूसरी राजधानी के रूप में बसाने का श्रेय कोसलाधीश श्रीराम के पुत्र लव को है। बौद्ध ग्रंथ 'दीघ निकाय' के अनुसार बौद्ध धर्म के भिक्षुओं के द्वारा दक्षिण दिशा स्थित प्रतिष्ठान की यात्रा के समय श्रावस्ती से प्रस्थान के बाद पहिला पड़ाव या विश्रामस्थल साकेत (अयोध्या) की दूरी छः योजन या चौबीस कोस थी। बौद्ध साहित्य में सरयू को 'सरभ' कहा गया है। जैन आदि पुराण के अनुसार अपने भव्य प्रासादों (भवनों) के कारण पर फहराते ध्वज-पताकाओं के कारण ही अयोध्या को ही साकेत कहा गया। इसीलिए हिन्दू विष्णु पुराण में बौद्धों के 'साकेत' को ही 'साकेतु" कहा गया है।

सामवेद और सामगान के स्वर

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

सामगान के स्वर-सामयोनि के मंत्रों का आश्रय लेकर ऋषियों ने गान मंत्रों की रचना की है। यह गान चार तरह के हैं- ग्राम गेय गान, जिसे प्रकृति गान तथा वेय गान भी कहते हैं। आरण्यक गान, ऊह गान, ऊह्य गान या रहस्य ज्ञान। इन गानों में वेयगान पूर्वार्चिक सामवेद के प्रथम पांच अध्याय के मंत्रों के ऊपर होता है। अरण्यगान, आरण्यपर्व के निर्दिष्ट मंत्रों पर ऊह और ऊह्य गान उत्तरआर्चिक में उल्लिखित मंत्रों पर मुख्यतः गाया जाता है। भिन्न शाखाओं में इन गानों की संख्या अलग-अलग है। सबसे अधिक गान जैमिनीय शाखा में मिलते हैं।

भारतीय संगीत शास्त्र का मूल इन्हीं साम गानों पर आधारित है। सामगान की पद्धति का ज्ञान अत्यंत दुरूह है। एक तो यूं ही साम के जानने वाले कम हैं, उस पर सामगान को ठीक स्वर में गाने वालों की संख्या तो उंगलियों में गिने जाने लायक है। यदि गायक के गले में लोच हो और वह उचित मूर्छना, आरोह-अवरोह का विचार कर सामगान करे, तो मंत्रार्थ न जानने पर भी भावों की दिव्य अनुभूति हुए बिना नहीं रहती। नारद शिक्षा के अनुसार साम के स्वरमंडल में-सात स्वर, तीन ग्राम, इक्कीस मूर्छना तथा उनचास (49) तान हैं। इन सातों स्वरों की तुलना वेणु स्वरों से भी की गई है। साम गानों में यही सात तक के अंक तत्तत् स्वरों के स्वरूप को सूचित करने के लिए लिखे जाते हैं। सामयोनि के मंत्रों के ऊपर दिए गए अंकों की व्यवस्था दूसरे प्रकार की होती है। साम योनि मंत्रों को सामगानों के रूप में ढालने पर संगीतानुकूल शाब्दिक परिवर्तन भी किए जाते हैं, जिन्हें साम विकार कहते हैं जो विकार, विश्लेषण, विकर्षण, अभ्यास, विराम तथा स्तोभ के रूप में जाने जाते हैं।

साम गायन की पद्धति बहुत कठिन है। उसकी ठीक-ठीक जानकारी हो सके, इसके लिए बहुत सूक्ष्म अध्ययन अपेक्षित है। साधारण ज्ञान के लिए यह जान लेना काफी है कि साम गान के पांच भाग होते हैं। प्रस्ताव-यह मंत्र का प्रारंभिक भाग है, जो 'हुं' से प्रारंभ होता है। इसे प्रस्तोता नामक ऋत्विज् गाता है। उदगीथ-इसे साम का प्रधान ऋत्विज उद्गाता गाता है। इसके आरंभ में 'ओंम' लगाया जाता है। प्रतिहार-इसका अर्थ है, दो को जोड़ने वाला। इसे प्रतिहर्ता नामक ऋत्विज् गाता है। इसी के कभी-कभी दो टुकड़े कर दिए जाते हैं। उपद्रव-जिसे उद्गाता गाता है। निधन-जिसमें मंत्र के दो पद्यांश या ओम् रहता है। इसका गायन तीनों ऋत्विज प्रस्तोता, उदगाता तथा प्रतिहर्ता एक साथ मिलकर करते हैं।

उदाहरण के लिए सामवेद का प्रथम मंत्र-अग्न आया हि वीतये गृणानो हव्यदातये। नि होता सत्सि बर्हिषि।। इस मंत्र के ऊपर जिस साम का गायन किया जायेगा, उसके पांचों अंग इस प्रकार होंगे। हुं ओग्नाइ (प्रस्ताव), ओम् आयाहि वीतये गृणानोहव्यदातये (उदगीथ), नि होता सत्सि बर्हिषि ओम् (प्रतिहार), इसी प्रतिहार के दो भेद होंगे जो दो प्रकार से गाये जायेगें।, निहोता सत्सि बर्हिषि (उपद्रव), बहिर्षि ओम्(निधन)।

वर्ग पहेली-118

बाएं से दाएं

1. जिसपर दोष लगाया गया हो, अभियुक्त।
2. 1. पानी के कारण होने वाली नमी, ठंडक 2. सीलन, सील, तरी।
4. 1. पाने या लेने वाला 2. सरकार के अनुरोध पर किसी विवादास्पद संस्था का प्रशासन-भार संभालने वाला व्यक्ति, (रिसीवर)।
7. 1. वह स्त्री जिसका मानसिक संतुलन ठीक न हो 2. जेल में किसी प्रकार का ख़तरा उत्पन्न होने पर बजाई जाने वाली घंटी, खतरे की घंटी, (अलार्म)।
8. बादलों की घटा, मेघवाई, मेघ पंक्ति, घनघटा।

ऊपर से नीचे

1. 1. लाचार, दीन 2. परेशान, तंग 3. ऊबा हुआ, झुंझलाया हुआ। 3. 1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।
5. 1. डांट-डपट करने की क्रिया या भाव 2. घुड़की, डांट, झिड़की।
6. 1. गाय पालने वाली 2. ग्वाले की स्त्री; गोप पत्नी 3. ब्रज की स्त्रियाँ जो कृष्ण से प्रेम करती थीं 4. छिपने वाली 5. सारिवा नामक औषधि।



वर्ग पहेली -117 का हल

1 गु	लें	दा	■	■	2 दो	
■	■	■	3 फ़ा	■	ल	
■	4 सँ	ड़	सी	■	त	
5 खी	■	■	वा	■	■	
स	■	6 नं	दी	मु	7 ख	
ना	■	■	■	■	टा	
■	8 ख़ु	द	सि	ता	ई	

सुडोकू-31

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1			4		7	3
			2		5			9
9						2		8
	4		5	7				2
	2		3		9		5	
3				8	2		6	
5		6						1
4			1		3			
7	1		9			4		

सुडोकू -30 का हल

5	4	1	3	9	2	7	6	8
8	6	2	4	1	7	9	3	5
3	7	9	8	6	5	2	4	1
6	8	5	1	2	4	3	7	9
4	1	3	9	7	6	8	5	2
9	2	7	5	8	3	4	1	6
1	9	6	7	3	8	5	2	4
7	5	8	2	4	1	6	9	3
2	3	4	6	5	9	1	8	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 08 .42 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 05 .27 तक तत्पश्चात कृतिका 3 जुलाई 4 .40 तक।

मेष – आज आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अविवाहित लोगों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको सहकर्मियों से प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा।

वृष – आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। किन्तु परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके अनुकूल हो जायेंगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है।

मिथुन – आज निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी।

कर्क – आज आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनंद उठायेंगे।

सिंह – आज आप दूसरों का उपकार करने की सोचेंगे। लेकिन लोग आपका आभार व्यक्त नहीं करेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

कन्या – आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है।

तुला – आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

वृश्चिक – आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के समय मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा।

धनु – आज अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे। कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

मकर – आज दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। नए व्यावसायिक सम्पर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ – आज किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

मीन – आज किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है। आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। शाम के समय आप काफी हल्का महसूस करेंगे।

आज की फिल्में

होते होते प्यार हो गया – सुबह : 11 .47
सोचा न था – शाम : 05 .40
ग्रेट ग्रैंड मस्ती – सुबह : 11 .16
लगान – रात : 07 .30

द सोशल नेटवर्क – सुबह : 07 .25
गॉडजिला – रात : 09 .00
काली का करिश्मा – दोपहर : 12 .01
डी ब्लॉक – रात : 08 .00
हम तुमपे मरते हैं – सुबह : 08 .18
बुड्ढा होगा तेरा बाप – रात : 09 .01

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मोटू- आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं...
क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं।

पति- क्या तुम जानती हो दुनिया में सबसे ज्यादा शरीफ कौन है?
पत्नी- दुनिया में सिर्फ वही लोग शरीफ हैं।
जिनके मोबाइल में पासवर्ड नहीं है।

लड़की ने प्यार से लड़के के सीने पर अपना सर रखा और बोली- जानू, आपका दिल कितना कुरकुरा है।
लड़का - अरे पगली, दिल कुरकुरा नहीं है, जेब में बीड़ी का बंडल पड़ा है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 925 फ्लैग 1035 डीएमओ 825 बोल्ड 1100, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1055 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 -106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत: 90से105 रुपये चना देसी: 60 से 70 रुपये चना कावली: 90 से 130 रुपये राजमा लाल: 130 से 140 रुपये राजमा चित्ता: 125 से 130 रुपये लोबिया लाल: 90 से 110 रुपये लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

एक नजर

जीएसटी संग्रह जून में आठ प्रतिशत बढ़ गया

नई दिल्ली। सकल जीएसटी संग्रह जून में आठ प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने हालांकि मासिक जीएसटी संग्रह के आंकड़े आधिकारिक रूप से देना रोक दिया है। सूत्रों ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-जून) में अब तक सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 5.57 लाख करोड़ रुपये रहा। जून में संग्रह मई 2024 के संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। यह जून 2023 के संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से आठ प्रतिशत अधिक है।

चार प्रतिशत बढ़ गई यात्री वाहनों की बिक्री

नई दिल्ली। यात्री वाहनों की थोक बिक्री जून में सालाना आधार पर मामूली चार प्रतिशत बढ़कर 3.40 लाख इकाई रही। तुलनात्मक आधार और भीषण गर्मी में मांग सुस्त पड़ने से बिक्री वृद्धि में नरमी आई है। पिछले महीने कुल 3,40,784 यात्री वाहनों की बिक्री हुई जो जून, 2023 के 3,28,710 वाहनों की तुलना में 3.67 प्रतिशत अधिक है।

पहले कारोबारी दिन नई ऊंचाई पर बाजार

बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा और निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर रहा

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंक एवं आईटी शेयरों में लिवाली आने से सोमवार को पहले कारोबारी दिन मानक सूचकांक सेंसेक्स 443 अंक बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 131.35 अंक बढ़कर 24,141.95 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 24,164 तक पहुंच गया जो पिछले कारोबारी सत्र में हासिल 24,174 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर से मात्र 10 अंक कम है। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजार ने अपनी तेजी को बरकरार रखा। अमेरिकी मुद्रास्फीति में कमी ने सितंबर में फेडरल रिजर्व की तरफ से दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ाई हैं। इस उम्मीद ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों के मजबूत प्रदर्शन में योगदान दिया। बीएसई के छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांक भी रिकॉर्ड स्तरों पर पहुंच गए।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 443 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण सोमवार को बढ़कर 443.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह इसका अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। पूंजीकरण में यह उछाल सेंसेक्स के अपने नए शिखर पर पहुंचने के बीच आया है। बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी का असर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन पर पड़ा और वह 4,43,05,344.36 करोड़ रुपये (5.31 लाख करोड़ डॉलर) के अपने नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान दे रही राज्य सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कृषि यंत्रों के लिए दो जुलाई से आवेदन कर सकेंगे किसान
- 16 जुलाई की रात 12 बजे तक ऑलाइन हो सकेगा आवेदन

अमृत विचार: किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के तहत राज्य सरकार ने दो जुलाई से 16 जुलाई तक की एक अवधि तय की है। इस दौरान राज्य के किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह कवायद प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू, (सीआरएम) योजना के तहत की जा रही है।

योजना के तहत कृषि यंत्रों जैसे- सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (सुपर एसएमएस), हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर, श्रेडर, मल्चर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लैशर, सरफेस सीडर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी. प्लाऊ, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर

ड्रिल, क्रॉप रीपर ट्रैक्टर माउंटेड, सेल्फ प्रोपेल्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाइंडर और कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवेदन किए जा सकेंगे। इस क्रम में निर्धारित अवधि में विभागीय दर्शन पोर्टल https://www.agriculture.up.gov.in पर यंत्र पर अनुदान के लिए टोकन निकालना होगा।

ई-लॉटरी की मिलेगी सूचना

ई-लॉटरी के लिए स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों के मध्य संबंधित जिला उप कृषि निदेशक द्वारा विभिन्न माध्यमों से सूचना दी जाएगी। निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर डीएम की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा।

कृषक परिवार (पति अथवा पत्नी में कोई एक) द्वारा एक वित्तीय वर्ष में योजना के तहत निर्धारित यंत्रों में से एक या एक से अधिक प्रकार के यंत्र लिए जा सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 फीसदी व कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 80 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त होगा।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,400
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,600
गिन्नी (प्रति नग)	54,850-55,050
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,550
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,400
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,500
चांदी तैयार	89,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,300
सोना जेवरात गिन्नी	71,300
चांदी पक्की	882 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,600
चांदी आभूषण	89,400।

एअर इंडिया महाराष्ट्र में उड़ान संस्थान करेगी स्थापित

मुंबई। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने महाराष्ट्र के अमरावती में एक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की सोमवार को घोषणा की। इस कदम का लक्ष्य सालाना 180 वाणिज्यिक पायलट को प्रशिक्षित करना है। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि बेलोरा हवाई अड्डे पर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) लाइसेंस प्राप्त उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा संस्थान होगा। यह अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तैयार हो जाएगा।

आरबीआई-आसियान त्वरित सीमापार खुदरा भुगतान के लिए मंच बनाएंगे

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई और आसियान देशों ने सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक मंच बनाने का फैसला किया है। इस मंच के 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि वह 'प्रोजेक्ट नेक्सस' में शामिल हो गया है, जो घरेलू त्वरित भुगतान प्रणाली (एफपीएस) को आपस में जोड़कर सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है। बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के नवाचार केंद्र ने प्रोजेक्ट नेक्सस को तैयार किया है। प्रोजेक्ट नेक्सस का मकसद चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत के एफपीएस को जोड़ना है। भारत इस मंच का संस्थापक सदस्य और पहला प्रस्तावक देश होगा। इस आशय के एक समझौते पर बीआईएस और संस्थापक देशों के केंद्रीय बैंकों - बैंक नेगारा मलेशिया (बीएनएम), बैंक ऑफ थाईलैंड (बीओटी), बैंगको सेंट्रल एनजी फिलीपींस, मॉनेटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर और आरबीआई ने रविवार को स्विट्जरलैंड के बेसल में हस्ताक्षर किए हैं।

बिजली खपत जून में करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट

नई दिल्ली। देश में बिजली खपत जून में सालाना आधार पर करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट रही। भीषण गर्मी के कारण घरों और दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का अत्यधिक इस्तेमाल इसकी मुख्य वजह रही। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2023 में बिजली की खपत 140.27 अरब यूनिट थी। एक दिन में सर्वाधिक आपूर्ति (पूरी की गई अधिकतम मांग) भी जून 2024 में बढ़कर 245.41 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 223.29 गीगावाट थी।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि जून में बढ़ी, रोजगार में रिकॉर्ड उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मई के पीएमआई 57.5 की अपेक्षा बढ़कर 58.3 हो गया

भारत के विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन जून में तेज गति से बढ़ा है। अनुकूल मांग परिस्थितियों के बीच नए ठेके मिलने जारी रहे और इसके परिणामस्वरूप रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि हुई।

सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जून में बढ़कर 58.3 हो गया जो मई में 57.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। जून के आंकड़ों के अनुसार भारत में विनिर्माताओं की बिक्री में मजबूत वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत अंतर्निहित मांग, उच्च निर्यात और सफल विज्ञापन के कारण हुई। नए ठेके मिलने में लगातार बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप कंपनियों द्वारा भर्ती में तेजी आई। रोजगार सृजन की दर तेज हुई और मार्च 2005 में डेटा संग्रह शुरू होने के बाद से मजबूत रही।

राष्ट्रीय

कमान संभालने के बाद पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद पर बोले थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

भारतीय सेना सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है।

देश के 13 लाख सैनिकों वाले मजबूत बल की कमान संभालने के एक दिन बाद उन्होंने कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में नव नियुक्त सेना प्रमुख ने कहा कि सेना अनूठी अभियानगत चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे खतरों के लिए तैयार रहने के वास्ते यह महत्वपूर्ण है कि सैनिकों को आधुनिक हथियार मुहैया कराए जाएं। उन्होंने कहा-मुझे सौंपी गयी जिम्मेदारियों के प्रति, मैं पूरी तरह सजग हूं और मैं देश तथा सभी नागरिकों को आश्वस्त करता हूं कि भारतीय सेना सभी मौजूदा व भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि वह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे।

जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में 30वें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। ● एजेंसी

सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा के प्रतिबद्ध

जनरल द्विवेदी ने कहा कि वह सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा तथा पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा-यह सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता होगी कि भारतीय सेना के सभी अधिकारियों तथा सैन्य नागरिकों के हितों की रक्षा हो। उन्होंने कहा-भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के प्रति मेरी जिम्मेदारी एक पवित्र प्रतिबद्धता है और मैं इस विस्तारित परिवार को अपना पूर्ण सहयोग देता हूं। जनरल द्विवेदी ने साउथ ब्लॉक में अपने रस्मी स्वागत के मद्देनजर धार्मिक नेताओं के समूह से संक्षिप्त बातचीत की। मध्य प्रदेश के रीवा स्थित सैनिक स्कूल के छात्र रहे जनरल द्विवेदी 1984 में भारतीय सेना की जम्मू कश्मीर राइफल्स में शामिल हुए थे। जनरल द्विवेदी 19 फरवरी से सेना के उप-प्रमुख का कार्यभार संभाल रहे थे। वह उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे थे।

तेलंगाना हाईकोर्ट ने की केसीआर की याचिका खारिज

हैदराबाद। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सोमवार को बिजली क्षेत्र में कथित अनियमितताओं में जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग की वैधता पर सवाल उठाने वाली बीआरएस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने पिछली सरकार के फैसलों की जांच की जरूरत को सही ठहराने वाले सरकार के तर्क से सहमत होकर केसीआर द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना सरकार ने यदाद्री और भद्राद्री ताप विद्युत स्टेशनों के निर्माण में अनियमितताओं के आरोपों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के साथ बिजली खरीद समझौतों की जांच के लिए इस साल 14 मार्च को न्यायमूर्ति एल नरसिम्हा रेड्डी की अध्यक्षता में एक आयोग नियुक्त किया था।

कोर्ट ने बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

भ्रष्टाचार, धनशोधन मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के दो मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कविता की याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति शर्मा ने 28 मई को कविता की दो जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

कविता ने निचली अदालत के छह मई के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के भ्रष्टाचार मामले के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धनशोधन मामले में उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। बीआरएस नेता के वकील ने दलील दी की कि मामले में आरोपी बनाए गए 50 लोगों में कविता एकमात्र महिला हैं और अदालत से उनके महिला होने के नाते जमानत देने की गुहार लगाई। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता प्रभावशाली महिला है और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं।

कविता दोनों मामलों में न्यायिक हिरासत में है। यह घोटाला दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है, जिसे बाद में रद कर दिया गया था।

एक नजर

एक ही परिवार के पांच लोगों ने कर ली आत्महत्या

अलीराजपुर/भोपाल। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में सोमवार को एक दंपति और उनके तीन बच्चों के शव घर में लटके मिले। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस अधिकारी ने कहा-सोंडवा तहसील के रावड़ी गांव में पांच लोगों की मौत की सूचना सोमवार सुबह सात बजे मिली। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए अलीराजपुर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) की अगुवाई में एक टीम गठित की गई है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान राकेश डोडवा (27), उनकी पत्नी ललिता डोडवा (25) और उनके बच्चों लक्ष्मी (9), प्रकाश (7) और अक्षय (5) के रूप में हुई है।

बारामूला में आतंवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर इलाके में आतंवादियों के एक संदिग्ध सहयोगी को पकड़ा है। पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के जवानों ने रविवार देर रात सोपोर में एक संयुक्त चौकी स्थापित की थी। अधिकारियों ने कहा, जांच में एक वाहन को रोका गया। तो चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया।

राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष पद की गरिमा घटाई : वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी

- सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कांग्रेस नेता पर लगाया आरोप

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और किरेन रीजीजू ने सोमवार को राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने लोकसभा में अत्यधिक गैर जिम्मेदाराना भाषण देकर नेता प्रतिपक्ष के जिम्मेदारी भरे पद की गरिमा को कम किया है। उन्होंने गांधी पर हिंदुओं को कथित तौर पर हिंसा से जोड़ने और झूठ फैलाकर उनका गंभीर अपमान करने का आरोप भी लगाया।

वहीं भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस का हिंदुओं का अपमान करने का इतिहास रहा है। इस दौरान उन्होंने पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम और सुशील कुमार शिंदे के धर्म को लेकर किए गए कथित आतंकवाद संबंधी कटाक्ष का हवाला दिया। त्रिवेदी ने कहा कि गांधी ने इस बार एक सांसद के रूप में शपथ भगवान के नाम पर नहीं ली। उन्होंने पूछा-वर्ष 2014 में उन्होंने हिंदी में 'ईश्वर' के नाम पर शपथ ली थी। वर्ष 2014 के बाद से ऐसा क्या बदलाव आया है? संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा ने सदन में गांधी के भाषण में किए गए कई दावों को चुनौती दी है और लोकसभा अध्यक्ष से कार्रवाई करने की मांग की है। 'अग्निपथ योजना' और अयोध्या में विकास परियोजनाओं के दौरान वहां के निवासियों के लिए मुआवजे को लेकर गांधी की ओर से लगाए गए आरोपों की आलोचना करते हुए संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि उन्हें अपनी बात साबित करनी होगी या माफी मांगनी होगी। वैष्णव ने कहा कि स्थानीय दुकानदारों और अन्य लोगों को 1,253 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा दिया गया और उनके पुनर्वास में मदद की गई। रीजीजू ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने भी सदन में अध्यक्ष बिरला से गांधी द्वारा किए गए दावों को सत्यापित कराने का आग्रह किया क्योंकि वह भ्रामक दावे करके बच नहीं सकते।

फरीदाबाद में कांग्रेस नेता के भाई की गोली मारकर हत्या

फरीदाबाद, एजेंसी

- रंजिश के चलते वारदात को दिया गया अंजाम

फरीदाबाद में कांग्रेस के स्थानीय नेता ज्योतिंद्र भड़ाना (रिंकू) के छोटे भाई की रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब सवा 11 बजे मस्जिद चौक के पास गांव नवादा कोह के निवासी कुणाल भड़ाना की हत्या कर दी गई। ज्योतिंद्र भड़ाना की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, कुणाल अपने एक दोस्त के साथ मस्जिद चौक के पास खड़ा था तभी विजय, बिल्लू और दो अन्य वहां पहुंचे और उससे बहस करने लगे। ज्योतिंद्र ने बताया कि उनके भाई की विजय और बिल्लू के साथ पुरानी रंजिश थी।

कांग्रेस नेता ने शिकायत में कहा-भाई के दोस्त से सूचना मिलने के बाद मैं मौके पर पहुंचा। मैंने देखा कि बिल्लू ने मेरे भाई का हाथ पकड़ा हुआ था और विजय ने उसके सीने में गोली मार दी। इसके बाद वे कार से भाग गए। अन्य की मदद से मैं कुणाल को सेक्टर 21-ए स्थित एशियन अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद विजय, बिल्लू और दो अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

कोर्ट ने टीएमसी नेता साकेत गोखले पर लगाया 50 लाख का हर्जाना

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को टीएमसी नेता साकेत गोखले को स्विट्जरलैंड में संपत्ति खरीद को लेकर पूर्व राजनयिक लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी के खिलाफ अपमानजनक ट्वीट करने के लिए उनसे माफी मांगने और 50 लाख रुपये का हर्जाना देने का निर्देश दिया। संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव की ओर से दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने टीएमसी सांसद को उनके द्वारा लगाए आरोप के संबंध में किसी भी सोशल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मंच पर कोई भी सामग्री प्रकाशित करने से रोक दिया। कोर्ट ने आदेश में कहा कि आपत्तिजनक ट्वीट मानहानिकारक हैं और इससे वादी की प्रतिष्ठा को अनावश्यक कानूनी क्षति पहुंची है, जिसके लिए निवारण आवश्यक है।

मॉब लिंचिंग के वीडियो के बाद भी दोषियों पर नहीं हो रही कार्रवाई

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार: देश भर में मॉब लिंचिंग की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, इनके वीडियो भी सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी शरारती तत्वों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। राजनीतिक दलों के खिलाफ इस बात पर गुस्सा जाहिर करते हुए ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत ने कहा है कि मुसलमानों को वोट बैंक समझने वाली सियासी पार्टियों को भी इस मुद्दे पर घेरा जाएगा। सरकार को समझना चाहिए कि जो लोग देश में सौहार्द को बिगाड़कर भाईचारा बर्बाद करने की कोशिश कर रहे हैं, वे लोग देश के वफादार नहीं हैं। यह बात सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित पत्रकार वार्ता में मशावरत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जफरुल इस्लाम खां ने कही।

पत्रकार वार्ता

- मशावरत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जफरुल इस्लाम खां बोले
- कहा-नफरती बयानबाजी का सिलसिला होना चाहिए बंद

मशावरत के अध्यक्ष ने कहा कि तमाम सियासी पार्टियों को मुसलमानों का वोट तो चाहिए लेकिन वह उनके लिए कुछ करना नहीं चाहती हैं। मुल्क में मुसलमानों की आबादी 20 करोड़ है, इसके बावजूद सियासी पार्टियां अपने कार्यक्रम, रैलियों में मुसलमान को मुसलमान कहने से कतराती हैं। इन हालात से कैसे निकलना है, इस पर मुसलमानों को विचार करना चाहिए। मशावरत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि मुल्क में इतनी बड़ी आबादी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हालात ये हैं कि मुसलमानों के खिलाफ कोई कुछ भी बोले, ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं होती है। लेकिन मुसलमान अगर नफरत भरे बयान का जवाब दें तो कुछ ही घंटों में पुलिस उनके घर पर पहुंच जाती है। नफरती बयानबाजी का सिलसिला बीते दो दशक से चल रहा है, जिसे अब बंद होना चाहिए। नफरती बयानबाजी करने वाले लोगों के हौसले बुलंद इसलिए हैं क्योंकि उनकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है।

वार्ता करते ऑल इंडिया मुस्लिम मशावरत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जफरुल इस्लाम खां एवं प्रो. मोहम्मद सुलेमान।

इस मौके पर मौलाना अताउर्ररहमान ने कहा कि मशावरत केवल मुसलमान ही नहीं बल्कि दलित, सिख, ईसाई समेत अत्याचार का शिकार होने वाले सभी लोगों के लिए आवाज उठाने वाली तंजीम है। मासूम मुरादाबादी ने कहा कि आज हमें अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। इस दौरान मशावरत के महामंत्री सैयद तहसीन अहमद, मोहम्मद शम्स, अबरार अहमद आदि मौजूद रहे।

तीनों सफेद मिल गए, लाल बाकी है: द्रविड़

ब्रिजटाउन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान कोच राहुल द्रविड़ ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को टी20 विश्व कप जीतने के कुछ घंटे बाद और अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भी एक काम सौंपा है। द्रविड़ ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के जश्न के वीडियो में कोहली से कहा तीनों सफेद तो हासिल कर लिए, एक लाल बाकी है। उसे भी हासिल कर लो।

आईसीसी ने इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो डाला है। तीन सफेद से आशय टी-20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी है जो कोहली ने जीत रखे है। अब बस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतना बाकी है। भारत दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल (2021 में न्यूजीलैंड से और 2023 में आस्ट्रेलिया से) हार चुका है। 35 वर्ष के कोहली ने विश्व कप जीतने के साथ टी-20 क्रिकेट से विदा ले ली। वह द्रविड़ के इस बयान पर मुस्कुराकर रह गए। इस वीडियो में सूर्यकुमार यादव भी हैं जिन्होंने फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच लपका था। इस उपलब्धि को समझने में उन्हें कम से कम दो दिन लगेंगे। अभी कुछ महसूस नहीं हो रहा। समझ में नहीं आ रहा कि क्या कहूं। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा आत्मविश्वास से क्या हासिल नहीं हो सकता। भारतीय टीम फिलहाल बारबडोस में ही है क्योंकि तूफान बेरिल की चेतावनी के कारण उड़ान सेवाएं निरस्त हैं। भारतीय टीम को दुबई के रास्ते न्यूयॉर्क से अमीरात की उड़ान लेनी थी। एक सूत्र ने बताया कि टीम को चार्टर्ड उड़ान से वापिस लाया जा सकता है। भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ, परिवार और अधिकारियों समेत 70 सदस्य हैं।

कार्तिक होंगे आरसीबी के बल्लेबाजी कोच, मेंटॉर

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपना बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद कार्तिक इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र से आरसीबी के खिलाड़ियों को बल्लेबाजी के गुर सिखाते नजर आएंगे।

कार्तिक ने आरसीबी के बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्ति को लेकर जारी प्रेस विज्ञप्ति में एक बयान में कहा, पेशेवर स्तर पर कोचिंग करने का अवसर पाकर मैं काफी उत्साहित हूं। यह मेरे जीवन का एक नया अध्याय है। मैं उम्मीद करता हूं एक खिलाड़ी के तौर पर मिले अपने अनुभव आरसीबी को दे पाऊंगा। कार्तिक आईपीएल में कुल छह टीमों का हिस्सा रहे। उन्होंने में केकेआर के लिए कप्तानी भी की है।

श्रीलंका दौरे पर जाएंगे नए कोच : शाह

ब्रिजटाउन, एजेंसी

- गौतम गंभीर के नाम की लगाई जा रहीं अटकलें
- तूफान के चलते बारबडोस में फंसी भारतीय टीम

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच इस महीने के आखिर में श्रीलंका में सीमित ओवरों की श्रृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राहुल द्रविड़ के जाने के बाद किसके नाम पर मुहर लगी है। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के नाम की अटकलें लगाई जा रही है । क्रिकेट सलाहकार समिति ने गंभीर और भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यू वी रमन के इंटरव्यू लिए हैं।

शाह ने कहा कि एक चयनकर्ता की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। शाह टी-20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज आए हैं जिसमें भारत ने फाइनल में श्रीलंका को सात रन से हराकर खिताब जीता। शाह ने कहा कोच और चयनकर्ता की नियुक्ति जल्द ही होगी। सीएसी ने दो उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए हैं और मुंबई जाने के बाद जो उनका फैसला होगा, हम उस पर अमल करेंगे। जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण जाएंगे लेकिन नया कोच श्रीलंका श्रृंखला से ही जुड़ेगा। टीम 27 जुलाई से तीन टी-20 और तीन वनडे खेलने श्रीलंका जाएगी। हार्दिक के प्रदर्शन और रोहित के बाद उनके कप्तान बनने की संभावना पर शाह ने कहा कप्तानी का फैसला चयनकर्ता करेंगे। सम्मान समारोह की बीसीसीआई योजना बना रही है लेकिन तूफान की चेतावनी के कारण बारबडोस हवाई अड्डा बंद है और टीम यहीं फंसी हुई है। शाह ने कहा हम भी यहां फंसे हुए हैं।

भारतीय महिला टीम ने जीती श्रृंखला

दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय महिला टीम के खिलाड़ी व अन्य सदस्य। ● एजेंसी

टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया, राणा बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

चेन्नई, एजेंसी

ट्रॉफी के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर। ● एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिये 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाये 9.2 ओवर में हासिल कर लिया।

भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था। पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया। लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा।

वोल्वार्ट ने पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी-20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। काप को दीप्ति शर्मा ने 31 के स्कोर पर पगबाधा आउट किया। वहीं स्नेह राणा ने डेल्मी टकर को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। लंच के बाद सिनालो जाफ्टा रिटायर्ड हर्ट हो गई जबकि एन्ने डेर्कसन पांच रन बनाकर पूजा वस्त्राकर का शिकार हुई। डि क्लेर्क और मसाबाटा क्लास ने 23 रन की साझेदारी करके टीम को पारी की हार से बचाया।

वहीं पहली पारी में भारत की शेफाली वर्मा (205) के एतिहासिक दोहरे शतक और स्मृति मंधाना (149) की शतकीय पारी की मदद से भारत ने छह विकेट पर 603 रन पर घोषित कर दी थी। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिये 292 रनों की रिकार्ड साझेदारी की। इसके बाद स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिए मुफीद चेपॉक की सपाट पिच पर मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली थी। स्नेह राणा के शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: 603/6 (पारी घोषित)
दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 266/10
प्लेयर ऑफ द मैच स्नेहा राणा

द. अफ्रीका (फॉलोऑन) 373/10 (154.4 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
लॉरा वुलवार्टर पगबाधा राजेश्वरी	122	314	16/0
ऐनेक बॉश पगबाधा दीप्ति	9	18	2/0
सुने लुस बो हरमनप्रीत	109	203	18/0
मारिजाने काप पगबाधा दीप्ति	31	82	3/0
डेलमी टकर का रोड्रिग्स बो राणा	0	3	0/0
नाडिने डि क्लार्क बो राजेश्वरी	61	185	8/1
सिनालो जाफ्ता का शुभा बो राणा	15	36	2/0
एन्नेरी डर्कसन पगबाधा वस्त्राकर	5	17	1/0
तुमी सेखुखुने रन आउट (राजेश्वरी)	6	35	1/0
मासाबाटा क्लास बो शेफाली	2	33	0/0
नोनकुलुलेको म्लाबा नाबाद	1	5	0/0

अतिरिक्त: 12, गेंदबाजी: रेणुका 10-1-30-0, राणा 40-12-111-2, वस्त्राकर 16-7-35-1, दीप्ति 45-10-95-2, राजेश्वरी 30.4-12-55-2, शेफाली 3-1-7-1, हरमनप्रीत 10-0-31-1

भारत दूसरी पारी 37/0 (9.2 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
शुभा सतीश नाबाद	13	26	1/0
शेफाली वर्मा नाबाद	24	30	3/1

गेंदबाजी: म्लाबा 5-0-18-0, टकर 4.2-0-19-0

खेल डायरी

अफगानिस्तान की महिला क्रिकेटरों ने शरणार्थी टीम गठित करने का किया आग्रह

मेलबर्न। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर उतरने का सपना संजोय ऑस्ट्रेलिया में आत्म-निर्वासन में रह रही अफगानिस्तान की 17 महिला क्रिकेटरों ने आईसीसी को पत्र लिख कर एक टीम गठित करने में मदद करने की मांग की है। तालिबान ने 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता हासिल करने के बाद महिला टीम को भंग कर दिया था। अफगानिस्तान की पुरुष टीम ने पहली बार टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाकर सुर्खियां बटोरी लेकिन तालिबान के राज से पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से अनुबंधित महिला खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में शरणार्थी के तौर पर रह रहीं हैं।

इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर शुभंकर

रोम। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा तीन होल के अंदर एक बोगी और एक डबल बोगी करने के बाद इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर रहे। शुभंकर तीसरे दिन के बाद चार खिलाड़ियों के साथ तालिका में शीर्ष पर थे लेकिन दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद वह पांचवें स्थान पर खिसक गये। उनका कुल स्कोर आठ अंडर रहा। उन्होंने 13वें होल तक दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये थे लेकिन वह 14वें होल में डबल बोगी और 16वें होल में बोगी कर बैठे।

भारतीय बधिर टीम ने टी-20 श्रृंखला जीती

नई दिल्ली। भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने लीसेस्टर में सातवें और अंतिम टी-20 मैच में मेजबान इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 5-2 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को चार विकेट पर 164 रन पर रोक दिया और फिर अभिषेक सिंह (68) तथा उमर अशरफ (56) के अर्धशतकों की मदद से चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 46 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन अभिषेक और अशरफ ने 95 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई।

क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से हारा भारत

नई दिल्ली। भारत को बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया ने 3-2 से हरा दिया। भारतीय खिलाड़ी अब व्यक्तिगत मुकाबलों में भाग लेंगे। भारत ने मिश्रित युगल टीम में बदलाव करते हुए संस्कार सारस्वत के साथ श्रावनी वालेकर को उतारा। दोनों ने कांग खाइ किंग और एन मेइसाराह की जोड़ी को 21-16, 13-21, 21-17 से मात दी। इसके बाद तन्वी यार्मा ने सिति जुलैखा को एकल वर्ग में 21-15, 15-21, 22-20 से हराकर भारत की बढत दुगुनी कर दी। प्रणय शेट्टिगर को एकल वर्ग में मुहम्मद फैक ने 15-21, 21-18, 21-19 से मात दी। वालेकर और नव्या कंडेरी को बुइ ओंग शिन यि और कारमेन तिंग ने 21-16, 21-15 से हराया। लड़कों के युगल वर्ग में भार्गव एरिगेला और अर्श मुहम्मद को कांग और आरोन तेइ ने 21-18, 21-10 से शिकस्त दी।

आनंद ने 10वीं बार जीता लियोन मास्टर्स खिताब

लियोन (स्पेन)। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैंपियन बनें। आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था। इस प्रारूप में चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल में लटासा ने 2.5-1.5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था।

प्रज्ञानानंदा को वेस्ली सो ने बराबरी पर रोका

बुकारेस्ट (रोमानिया)। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर शानदार स्थिति में होने बावजूद अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रहे और यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। इस दौरान दिन के पांचों मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। अमेरिका के फैबियानो कारूआना 3.5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा उनसे आधा अंक पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

ओसीए ईबी ने योग को शामिल करने पर जताई सहमति

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर सहमति जताई है और ओसीए की आमसभा से मंजूरी मिलने पर इसे खेलों में स्थान मिल जाएगा। उषा ने कहा कि ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने उन्हें ईबी के फैसले के बारे में बताया। उन्होंने आईओए की विज्ञप्ति में कहा मुझे खुशी है कि ओसीए के कार्यकारी बोर्ड ने भारत के अनुरोध पर योग को वह मान्यता देने पर मंजूरी जताई है जिसका वह हकदार है। अब यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए आमसभा की खेल समिति के पास जाएगा।

आईओए ईसी सदस्यों ने पेरिस यात्रा के लिए कोई भत्ता न लेने का किया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

- परिषद के सदस्यों ने कहा- एथलीटों से अधिक भत्ता लेने से होगा छवि को नुकसान

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद (ईसी) के सदस्यों ने पेरिस ओलंपिक के दौरान यात्रा भत्ता नहीं लेने का फैसला किया है। परिषद के सदस्यों को इस बात की चिंता है कि अगर वे पेरिस ओलंपिक के लिए एथलीटों से अधिक भत्ता स्वीकार करेंगे तो उनकी छवि को नुकसान होगा।

आईओए की कार्यकारी परिषद ने यह भी कहा कि वे विदेश यात्रा के लिए सरकारी धन पर निर्भर नहीं है क्योंकि सभी सदस्य अच्छी पृष्ठभूमि से आते हैं। बजट अनुमान के मुताबिक आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्यों को प्रतिदिन 300 डॉलर (लगभग 25,000 रुपये) मिलने थे। सदस्यों को उनकी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान आवास के लिए प्रति दिन अतिरिक्त 1000 डॉलर (लगभग 84,000 रुपये) भी मिलने थे। ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का भत्ता प्रति दिन 50 डॉलर तय किया गया था, जबकि ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल के लिए प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग से दो लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी। ईसी के एक सदस्य ने कहा हां, हमने इस मुद्दे पर चर्चा की। अधिकांश सदस्य इस बात पर सहमत थे कि हमें यह भत्ता स्वीकार नहीं करना चाहिए। इससे जनता में गलत संदेश गया है और इसे सुधारने की जरूरत है। ईसी के सभी सदस्य आर्थिक रूप से संपन्न हैं। उन्हें ऐसी यात्राओं के लिए सरकारी कोष पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।

अलकराज ने जीत से शुरू किया सफर

लंदन, एजेंसी

मेकार्टनी केसलर के खिलाफ शॉट लगातीं मारिया सक्कारी। ● एजेंसी

गत चैंपियन कार्लोस अलकराज ने विंबलडन के पहले दौर में सोमवार को यहां क्वालीफायर मार्क लाजल पर सीधे सेटों में 7-6 (3), 7-5, 6-2 जीत दर्ज की। विश्व रैंकिंग में 269 वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी लाजल ने हालांकि शुरुआती दो सेट में स्पेन के खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी। तीसरी वरीयता प्राप्त 21 साल के अल्काराज ने भी माना कि एस्तोनिया के खिलाड़ी ने उन्हें आश्चर्यचकित किया।

तीन सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन में अपनी तीसरी बड़ी चैंपियनशिप जीतने वाले अल्काराज ने पिछले साल विंबलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह सोमवार के मैच से पहले घबराए हुए थे। उन्होंने कहा, जब मैं कोर्ट पर उतरा मेरे रोंगटे खड़े हो गए। मुझे पिछला साल याद आ गया। यह बहुत अच्छा एहसास था। पुरुष एकल के अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर कोवासिक को 6-3, 6-4, 6-2 से और आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड ने एलेक्स बोल्ट को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। गैर वरीयता प्राप्त कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने 19वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस जैरी को 6-1, 7-5, 6-4 से हराया। मारिया सक्कारी ने महिला एकल के अपने शुरुआती मुकाबले में मेकार्टनी केसलर 6-3, 6-1 से आसानी से शिकस्त दी। पिछले महीने फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी अपने चौथे प्रयास में पहली बार विंबलडन के पहले दौर की बाधा को पार करने में सफल रही। इटली की इस खिलाड़ी ने सारा सोरिब्स टोर्मो को 7-5, 6-3 से हराया।

बजरंग ने लगाया आरोप, अहंकार में डूबा नाडा खत्म करना चाहता है मेरा करियर

नई दिल्ली, एजेंसी

- डोप टेस्ट के चलते पूनिया दो बार हो चुके है निलंबित

पहलवान बजरंग पुनिया ने सोमवार को आरोप लगाया कि खामियों को उजागर करने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की उनके करियर को खत्म करना चाहता है।

नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए नमूने नहीं दिये थे। डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) से हालांकि बजरंग को राहत मिल गयी थी लेकिन नाडा ने 24 जून को बजरंग को दूसरी बार निलंबित कर दिया था। एडीडीपी ने पहला निलंबन इस आधार पर हटा दिया था कि नाडा ने पहलवान को औपचारिक नोटिस देकर डोपिंग का आरोप नहीं लगाया था। नाडा ने उन्हें नोटिस जारी किया और उन्हें फिर से निलंबित कर दिया। बजरंग ने एक्स पर लिखा यह दर्शाता है कि नाडा मुझे कैसे निशाना बना रहा है, वे नहीं चाहते कि मैं किसी भी कीमत पर कुश्ती जारी रखू। उन्होंने दावा किया कि नमूना देने से इनकार नहीं किया, बल्कि केवल इस बात का जवाब मांगा था कि नाडा ने दिसंबर 2023 में नमूना संग्रह के लिए एक एक्सपायर हो चुकी किट क्यों भेजी थी। उनके पास कोई जवाब नहीं है और वे अपनी गलतियों की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते, वे सिर्फ अपने छुटकारे के लिए एथलीट को परेशान करना चाहते हैं।

जॉर्जिया को हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में

यूरो 2024

कोलोन (जर्मनी)। शुरूआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढ़त दे दी थी। इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच में लौटाया। निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किए। स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी से होगा। इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई जिसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था।

बेलिंगम के गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को हराया

गेलसेनकिरचेन। जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैड यूरो चैंपियनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जाएगा जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर 1-0 से आगे चल रहा था। बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजयी गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।

जीत के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

कोपा कप 2024

गोलरहित ड्रॉ के बाद इक्वाडोर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

ग्लेनडेल। इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैक्सिको ने दूसरे हाफ में कई हमले किए जिन्हें इक्वाडोर ने बचाया। अब इक्पाडोर का सामना गुरुवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है। वहीं, एडुअर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने ग्रुप बी के मैच में जमैका को 3-0 से हराया। वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनों मुकाबले जीत लिए हैं। कोच फर्नांडो बतिस्ता के बिना खेल रही थी जिन्हें मैदान पर देर से आने के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर फिलीपींस ने किया दावा

बढ़ा विवाद, चीन ने दूसरा पोत किया तैनात

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने अपने दूसरे विमान वाहक पोत शेनडोंग को फिलीपींस तट के नजदीक तैनात किया है और इसे इलाके में गश्त करते देखा गया है। चीन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब फिलीपींस ने विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर दावा किया है, जिस पर बीजिंग भी अपना दावा करता है।

चीन के सरकारी ग्लोबल टाइम्स समाचार पत्र में सोमवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, विमानवाहक पोत शेनडोंग, फिलीपींस के जलक्षेत्र में गश्त करता देखा गया। यह चीनी द्वीपों और टापुओं पर निरंतर फिलीपींस के उकसावे के खिलाफ एक प्रतिरोध के रूप में कार्य करता है। चीनी विशेषज्ञों के हवाले से अखबार ने कहा कि विमानवाहक पोत संभवतः एक निर्धारित अभ्यास पर है, जो इसे पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में संभावित सुदूर समुद्री यात्रा के लिए भी तैयार कर सकता है। शेनडोंग की तैनाती जनवादी मुक्ति सेना (पीएलए) द्वारा दक्षिण चीन सागर में बड़े और मध्यम विध्वंसक पोत सहित प्रमुख युद्धपोतों के साथ-साथ जल व थल पर जाने में सक्षम मुख्य जहाज को तैनात करने के बाद हुई है। यह कदम चीन का फिलीपींस के साथ समुद्र क्षेत्रीय संघर्ष बढ़ने के मद्देनजर उठाया गया है।

फिलीपींस के आइलेंड के निकट पहुंचा पोत।

- बीजिंग का विध्वंसक पोत में कई एयरक्राफ्ट हैं तैनात

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ने गठबंधन सरकार की घोषणा की

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने अपने नए राष्ट्रीय कार्यकारी मंत्रिमंडल की घोषणा की। जिसमें राष्ट्रीय एकता सरकार (जीएनयू) बनाने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के मंत्री शामिल हैं। रामफोसा ने राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल शुरू होने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद यह घोषणा की, क्योंकि दोबारा चुनाव में उन्हें कम बहुमत प्राप्त हुआ है, इसलिए उनकी पार्टी, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस को तीन दशकों में पहली बार सत्ता साझा करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

ब्रिटेन मे चुनाव

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक प्रचार अभियान के तहत यूनाइटेड किंगडम के मिडलैंड्स में प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां हेल्थ केयर वर्कर्स के साथ तस्वीर भी ली।

एक नजर

इजरायल में ड्रोन हमले में 18 सैनिक घायल

गाजा। इजरायल के उत्तरी शहर गोलान हाइट्स में एक ड्रोन हमले में 18 इजरायली सैनिक घायल हो गए। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। आईडीएफ ने रविवार को टेलीग्राम पर कहा कि सोमवार सुबह उत्तरी गोलान हाइट्स में एक विस्फोटक ड्रोन हमले में एक आईडीएफ सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया और 17 सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। लेकिन आईडीएफ ने यह नहीं बताया कि ड्रोन का प्रक्षेपण किसने किया या यह कहां से आया। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर स्थिति खराब हो गई। आईडीएफ और लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके रोजाना सीमा से लगे इलाकों में एक-दूसरे के ठिकानों पर गोलीबारी करते हैं।

आईएस के हमले में चार सीरियाई सैनिकों की मौत

दमिश्क। मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के हमले में चार सीरियाई सैनिक मारे गए। स्थानीय रेडियो स्टेशन के अनुसार, यह हमला पूर्वी होम्स के रेगिस्तानी क्षेत्र में रविवार को ताल शिहाब के एक सैन्य ठिकाने पर हुआ। लंदन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने हमले की रिपोर्ट में कहा कि आईएस के लोगों ने सैन्य अड्डे को निशाना बनाने के लिए मध्यम और हल्के हथियारों का इस्तेमाल किया।

अल्बानिया के उपन्यासकार इस्माइल कादरे का निधन

तिराना। अल्बानिया के विश्व विख्यात उपन्यासकार इस्माइल कादरे का यहां स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके प्रकाशन के संपादक ने सोमवार को यह जानकारी दी। वह 88 साल के थे। साहित्य के नोबेल पुरस्कार के संभावित दावेदार के रूप में कादरे के नाम का उल्लेख लंबे समय से होता रहा है। ओनफ्री पब्लिशिंग हाउस के संपादक बुजर हुधरी ने कहा कि प्रसिद्ध लेखक का सोमवार सुबह निधन हो गया।

उत्तर कोरिया ने दागी दो बैलिस्टिक मिसाइल

सोल। उत्तर कोरिया ने सोमवार को दक्षिण कोरिया की ओर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी। यह जानकारी दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने देश के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ का हवाला देते हुए दी। रिपोर्ट में कहा गया कि कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल ने लगभग 600 किलोमीटर (372 मील) की दूरी तय की, जबकि एक अन्य मिसाइल ने लगभग 120 किलोमीटर की दूरी तय की।

अमेरिकी सांसद बोले- हिंदुओं के प्रति घृणा नहीं करेंगे बर्दाश्त

सांसदों ने हिंदुओं को भेदभाव और हिंदूफोबिया के प्रति किया आश्वस्त

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में हिंदूफोबिया, अल्पसंख्यक, हिंदू समुदाय के विरुद्ध बढ़ते भेदभाव को लेकर आवाज तेज होती जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख अमेरिकी सांसदों ने इसके खिलाफ भारतीय अमेरिकियों को अपना समर्थन देने का वादा किया है। हिंदूफोबिया से आशय हिंदू धर्म और हिंदुओं के प्रति विरोधी और अपमानजनक दृष्टिकोण और व्यवहार करने से है। सांसदों ने कहा हिंदुओं के प्रति घृणा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) द्वारा आयोजित तीसरे राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस में 28 जून को कई हिंदू छात्रों, शोधार्थियों और सामुदायिक नेताओं ने भाग लिया तथा अमेरिका में रहने वाले हिंदुओं की चिंताओं पर चर्चा की। कांग्रेस सदस्य थानेदार ने वाशिंगटन में एक दिवसीय समर्थन दिवस में अपने संबोधन में कहा हम यहां हैं और हम लड़ रहे हैं।

थानेदार ने कहा आप सभी के पास जो आवाज है, वही आवाज कांग्रेस में हिंदू समुदाय के पास है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य थानेदार ने सदन में हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा वाला प्रस्ताव पेश किया है। इसमें हिंदू अमेरिकी समुदाय के योगदान की सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि वे हिंदूफोबिया, भेदभाव या नफरत के अन्य रूपों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

तीसरे राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस पर भारतीयों के साथ उपस्थित सांसद। ● एजेंसी

हिंदू समुदाय के साथ खड़े हैं रिपब्लिकन सांसद

कांग्रेस सदस्य रिच मैककॉर्मिक ने नीति निर्माण में हिंदू अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी समुदाय की निरंतर बढ़ती भागीदारी और अमेरिका के भविष्य को बदलने की इसकी क्षमता का स्वागत किया। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने हिंदू अमेरिकियों के योगदान का सम्मान करते हुए सदन के प्रस्ताव 1131 के प्रति अपने समर्थन की ओर ध्यान आकर्षित किया। रिपब्लिकन पार्टी के कांग्रेस सदस्य ग्लेन ग्रोथमैन ने समुदाय के साथ एकजुटता व्यक्त की। कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने पिछले दशक में समुदाय का समर्थन बढ़ने का जिक्र किया।

विरोध-प्रदर्शन का वीडियो पोस्ट करने पर दो पत्रकार गिरफ्तार

अल्जीयर्स। अल्जीरिया में अधिकारियों ने एक सरकारी कार्यक्रम में दुर्व्यवहार की शिकार महिला व्यवसायियों के विरोध प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो पोस्ट करने के लिए दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया। राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने के चार वर्ष पहले सत्ता में आने के बाद से पत्रकारों को कथित रूप से दमन का सामना करना पड़ रहा है। देश में मामूली आरोपों पर लंबे समय तक जेल की सजा भी हो सकती है।

कानूनी शुल्क बढ़ने के कारण कई समाचार प्रतिष्ठान भी बंद हो चुके हैं। स्थानीय निगरानी समूह नेशनल कमेटी फॉर द लिबरेशन ऑफ डिटेनी की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार समाचार वेबसाइट अल्जीरी स्कूप से संबंधित पत्रकार सोफियानी घिरोस और फरहत उमर को पिछले सप्ताह उकसाने वाली और नफरत फैलाने वाली भाषा के वीडियो प्रसारित करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। महिला स्टार्टअप संस्थापकों ने वीडियो में शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्रालय द्वारा आयोजित एक नवाचार कार्यक्रम के दौरान सरकार पर उन्हें अपमानित और उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से 18 कैदी भागे एक की गोली से मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी, जबकि तीन कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) स्थित एक जेल से कम से कम 18 खतरनाक अपराधी एक सुरक्षाकर्मी पर हमला करने के बाद फरार हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फरार कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना शुक्रवार को रावलकोट जेल में हुई जब एक कैदी ने सुरक्षाकर्मी को पिस्तौल का भय दिखाकर जेल की चाबियां छीन लीं।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि फरार होने वाले 18 कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी जबकि तीन अन्य कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि फरार होने की कोशिश कर रहे एक अन्य कैदी की गोली लगने से मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि वह (कैदी) पांच वर्ष कैद की सजा काट रहा था। पुलिस ने इलाके में व्यापक खोज अभियान शुरू किया है।

जेल प्रमुख तथा कुछ अन्य अधिकारि बर्खास्त : इस बीच, अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी और जेल प्रमुख तथा कुछ अन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि कुछ अधिकारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। समा टीवी की खबर के अनुसार, रावलकोट जेल के उपाधीक्षक समेत सात अधिकारियों को हिरासत में लेकर सुरक्षा उल्लंघन की जांच शुरू कर दी गई है। खबर के मुताबिक, सुरक्षा चूक के मद्देनजर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की सभी जेलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सरकार ने कैदियों के फरार होने के कारणों की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग के गठन का अनुरोध किया है।

ट्रंप का मामला निचली अदालत में वापस भेजा

वाशिंगटन, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने मुकदमे में छूट से जुड़े मामले की सुनवाई की

अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमे से छूट से जुड़े मामले को सुनवाई के लिए वापस निचली अदालत में भेज दिया है। इस कदम से ट्रंप के खिलाफ वाशिंगटन आपराधिक मामले में सुनवाई लंबी खिंच सकती है और इससे यह संभावना समाप्त हो गई कि पूर्व राष्ट्रपति पर नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मुकदमा चलाया जा सकता है।

ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को पलटने की साजिश रची थी। न्यायाधीशों ने 6-3 के ऐतिहासिक फैसले में पहली बार कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों को उनके आधिकारिक कृत्यों के लिए मुकदमे से पूर्ण छूट है, लेकिन अनाधिकारिक कृत्यों के लिए कोई छूट नहीं है। हालांकि, न्यायाधीशों ने निचली अदालत को आदेश दिया कि वे यह तय करे कि ट्रंप के मामले में निर्णय को कैसे लागू किया जाए। वहीं, रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं पूर्व राष्ट्रपति ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है और दावा किया है कि यह अभियोजन और तीन अन्य मामले उन्हें व्हाइट हाउस में वापस आने से रोकने के लिए राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। मई में, ट्रंप न्यूयॉर्क की अदालत में एक अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बने। उन्हें 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान एक पोर्न अभिनेत्री को पैसे दिये जाने के प्रकरण को छिपाने के लिये कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का दोषी पाया गया था।

श्रीलंकाई नेता संपन्थन का निधन, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

कोलंबो। श्रीलंका में तमिल नागरिकों के लिए शांति, न्याय और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करने वाले उदारवादी तमिल नेता आर संपन्थन का रविवार रात निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था।

संपन्थन ने 2004 से तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) का नेतृत्व किया और सिंहली बहुल देश में मुख्य विपक्षी नेता बनने वाले दूसरे तमिल बने। वह लंबे समय से बीमार होने के कारण संसद के मौजूदा सत्र में शामिल नहीं हो रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीलंकाई तमिल नेता के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा टीएनए के अनुभवी नेता आर संपन्थन के परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मोदी ने लिखा उनके साथ हुई मुलाकातों की यादें हमेशा संजोकर रखूंगा।

पेरिस में प्रदर्शन, आंसू गैस के गोले छोड़े

पेरिस, एजेंसी

पेरिस में प्रदर्शन के दौरान ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का उपयोग किया। यह जानकारी आरआईए नोवोस्ती ने सोमवार को दी। फ्रांस में संसदीय चुनावों के पहले दौर के पहले नतीजों की घोषणा के बाद पेरिस के प्लेस डे ला रिपब्लिक में प्रदर्शन शुरू हुआ। विरोध प्रदर्शन में एक हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

- ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथियों ने दिया भड़काऊ भाषण

प्रदर्शन कई घंटों तक शांतिपूर्ण रहा, फिर एकाएक ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथी युवा कार्रवाई में शामिल हो गए। कट्टरपंथियों ने पुलिस के खिलाफ भड़कना शुरू कर दिया, कूड़ेदानों में आग लगा दी और कैफे की खिड़कियां तोड़ दीं। धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी पहले दौर के चुनाव में 34.2% के साथ आगे चल रही है, इसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ का मध्यमार्गी गठबंधन क्रमशः 29.1% और 21.5% पर है।

पेरिस की सड़कों पर प्रदर्शन करते लोग।

मैक्रों का निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी का मुकाबला करने के लिए अपनी टीम को देश के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश दिया है। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने रविवार को कहाकि पहले एग्जिट पोल के अनुसार, नेशनल रैली 34.2 प्रतिशत के साथ पहले दौर के चुनावों में आगे चल रही है, उसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन 29.1 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्री मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन 21.5 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। श्री मैक्रों कथित तौर पर चुनावों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को एलीसी पैलेस में एक रणनीतिक बैठक करेंगे।

सिंगापुर में विपक्षी नेता प्रीतम सिंह वर्कर्स पार्टी के पुनः महासचिव बने

सिंगापुर। भारतीय मूल के विपक्ष के नेता प्रीतम सिंह को वर्कर्स पार्टी का महासचिव पुनः निर्वाचित किया गया है। पुनः निर्वाचित चेयरवुमैन सिल्विया लिम की अगुवाई में कुल 14 सदस्यों ने केंद्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) के लिए वोट दिया जो वर्कर्स पार्टी की शीर्ष निर्णय निर्धारण संस्था है। सिंह (48) को रविवार को निर्विरोध चुन लिया गया। वह 2018 से पार्टी के महासचिव हैं। सिंह ने पत्रकारों से कहा शानदार नतीजे।

हम अगले दो साल इस सीईसी के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। चैनल न्यूज एशिया ने सिंह के हवाले से कहा यह उम्मीदवारी के बारे में नहीं था, यह पार्टी का आंतरिक चुनाव था इसलिए मेरी टिप्पणियां उस तक ही सीमित रहेंगी। मीडिया की खबरों में कहा गया है कि दो साल के लिए चुने जाने वाली वर्कर्स पार्टी की सीईसी सिंगापुर के अगले आम चुनाव के लिए तैयार है जो नवंबर 2025 तक होने हैं लेकिन इन्हें इससे पहले भी कराया जा सकता है।

बॉलीवुड हलचल

अमिताभ ने बेटे अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 एडी अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ देखी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित फिल्म कल्कि 2898 एडी 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है।'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इस फिल्म ने अब तक 555 करोड़ का ग्रॉस कारोबार कर लिया है।अमिताभ बच्चन ने इस फिल्म में अश्वत्थामा का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। अमिताभ ने बेटे अभिषेक के साथ फिल्म कल्कि 2898 एडी देख ली है। अमिताभ ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि रविवारों का रविवार। बड़े पर्दे पर कुछ दोस्तों के साथ कल्कि देखी है। इसको पहली बार देखा। आईमैक्स में थिएटर्स का माहौल, खूबसूरती और सुविधाएं काफी प्रभावशाली थीं। सालों से बाहर नहीं निकला था, लेकिन प्रगति देखने के लिए बाहर निकलना बहुत संतोषजनक था।

13 सितंबर को रिलीज होगी करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की आने वाली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स, 13 सितंबर को रिलीज होगी। करीना कपूर इन दिनों हंसल मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म द बकिंघम मर्डर्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। बालाजी मोशन पिक्चर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने फिल्म के दो पोस्टर शेयर किए हैं और साथ ही इसकी रिलीज डेट भी बता दी है। पोस्ट शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। फिल्म द बकिंघम मर्डर्स एक मर्डर मिस्ट्री है। इस फिल्म में करीना कपूर खान के साथ रणवीर बरार, कीथ एलन और ऐश टंडन समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं। वहीं, इस फिल्म को शोभा कपूर, एकता कपूर और करीना कपूर ने प्रोड्यूस किया है और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर, राघव राज कक्कड़ ने इसे लिखा है।

14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी नखरेवाली

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार आनंद एल राय की आने वाली फिल्म नखरेवाली, 14 फरवरी 2025 में रिलीज होगी फिल्म नखरेवाली का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म नखरेवाली के नये पोस्टर में अंश दुग्गल और प्रगति श्रीवास्तव किस करते नजर आ रहे हैं। आनंद एल राय के कलर येलो प्रोडक्शंस और जियो स्टूडियोज के बीच दूसरा कॉलोबोरेशन होगा। फिल्म का निर्देशन राहुल शांकल्या कर रहे हैं, वहीं इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा लिख रही हैं।

जापान ने नए एच3 रॉकेट से पृथ्वी निगरानी उपग्रह किया प्रक्षेपित

तोक्यो। जापान ने सोमवार को एक नया महत्वाकांक्षी एच3 रॉकेट प्रक्षेपित करने के साथ ही आपदा प्रतिक्रिया और सुरक्षा के लिए एक उन्नत पृथ्वी निगरानी उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात कर दिया। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने बताया कि एच3 नंबर 3 रॉकेट ने दक्षिण पश्चिमी जापान के एक द्वीप पर तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 16 मिनट बाद तय योजना के अनुसार अपना पेलोड (उपग्रह) छोड़ा। उन्नत भूमि निरीक्षण उपग्रह या एएलओएस-4 को आपदा प्रतिक्रिया तथा मानचित्रण के लिए पृथ्वी की निगरानी करने तथा डेटा एकत्रित करने का काम सौंपा गया है। यह सैन्य गतिविधि जैसे कि मिसाइल प्रक्षेपण पर नजर रखने में भी सक्षम है। पहले यह प्रक्षेपण रविवार को किया जाना था लेकिन खराब मौसम के कारण इसमें देरी हुई।

नियुक्ति 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को दिया गया पद

ऑस्ट्रेलिया में दूसरी महिला गवर्नर जनरल नियुक्त

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को सैम मोस्टिन को अपना गवर्नर जनरल नियुक्त किया। 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को इस पद पर नियुक्त किया गया है। यह, वर्ष 2022 में महाराजा चार्ल्स तृतीय का कार्यकाल शुरू होने के बाद से इस तरह की पहली ऑस्ट्रेलियाई नियुक्ति है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी सरकार की ओर से भी यह पहली नियुक्ति है।

लेबर पार्टी सरकार ब्रिटिश क्राउन के स्थान पर ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रपति को राष्ट्र प्रमुख के रूप में नियुक्त करना चाहती है। कारोबारी महिला और लैंगिक समानता की पक्षधर सैम मोस्टिन ने ऑस्ट्रेलिया की 28वीं गवर्नर जनरल के रूप में शपथ ली। वर्ष 1901 के बाद से यह दूसरी बार है जब इस पद पर कोई महिला आसीन हुई है। वह 2005 में ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग की पहली महिला कमिश्नर भी रह चुकी हैं। नयी भूमिका में अपने पहले भाषण में मोस्टीन ने ऑस्ट्रेलिया की पहली महिला गवर्नर-जनरल क्वेंटिन ब्राइस को उद्धृत किया।

मोस्टीन ने कहा मैं एक आशावादी गवर्नर जनरल बनूंगी : मोस्टीन ने कहा मैं एक आशावादी, आज के दौर के साथ चलने वाली और सभी की पहुंच में रहने वाली गवर्नर-जनरल बनूंगी। मैं उस सेवा और योगदान के लिए प्रतिबद्ध रहूंगी जिसकी अपेक्षा ऑस्ट्रेलिया के सभी लोग करते हैं। मोस्टीन ने कहा कि उन्होंने इस भूमिका के बारे में जानने के लिए उन सभी पांच पूर्व गवर्नर जनरल से बातचीत की जो कि अभी जीवित हैं, जिनमें ब्राइस भी शामिल हैं। ब्राइस को लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा नियुक्त किया गया था और वे 2008 से 2014 तक इस पद पर रहीं।